RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 245
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 14 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




गढ़कालिका: महाकवि कालिदास की आराध्य देवी है उज्जैन में विराजमान

पेज - 11

नवमीं माता सिद्धिदात्री



मध्य कपाल में इनका ध्यान किया जाता है। सभी सिद्धियां प्रदान करती हैं।
मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं सिद्धिदात्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,737 | ▲ 453 | |
| निफ्टी | 18,161 | ▲ 170 | |
| सोना | 46,329 | ▲ 63 | /10 gm |
| चांदी | 60,788 | ▲ 371 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $36.01^{0}C$
न्यूनतम $22.01^{0}C$

## क्विक न्यूज

### अवंतीपोरा मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अवंतीपोरा के त्राल इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में एक आतंकी को मार गिराया। मारे गए आतंकी की पहचान आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के टॉप कमांडर शाम सोफी के तौर पर हुई है। माना जा रहा है कि त्राल के तिलवानी मोहल्ला में दो-तीन दहशतगर्द छिपे हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

### टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई ने बड़ी घोषणा की है। इस मेगा इवेंट के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च हो गई है। भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाली है। अभी टीम इंडिया की टी-20 जर्सी नेवी ब्लू रंग की है। इसी तरह की जर्सी 1992 विश्व कप में टीम इंडिया ने पहनी थी। नई जर्सी भी नेवी ब्लू रंग की है। ये भी कुछ-कुछ 1992 विश्व कप की जर्सी की तरह मिलती-जुलती है।

● विस्तृत खबर पेज-12

### गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। 100 लाख करोड़ रुपये की इस योजना के तहत रेल और सड़क समेत 16 मंत्रालयों को डिजिटली कनेक्ट किया जाएगा। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजक्ट्स में तेजी आएगी। इसके तहत शुरुआत में 16 ऐसे मंत्रालयों की पहचान की गई है जो बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम देखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को गति शक्ति योजना का ऐलान किया था।

### लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक की अधिकारी ने खुदकुशी की

**नई दिल्ली।** सेना की एक 43 वर्षीय महिला अधिकारी बुधवार को महाराष्ट्र में मिलिट्री इंटेलिजेंस ट्रेनिंग स्कूल एंड डिपो के परिसर में मृत पाई गई। घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ, जब कर्मचारी लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के अधिकारी को चाय देने गए थे। सेना और पुलिस को आशंका है कि यह आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने बताया कि वह गले में दुपट्टा लगाए लटकी हुई थी। पुलिस के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल ट्रेनिंग के लिए डिपो आई थी। पुलिस उपायुक्त नम्रता पाटिल ने कहा कि उनके कुछ घरेलू मसले थे और उन्होंने तलाक के लिए अर्जी दी थी।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


### छत्तीसगढ़ के सीएम ने आरएसएस पर किया बड़ा प्रहार

# भाजपा-आरएसएस की सांप्रदायिकता-धर्मांतरण में है मास्टरी: बघेल

**एजेंसी।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के कवर्धा में हुए सांप्रदायिक हिंसा के बहाने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठनों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरएसएस पर बड़ा जुबानी हमला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, इन लोगों की दो ही चीजों में मास्टरी है। एक धर्मांतरण और दूसरी सांप्रदायिकता। ये लोग हर छोटी घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कतई नहीं होने दिया जाएगा। बघेल ने कहा, अब इनके पास छत्तीसगढ़ में कोई मुद्दा रहा नहीं। ये लोग किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, व्यापार और उद्योग के बारे में बात नहीं कर सकते। धर्मांतरण और सांप्रदायिकता पर ही लड़ाने का काम कर रहे हैं।

कोरोना के कारण बहुत समय से व्यापार-कारोबार बंद था। अब जाकर खुला है तो ये लोग दंगा भड़काकर शहर को बर्बाद करेंगे। हम यह कतई नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी घटना को बिल्कुल हल्के में नहीं लेना है। ये छोटी सी घटना को भी बड़ा बनाना चाहते हैं। दो लोग लड़ेंगे तो हो सकता है, उसमें दोनों भाई हों। हो सकता है दो जातियों या दो अलग-अलग धर्मों के लोग हों। आपस में लड़ाई-झगड़ा हो ही जाता है। ये हर बात को सांप्रदायिकता का रंग देने की कोशिश करेंगे उस पर हमें कड़ी निगाह रखनी है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में आरएसएस के लोगों का 15 साल तक कोई काम नहीं हुआ। बंधुआ मजदूर की तरह काम करते रहे। आज भी इनकी कोई नहीं चलती। वो सब नागपुर से संचालित होते हैं। जैसे नक्सलियों के नेता आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दूसरे प्रदेशों में हैं। यहां के लोग केवल गोली चलाने और गोली खाने का काम करते हैं। आरएसएस की भी स्थिति यही है। यहां आरएसएस के लोगों का कोई वजूद नहीं है। जो कुछ है, वह नागपुर से है।



ये दंगा भड़काकर शहर को बर्बाद करेंगे, हम ऐसा होने नहीं देंगे

### रक्षामंत्री राजनाथ के दावे को भी किया खारिज

बघेल ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के उस दावे को भी खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी के कहने पर सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। इससे जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, लो यह नई बात आ गई। महात्मा गांधी उस समय कहां थे, वर्धा में, ये (सावरकर) कहां थे, सेल्युलर जेल में। दोनों का संपर्क कैसे हो गया? जेल में रहकर ही सावरकर ने दया याचिका लगाई। एक बार नहीं आधा दर्जन बार। उन्होंने बताया है कि एक बात और है। सावरकर, माफी मांगकर छूटने के बाद पूरी जिंदगी अंग्रेजों के साथ रहे। उनके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोले। यही नहीं अंग्रेजों के फूट डालो और राज करो के एजेंडे पर काम करते रहे। 1925 में जेल से बाहर आने के बाद सावरकर ने सबसे पहले दो राष्ट्र की बात की। यह जो पाकिस्तान और हिंदुस्तान की बात है, सावरकर ने 1925 में कही थी। 1937 में मुस्लिम लीग ने ऐसा ही प्रस्ताव पारित किया। इन दोनों (सावरकर और मुस्लिम लीग) सांप्रदायिक ताकतों ने देश के बंटवारे की पृष्ठभूमि तैयार की थी।

### ये सावरकर को ही राष्ट्रपिता बना देंगे : ओवैसी



वीर सावरकर को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सावरकर पर दिए बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने निशाना साधा है। दरअसल, भागवत और राजनाथ ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि वीर सावरकर को बदनाम करने के लिए आजादी के बाद से ही मुहिम चल रही है। इस पर ओवैसी ने कहा है कि इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो एक दिन वे महात्मा गांधी की बजाय सावरकर को राष्ट्रपिता बना देंगे। इतना ही नहीं ओवैसी ने ये भी कहा कि सावरकर ने अपनी रिहाई के लिए अंग्रेजों को माफीनामे के खत लिखे थे। यहां तक कि सावरकर पर महात्मा गांधी की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप थे और जस्टिस जीवन लाल कपूर की जांच में भी ये बात कही गई थी।

### स्किल डेवलपमेंट से होगा पर्यटन का विकास

# चीन-थाइलैंड पर्यटकों से उनकी भाषा में करेंगे बात

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोरोना** काल से पहले लाखों विदेशी पर्यटक भारत आते थे। वे तमाम पर्यटन स्थलों की सैर करते और अपने देश लौट जाते थे। केंद्र सरकार की कई योजनाओं से उन विदेशियों को काफी सहूलियत तो मिलती थी, लेकिन एक कमी फिर भी रह जाती थी। वह थी भाषा की कमी। दरअसल, इन विदेशियों और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत का माध्यम अक्सर अंग्रेजी भाषा होती थी। जहां यह माध्यम टूटता, वहां घूमने-फिरने का मजा भी किरकिरा हो जाता था। इस दिक्कत को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में भी स्किल डेवलपमेंट की योजना तैयार की। इसके तहत भारतीय युवाओं को चाइनीज, जापानी समेत अन्य भाषाएं सिखाई जा रही हैं, जिससे विदेशियों से वे उनकी ही भाषा में बातचीत कर सकें।

गौरतलब है कि कोरोना काल में लगभग बर्बाद हो चुके टूरिज्म सेक्टर को उबारने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। आंकड़ों की बात करें तो हर साल सिर्फ बिहार के बोधगया में ही करीब साढ़े छह लाख पर्यटक पहुंचते हैं, जबकि देशभर के बौद्ध स्थलों में आने वालों का आंकड़ा 40 से 50 लाख के आसपास है। कोरोना काल में इस आंकड़े में काफी गिरावट आ चुकी है। ऐसे में अब सरकार का फोकस इस संख्या को और ज्यादा बढ़ाने पर है, जिससे कोरोना का कहर कम होने के बाद विदेशी टूरिस्ट एक बार फिर तेजी से आ सकें। ऐसे में केंद्र सरकार लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रही है और सुविधाओं पर अपना ध्यान बढ़ा रही है। जानकारी के मुताबिक, युवाओं को विदेशी भाषाएं सिखाने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने एक प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इसके तहत युवाओं को लिंग्विस्ट टूरिस्ट फेसिलिटेटर यानी भाषाई पर्यटक सूत्रधार बनाया जा रहा है, जिसमें उन्हें थाई, जापानी, वियतनामी और चाइनीज आदि भाषाएं सिखाई जा रही हैं। इससे भारत आने वाले विदेशियों को उनकी ही भाषा में जानकारी मिलेगी, जिससे उन्हें पर्यटन स्थल घूमने-फिरने में ज्यादा आनंद आएगा। बताया जा रहा है कि इस योजना के तहत 2018 से 2020 तक कुल 525 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अब 2023 तक 600 और लोगों को सिखाने की योजना है। पर्यटन मंत्रालय के सचिव अरविंद सिंह ने बताया कि यह बेहद अहम कदम है। खासतौर पर बौद्ध धर्म से संबंधित पर्यटन स्थलों के लिए। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के अनुयायी एशिया के बड़े हिस्से में हैं। दुनियाभर में 97 फीसदी बौद्ध अकेले पूर्वी और दक्षिण पूर्व एशिया में रहते हैं। ऐसे में पर्यटकों के साथ भाषाई जुड़ाव विकसित करना काफी अहम है।




**2020** तक 525 लोगों को किया जा चुका है प्रशिक्षित

**2023** तक 600 और लोगों को सिखाने की है योजना

पर्यटकों के साथ भाषाई जुड़ाव विकसित करना है काफी अहम

जापानी, चाइनीज समेत कई भाषाएं सिखाई जा रही है

### ब्रिटेन झुका, भारत ने ब्रिटिश यात्रियों को भी दी राहत

**नई दिल्ली।** क्वारंटीन नियमों पर ब्रिटेन के झुकने के बाद अब भारत सरकार ने भी बुधवार को अपने संशोधित दिशानिर्देश को वापस ले लिया है। ये दिशानिर्देश ब्रिटेन के कड़े रुख अपनाने के बाद एक अक्टूबर 2021 को जारी किए गए थे। इसके तहत भारत सरकार ने ब्रिटेन से आने वाले लोगों के लिए वैक्सीन की डोज लगे होने के बावजूद 10 दिनों तक क्वारंटीन में रहना अनिवार्य कर दिया था और वह भी अपने खर्चे पर। इसके अलावा 72 घंटे पहले की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट लाना भी अनिवार्य कर दिया था। साथ ही भारत आने के आठ दिनों के बाद भी टेस्टिंग करवानी पड़ती थी। सरकार के इस नियम के बाद ब्रिटिश सरकार बैकफुट पर आ गई थी।

संशोधित दिशानिर्देश वापस लेने के बाद अब फरवरी में जारी किए गए दिशानिर्देश ही लागू रहेंगे। इसके तहत अब 10 दिनों तक क्वारंटीन नहीं रहना होगा और भी कई नियमों में छूट मिलेगी। भारत सरकार के सख्त रवैये के बाद ब्रिटेन बैकफुट पर आ गया था और एलान करते हुए कहा था कि 11 अक्टूबर से कोविशील्ड या यूके में मंजूरी पाए किसी अन्य वैक्सीन को लगवाने वाले भारतीय यात्रियों को क्वारंटीन नहीं किया जाएगा। भारत की सख्त चेतावनी के बाद सितंबर में ब्रिटेन ने कोविशील्ड को मान्यता तो दे दी थी, लेकिन इसमें एक पेंच फंसा दिया था। इसमें भारत में बने कोविशील्ड लेने वाले यात्रियों को 10 दिनों के लिए क्वारंटीन अनिवार्य कर दिया था। जिसके बाद भारत सरकार ने ब्रिटेन के इस रवैये पर सख्त रुख अपनाया था।

### उपराष्ट्रपति के अरुणाचल दौरे से चीन तिलमिलाया

**अरुणाचल।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश के दौरे से चीन तिलमिला गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा, चीन भारत के उपराष्ट्रपति की हाल की अरुणाचल यात्रा का कड़ा विरोध करता है। लिजियन ने कहा, चीन अरुणाचल को मान्यता नहीं देता है। भारत का इस इलाके पर दावा अवैध है। इस इलाके को चीन में झांगनान कहा जाता है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम ऐसी टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। भारतीय नेता नियमित रूप से राज्य की यात्रा करते हैं, जैसे देश के दूसरे राज्यों में करते हैं।

# सिविल एविएशन की वैट दरें घटाएगा हरियाणा

**गुरुग्राम में बनेगा हेली हब, उतरेंगे हेलीकॉप्टर**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### सीएम ने की नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ बैठक

**हरियाणा** सरकार ने गुरुग्राम में प्रदेश का पहला हेली हब स्थापित करने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार की इस योजना पर केंद्र सहमत हो गया है और केंद्र ने राज्य सरकार से इसके लिए जमीन का प्रस्ताव भेजने को कहा है। यह जानकारी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से हरियाणा की सिविल एविएशन परियोजनाओं के बारे में बैठक के बाद बताया कि हरियाणा की हेली हब योजना पर केंद्र सरकार सहमत हो गई है।

बहुत जल्द हरियाणा द्वारा इसके लिए जमीन तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी करके एक प्रोजेक्ट केंद्र को भेजा जाएगा। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं नागरिक उड्डयन मंत्री दुष्यंत चौटाला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चंडीगढ़ से जुड़े। उन्होंने कहा, गुरुग्राम में हेली हब बनने से इंटर सिटी और इंट्रा सिटी हेलीकाप्टरों का आवागमन शुरू होगा। जिससे दिल्ली में चल रहे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को मदद मिलेगी। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि यह हब हवाई अड्डों के आसपास के क्षेत्र में ही बनाए जाएं। हरियाणा में सिविल एविएशन पर वैट दरें कम किए जाने को लेकर भी केंद्र और राज्य सरकार में सहमति बन गई है। अब हरियाणा में सिविल एविएशन पर वैट दरें 20 प्रतिशत से कम करके 01 प्रतिशत रखी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने इस बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया, हिसार हवाई अड्डे के निर्माण को लेकर चल रही गतिविधियों पर केंद्र सरकार को रिपोर्ट दे दी गई है। यह हवाई अड्डा 2023 में पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। इसके अलावा करनाल तथा अंबाला हवाई अड्डे की स्थापना को लेकर भी केंद्रीय मंत्री से बातचीत हुई है।



### भिवानी और नारनौल में पायलट ट्रेनिंग स्कूल को मंजूरी

सीएम ने कहा, प्रदेश सरकार भिवानी और नारनौल में पायलट ट्रेनिंग स्कूल खोलना चाहती है। जिससे युवाओं को एक नए क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने में मदद मिलेगी। इस परियोजना को भी केंद्र ने मौखिक मंजूरी प्रदान कर दी है। बहुत जल्द सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया, हरियाणा सरकार प्रदेश में सिविल एविएशन यूनिवर्सिटी की स्थापना करना चाहती है। इसके लिए भी केंद्र की सहमति के साथ अधिकारियों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हाल में ड्रोन कारपोरेशन का गठन किया जा चुका है। बहुत जल्द प्रदेश सरकार द्वारा ड्रोन फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर व नागर विमानन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल भी मौजूद रहे।

### मॉब लिंचिंग: मामूली रंजिश में छात्र की पीट-पीटकर हत्या

**रेवाड़ी/महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ में एक पिछड़ी जाति के छात्र गौरव यादव (18) पर बेरहमी से लाठी-डंडे बरसाने का वीडियो सामने आया है। हमले में घायल छात्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वायरल वीडियो में बदमाश हमला करने के साथ ही बीच-बीच में छात्र को पानी भी पिलाते दिख रहे हैं। वारदात 9 अक्टूबर की है, लेकिन वीडियो अब सामने आया। मामले में महेंद्रगढ़ पुलिस ने आधा दर्जन नामजद सहित कई लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया है। एक आरोपी विक्की उर्फ फुकरा को गिरफ्तार किया गया है।

# स्टेयरिंग जाम होने से केजीपी एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी

### 12 सवारियां घायल

**पलवल।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह स्टेयरिंग जाम होने से सवारियों से भरी वॉल्वो पलटने से 4 बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए फरीदाबाद और दिल्ली के अस्पतालों में भिजवाया। पुलिस का कहना है कि घायलों के बयान दर्ज होने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

यूपी के हरदोई से 30-40 सवारियों को लेकर एक वॉल्वो बस बुधवार सुबह पानीपत जा रही थी। बस केजीपी एक्सप्रेस-वे पर चांदहट थाना क्षेत्र के जलाहाका गांव के पास पलट गई। बस पलटते ही सवारियों की चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने वाहन रोक कर घायलों की मदद करनी शुरू की और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए बीके अस्पताल फरीदाबाद में उपचार के लिए भेजा।

### रेवाड़ी में एम्स के निर्माण का रास्ता साफ

**चंडीगढ़।** रेवाड़ी जिले के गांव माजरा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परियोजना के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। किसानों को बहुत जल्द भूमि अधिग्रहण की अदायगी की जाएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश के सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डॉ. बनवारी लाल की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों और परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराने वाले किसानों के प्रतिनिधिमंडल की संयुक्त बैठक हुई। मनोहर लाल ने परियोजना के लिए अलग से बजट भी स्वीकृत करते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को किसानों की जमीन के लिए भुगतान प्रक्रिया जल्द आरंभ करने के निर्देश दिए।

# भरत सिंह बैनीवाल पलट सकते हैं ऐलनाबाद का चुनावी समीकरण

**सुधीर बैसला।** चंडीगढ़

### किसका साथ देगा बैनीवाल गोत्र



**ऐलनाबाद** का उप-चुनाव हरियाणा की राजनीति में बड़ा उलटफेर वाला साबित हो सकता है। ताऊ देवीलाल का गढ़ कहे जाने वाले इस क्षेत्र में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से अभय चौटाला ताल ठोंक रहे हैं। कथित धनकुबेर गोविंद कांडा सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मैदान में है। कांग्रेस ने रूठे कार्यकर्ता पवन सिंह बैनीवाल पर दांव लगाया है। राजनीतिक रूप से पवन बैनीवाल और भरत सिंह बैनीवाल को लेकर ऐलनाबाद हलके में बहुत ज्यादा चर्चा चल रही है। पिछली बार कांग्रेस ने यहां पवन की टिकट काट भरत को दी थी, लेकिन वे अभय चौटाला के सामने हार गए थे। अब हालात यह है कि भरत पर तीनों प्रत्याशियों की पैनी निगाह है। गोविंद कांडा भरत को अपना बनाने के लिए हर हथकंडे अपना रहे हैं, तो पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला स्वर्णमंदिर में माथा टेकने के बाद चुनाव प्रचार मैदान में उतर चुके हैं।

राजनीतिक पंडित यही कह रहे हैं कि ऐलनाबाद निश्चित तौर पर ताऊ देवीलाल परिवार का गढ़ हैं, लेकिन दूसरी अहम बात यह भी है कि हरियाणा की राजनीति में अधिकांश चुनाव पर सत्तारूढ़ दल का ही प्रत्याशी जीतकर सामने आया है। ऐसे में इनेलो के अभय चौटाला का राजनीतिक भविष्य दोहरी तलवार पर चल रहा है। पहली चुनौती तो यह कि वे ऐसे समय में उपचुनाव में कूदे हैं, जो सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा (अपने खास भतीजे) की संयुक्त सरकार को दी जा रही है। दूसरी चुनौती यह है कि अभय ने जब यही से अपने पद से इस्तीफा दिया था, तब यह ऐलान किया था कि जब तक तीनों कृषि कानून वापस नहीं हो जाते, तब तक वे विधानसभा में एंट्री नहीं करेंगे। अभय चुनाव मैदान में उतरकर अपनी कही हुई बात से मुकर रहे हैं, यही कारण है कि बुधवार को भाजपा के बैनर तले पंचकूला में प्रदेश परिषद की बैठक में इस मुद्दे को हवा दी गई। खैर, अब बात यह है कि अभय चौटाला तो ऐलनाबाद सीट पर दमदार प्रत्याशी है ही, ताऊ देवीलाल का गढ़ साथ देगा ही, लेकिन इस बार चुनाव प्रचार में अलग बात यह दिख रही है कि खुद पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला दिखाई दे रहे हैं। ओमप्रकाश चौटाला के रहते हुए अभय को शिकस्त देना पहाड़ को काटने के समान है। देखने की बात यह भी है कि भरत इस चुनाव में किसका साथ देते हुए नजर आएंगे।

### भाजपा के 71 हजार कार्यकर्ता 7 लाख परिवारों से करेंगे संपर्क

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं व नेताओं को आह्वान किया है कि वह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए फील्ड में उतरें। सीएम ने पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय मंगलसेन के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा के 71 हजार कार्यकर्ताओं को सात लाख 10 हजार परिवारों तक संपर्क करने का लक्ष्य देते हुए कहा, इन परिवारों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करें। भाजपा द्वारा बुधवार को 39 साल बाद आयोजित की गई प्रदेश परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की सात साल की उपलब्धियों का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा, हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए परिवार पहचान पत्र में अब तक 64 लाख परिवार अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। जिसके माध्यम से आमदन की भी वैरीफिकेशन की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 लाख परिवार ऐसे हैं जिनकी आय एक लाख से भी कम है। ऐसे परिवारों की आय बढ़ाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। पहले चरण में 71 हजार कार्यकर्ता सरकार के प्रतिनिधि बनकर सात लाख दस हजार परिवारों से मुलाकात करें।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 14 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 34.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 21.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- शहरभर में मौजूद दुर्गा पंडालों में मां की पूजा: सुबह 8 बजे
- शहर के मंदिरों में नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा: सुबह 6 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**लाइफ** इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) देश की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों में से एक मानी जाती है। एलआईसी ग्राहकों को अलग-अलग पॉलिसी मुहैया करती है। इन पॉलिसी को कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है जिसमें गरीब से लेकर अमीर तक निवेश कर सकते हैं। अक्सर देखा जाता रहा है कि लोग पैसों की बचत करना तो जानते हैं लेकिन उसे कहां निवेश करना चाहिए इस बारे में अनजान होते हैं। लिहाजा अपनी जमा पूंजी पर बेहतर रिटर्न हासिल करने के बजाय वे कम या फिर ना के बराबर रिटर्न हासिल करते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

## दण्डोत परिक्रमा का शुभारंभ



दण्डोत परिक्रमा का उद्घाटन करते सुरेंद्र शर्मा बबली।

**फरीदाबाद।** बजरंग सेवा दल द्वारा दण्डोत परिक्रमा भूमिया बाबा मन्दिर सेक्टर-16 फरीदाबाद से निकाली गई। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने रिबन काटकर विधिवत परिक्रमा का शुभारंभ किया। सुरेन्द्र शर्मा ने बजरंग बली का वन्दन कर सभी के सुखी रहने की कामना की। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा ओल्ड फरीदाबाद धार्मिक नगरी है। तीन मुख्य धार्मिक आयोजन होते हैं चैत्र पूर्णिमा को माता बराही मेला, श्रावण पूर्णिमा, माता पथवारी रक्षाबंधन मेला व शारदीय नवरात्र दशहरा हनुमान जी परिक्रमा मान्यता है। जहां तक ये परिक्रमा घूमती वहां कोई बीमारी नहीं आती। सुरेन्द्र ने सभी भक्तों को बधाई दी। जोगेन्दर पाराशर, नानक चंद, रूपचंद पाराशर, आनन्द शास्त्री, मनोज, मनीष आदि मौजूद रहे।

### क्विक न्यूज

## ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**फरीदाबाद।** गांव अटाली में शिव फुटबॉल कल्ब द्वारा 14 से 17 अक्टूबर तक चार दिवसीय 10वां जितेन्द्र मैमोरियल ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी कपिल पाराशर द्वारा किया जाएगा जबकि विशिष्ट अतिथि जजपा नेता अरविंद्र भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। मौके पर गिर्राज सिंह, भूपेंद्र सिंह मेजर ध्यानचंद अवॉर्डी, सोनी, सुरेंद्र सिहं तेवतिया, फुटबॉल कोच कुलदीप सिहं मौजूद रहेंगे। शिव फुटबॉल कल्ब अटाली के सदस्य प्रवीण शर्मा ने बताया कि समस्त ग्राम अटाली व शिव फुटबॉल क्लब के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जितेन्द्र मैमोरियल ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट किया जा रहा है। टूर्नामेंट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : पार्क की दीवारों के जीर्णोद्वार से कर रहे पर्यावरण संरक्षण

### दुर्दशा का शिकार रोज गार्डन की दीवार पर पत्थर लगाने में किये लाखों खर्च

राजेश दास। फरीदाबाद

**शहर** भर की तमाम सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं। लेकिन सड़कों का निर्माण तो दूर नगर निगम के पास सड़कों पर बने गड्ढों को भरने के लिए भी पैसे नहीं हैं। वहीं दूसरी तरफ निगम कर्मचारी और सेवानिवृत कर्मचारियों को आए दिन वेतन और पेंशन के लिए धरने प्रदर्शन करने पड़ रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद निगम अधिकारियों के पास फिजुल के कामों के लिए कहां से बजट आता हैं, इसका आज तक पता नहीं चल पाया है। रोज गार्डन को एनआईटी इलाके की शान माना जाता है। लेकिन इसके बावजूद कभी खूबसूरत रहा पार्क आज बुरी तरह दुर्दशा का शिकार हो चुका है।

पार्क में झाड़ियां उगी हुई और अंदर लाखों रुपये की लागत से लगाए गए फाउंटेन रख रखाव के अभाव टूट चुके हैं। पार्क का रख रखाव करने और खराब फाउंटेनों की मरम्मत करवाने की बजाए नगर निगम के अधिकारी सिर्फ पार्क की चारदीवारी को ऊंचा करवा कर पत्थर लगा कर पर्यावरण संरक्षण करने में जुटे हुए हैं। वहीं निगम अधिकारियों की लापरवाही से पार्क के ठीक सामने ईकोग्रीन कंपनी ने अपना डंपिंग पॉइंट बनाया हुआ है। जो इस इलाके में प्रदूषण को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।



एनआईटी स्थित रोज गार्डन के सामने लगा कूड़े का ढेर।



रोज गार्डन की दीवार पर पत्थर लगाकर किया जीर्णोद्वार।

## कौन है इसका जिम्मेदार

**ऐसा** नहीं है कि नगर निगम के पास इस शहर के इस पार्क के रख रखाव करने की कोई व्यवस्था नहीं है। कहने को निगम ने इस पार्क की देखरेख और रखरखाव के लिए आधा दर्जन माली व चौकीदार तैनात किये हुए है। सिंचाई के लिए पार्क परिसर में ही ट्यूबवैल की व्यवस्था भी है। लेकिन इसके बावजूद पार्क की न तो सही तरीके से देखभाल हो रही है और न ही रखरखाव किया जा रहा। नियमित रूप से सिंचाई न होने के कारण पार्क के करीब 20 से 25 प्रतिशत हिस्से की घास गायब हो चुकी है। पार्क के लाइब्रेरी की तरफ वाले हिस्से में तो घास ठीक ठाक है। लेकिन गोल्फ क्लब की तरफ वाले हिस्से में तो घास के साथ साथ झाड़ियां और जंगली पेड़ पौध उग गए हैं। इस हिस्से को देख कर स्पष्ट लगता है कि यहां पिछले कई सालों निगम कर्मचारियों ने ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं की। यहां पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए बनाया गया पूल जर्जर होने के साथ गंदे पानी से भरा हुआ है।

## जर्जर फाउंटेन और गंदगी



जर्जर हालत में रोज गार्डन के म्युजिकल फाउंटेन।

**इस** पार्क की खूबसूरती को चार चांद लगाने के लिए निगम द्वारा लाखों रुपये की लागत से जगह जगह म्युजिकल फाउंटेन लगाए गए थे। शाम के समय इन फुआरों से निकलने वाली रंगीन रोशनी और म्युजिक से पार्क बेहद मनोरम हो जाता था। लेकिन अब यह खूबसूरत फाउंटेन खराब होकर पूरी तरह कंडम हो चुके है। यहां तक कि पार्क में आने वाले असामाजिक तत्व सभी फाउंटेन के पूर्जे तक खोल कर ले जा चुके है। इस पार्क में दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। असामाजिक तत्व द्वारा अभद्र भाषा में आपस में बातचीत और गली गलौच की जाती है। इनकी हरकतों को देख कर पार्क में आने वाली महिलाओं और परिवार के साथ आने वाले लोगों को अक्सर शर्मशार होना पड़ता है। वहीं पार्क और बस अड्डे के बीच से गुजर रही सड़क को ईकोग्रीन कंपनी ने डंपिंग पॉइंट में तब्दील कर दिया है। विभिन्न इलाकों से कूड़ा इक्ट्ठा कर यहां लाकर ढेर लगा दिया जाता है। कूड़ा सड़ने पर उठने वाली दुर्गंध से पार्क में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## पार्क पर ध्यान देने की जरूरत

**पर्यावरण** संरक्षण और पार्कों की खूबसूरती उसमें मौजूद पेड़ों से पौधों से होती है। लेकिन जैसे शहर को दिखावटी तरीके से स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, ठीक उसी तरह नगर निगम पार्कों की दीवारों और दरवाजों पर महंगा पत्थर लगाकर उन्हें सुंदर बनाने का प्रयास कर रहा है। शहर के अन्य पार्कों की भी यहीं स्थिति है। पार्कों की हरियाली पर ध्यान देने की बजाए उनमें क्नॉपी, बैंच और दीवारों पर पत्थर लगाने का काम नगर निगम की तरफ से आए दिन किया जाता है।

## एनआइटी की शान था रोज गार्डन

**एनआईटी** इलाके में रहने वाले लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए करीब 35 साल पहले तत्कालीन फरीदाबाद कॉम्पलैक्स प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान के ठीक सामने रोज गार्ड का निर्माण करवाया गया था। उस समय इसे जिले का सबसे खूबसूरत पार्क बनाया गया था। पार्क में विभिन्न तरह के पेड़ पौधों के साथ साथ विशेष रूप से विभिन्न प्रजतियों के गुलाब की क्यारियां लगाई थी।

पार्क में लोगों के बैठने के लिए हट्स और बैंचों के अलावा बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न तरह के झूले भी लगाए गए थे। पार्क निर्माण के कुछ साल बाद यहां लगाए गए म्युजिकल फाउंटेन पार्क में सबसे ज्यादा आर्कषण का केंद्र बने हुए थे। जिसके कारण एनआईटी के लोग तो सैर करने के लिए पार्क में आते ही थे। इसके साथ साथ इसकी खूबसूरती को देखने के लिए दूर दराज के लोग भी खींचे चले आते थे। लेकिन निगम की लापरवाही के कारण रोज गार्डन का खूबसूरत चेहरा अब बदसूरत हो गया है। जबकि निगम के पास पार्क के रख रखाव करने के लिए कर्मचारी और अन्य संसाधन मौजूद हैं।

# कार फ्री डे : उपायुक्त साइकिल से पहुंचे कार्यालय

### हर बुधवार को हो रहा उपायुक्त के निर्देशों का पूरी तरह पालन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





कार फ्री डे के अवसर पर साइकिल से आफिस जाते उपायुक्त जितेंद्र यादव ।

**उपायुक्त** जितेंद यादव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा हर बुधवार को कार फ्री डे मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन कार फ्री डे को गंभीरता से लागू करने एक दिन के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण में गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के भागीदार बन रहे हैं। इसकी शुरुआत हमने खुद जिला प्रशासन से करके प्रत्येक बुधवार को कार फ्री डे शुरू कर दिया गया है।

प्रत्येक बुधवार को उपायुक्त जितेंद्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, सीटीएम पुलकित मल्होत्रा सहित तमाम अधिकारी और सभी विभागों के जिला अधिकारी और कर्मचारी बुधवार को साइकिलों से, पैदल या फिर पब्लिक वाहनों से कार्यालयों में पहुंचे। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि हमने यह प्रेरणा बुजुर्गों से मिली है। वे प्रेरणा के स्रोत हैं। वे कहते थे कि सप्ताह में एक दिन पैदल चलना चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण को भी शुद्धता मिलती है। इसलिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार के दिन यह मुहिम फरीदाबाद को ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद बनाने में कारगर सिद्ध होगी और कम से कम सप्ताह में एक दिन सरकारी वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा और पर्यावरण में भी शुद्धता आएगी। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि यह कार फ्री डे फरीदाबाद में एक जन आंदोलन के रूप में बनाया जाएगा। इसके लिए फरीदाबाद के हर एक नागरिक को प्रेरित करके इस आंदोलन का भागीदार बनाया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे भी कार फ्री डे मे प्रशासन का अपना सहयोग दें और सप्ताह में प्रत्येक बुधवार एक दिन कार फ्री डे जरूर मनाएं। इसका उद्देश्य क्लीन फरीदाबाद ग्रीन फरीदाबाद बनने के सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आज कार्यालय में सिर्फ दिव्यांगों को इसके लिए छूट दी गई थी।

# पंचायत भवन में मनाया वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करतीं डिप्टी सीएमओ शीला भगत।

**वर्ल्ड** मेंटल हेल्थ डे 10 अक्टूबर को हर वर्ष मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1992 से हुई थी वर्ल्ड मेंटल हेल्थ सप्ताह 11 से 14 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

एसडीएम ऑफिस बल्लभगढ़ में पंचायत भवन में मनाया। एसडीएम ऑफिस के स्टाफ के साथ तहसीलदार का स्टाफ रजिस्ट्री व ड्राइविंग लाइसेंस स्टाफ आदि लोगों ने इसमें भाग लिया। इसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने स्टाफ को समझाया कि वह मानसिक तनाव को कैसे कम कर सकते हैं। क्योंकि आज हर व्यक्ति मानसिक तनाव से जूझ रहा है। बच्चों को अपने एग्जाम का तनाव, किसी को अपने काम का तनाव, किसी को घर की परेशानी का तनाव है। तनाव को कम करने के लिए हमें छोटी मोटी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए। अगर कोई परेशानी आती है तो हमें वह परेशानी अपने मां-बाप या किसी दोस्त को बतानी चाहिए। ताकि समस्या का कोई समाधान निकल सके। जितना भी हो सके, हमेशा खुश रहना चाहिए। अगर तनाव को काम नहीं करेंगे तो यह आगे चलकर बहुत बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। कभी-कभी व्यक्ति सुसाइड करने तक भी पहुंच जाता है। उसको नशे की लत पड़ सकती है। तनाव कम करने के लिए योगा करना चाहिए। ध्यान करना चाहिए या खुद को बिजी रखने के लिए कोई काम करते रहना चाहिए। जिससे कि हमारा मानसिक संतुलन सही रहे। इसमें एसडीएम तिलोक चंद ने भी स्टाफ को खुश रहने के टिप्स दिए और बीके हॉस्पिटल की आई हुई टीम का धन्यवाद किया।

# जेसी बोस में ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेबी बोस विश्वविद्यालय में पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

**जेसी** बोस विवि वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण किया गया।

पोस्टर एनीमेशन ई मैगजीन का हिस्सा है। जिसमें मल्टी मीडिया के विद्यार्थी वीएफएक्स, आर्किटेक्चर, माया, री इंजन और रंगों का मनोविज्ञान के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मल्टीमीडिया के क्षेत्र में एनीमेशन संबंधित कार्य के अवसर के विवरण से अपनी दक्षता को निखारेंगे। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की एक और पहल है जिसमें अध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए मल्टी मीडिया संबंधित कार्य में दक्षता प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के सी वी रमन भवन में स्थापित देश के प्रथम डिजिटल स्टूडियो महर्षि नारद मीडिया रिसर्च सेंटर में पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

जिसमें शिक्षाविद डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज और सीएसआईआर की निदेशक प्रो डॉ. रंजना अग्रवाल डॉ. रंजना अग्रवाल, कुलपति प्रो डॉ. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने पोस्टर लोकार्पण के उपरांत इसकी विशेषताओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य बताया। सहायक प्राचार्य आदित्य कुमार ने ई मैगजीन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में मीडिया, फिल्म क्षेत्र में एनिमेशन का महत्व बढ़ गया है जिसमें एनीमेशन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए कैरियर संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

# आरपीसीए ने युग स्पोर्ट्स को 11 रन से हराया



हरीश भडाना।

**फरीदाबाद।** युग स्पोर्ट्स गुरुग्राम क्रिकेट मैदान में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच आरपीसीए पाली और युग स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। मैच में आरपीसीए पाली ने युग स्पोर्ट्स को 11 रन से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए पाली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 244 रन बनाए। हरीश भड़ाना ने 93 रन, करण डेढा ने 45 रन, पीयूष ने 29 रन, ऋषभ राणा ने 19 रन बनाए। युग स्पोर्ट्स के गेंदबाज धारिया ने तीन विकेट, धुर्वा ने दो विकेट, गर्व और चिराग, रोहित, जन्मजय ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए युग स्पोर्ट्स ने 50 ओवर में 9 विकेट में 233 रन ही बना सकी। चिराग यादव ने 53 रन, रोहित ने 50 रन, कार्तिक ने 30 रन, धुर्वा ने 25 रन, गर्व ने 17 रन बनाए। आरपीसीए पाली टीम के गेंदबाज करण डेढा और जाहिर ने तीन-तीन विकेट, हरीश भड़ाना और ललित भड़ाना ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हरीश भड़ाना को दिया गया।

# जिस पर कृपा राम करें वो पत्थर भी तर जाते हैं



एनएचवन स्थित विजय रामलीला कमेटी के मंच पर रावण अंगद संवाद का मंचन करते कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विजय** रामलीला कमेटी के इतिहासिक और पौराणिक मंच पर प्रथम दृश्य में लंका की हदूद से विभीक्षण (वैभव लड़ोइया) को देश निकाला दिया गया। विभीक्षण राम जी की शरण मे आये जहां राम ने उनका राज तिलक कर उसको लंकापति घोषित किया।

हनुमान जी ने पत्थर पर राम नाम अंकित किया और उन पत्थरों से नल नील द्वारा सेतु बांधा गया जिस पर चढ़ कर सेना सहित राम दल ने लंका पर चढ़ाई की। शहर की विधायक सीमा त्रिखा भी पहुंचीं। विजय रामलीला के मंच पर भगवान राम से आशीर्वाद लेने और कमेटी ने उनके भावों का अभिनंदन कर मंच पर स्वागत किया। अगले दृश्य में मंदोदरी (मनोज शर्मा) ने रावण (टेकचंद नागपाल) को युद्ध ना करने की सलाह दी और कहा की सीता को वापस लौटा दें। जिस पर रावण क्रोधित हो उठा। श्री राम ने मर्यादा रखते हुए युद्धनीति के नियमों का पालन किया और बाली पुत्र अंगद को दूत बना कर रावण के दरबार में भेजा। अंगद बने गर्वित ने किया दमदार सम्वाद वहीं दूसरी ओर रावण बने टेकचन्द ने भी नहीं छोड़ी कोई कसर। दोनों के बीच डॉयलोग्स पर तालियां बजीं। अब इसी मंच पर दिखाई जाएगी लक्ष्मण मूर्छा।



### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103






**अहम, अज्ञानता, ये आसुरी शक्ति मिटाएंगें**
**भरत-भू को कुटिल लोगों से जो मुक्ति दिलाएंगे**
**सियासत में अगर देखें तो कितने ही दशानन हैं**
**दहन करने को उनका जाने कब रघुबीर आएंगे**

# स्पीच मैपिंग से किया ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

### मरीज बातचीत करता रहा और चिकित्सक करते रहे ऑपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





चिकित्सक प्रेसवार्ता के जरिये बताते हुए किस प्रकार किया ऑपरेशन। ऑपरेशन के दौरान मरीज फोन पर बात करते हुए।

**विज्ञान** ने पूर्व की कल्पनाओं को आज साकार किया है और मेडिकल विज्ञान भी इससे अछूता नहीं है, इसी तथ्य को साबित करते हुए सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर 8 में 26 वर्षीय ताराचंद की उसके पूर्ण होश में रहते हुए उसके ब्रेन के ट्यूमर की फरीदाबाद में पहली बार स्पीच मैपिंग की मदद से सफल सर्जरी की गयी। जिसका श्रेय हॉस्पिटल के आधुनिक न्यूरो सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. कमल वर्मा, विषेशज्ञ डॉ. गौरव केसरी और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह को जाता है।

मरीज ताराचंद को कुछ दिन पहले दौरा पड़ा। जब उसके ब्रेन की जांच की गयी तो उसमें एक ब्रेन ट्यूमर की पुष्टि हुई जो कि दिमाग के उस हिस्से या उस भाग में स्थित था जो कि शरीर के बोलने की क्षमता को नियंत्रित करता है। मरीज ने अन्य हॉस्पिटलों में दिखाया जहां उसे बताया गया कि यदि उसके दिमाग के ट्यूमर का ऑपरेशन किया गया तो उसके बोलने की क्षमता हमेशा के लिए शिथिल पड़ जाएगी और वह कभी सामान्य रूप से नही बोल पायेगा।

न्यूरो सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. कमल वर्मा ने बताया कि इस ऑपरेशन को मरीज को पूर्ण होश में रखते हुए पूरा करने की रूप रेखा तैयार की गयी। मरीज का पूर्ण जागते हुए ऑपरेशन करने में सबसे बड़ा फायदा यह रहा कि ट्यूमर निकालते समय अगर स्पीच में कोई कमजोरी आए तो उसे तुरंत संभाला जा सकता था। इस ऑपरेशन में मरीज को लकवे से बचाने में तकनीक का कई स्तरों पर इस्तेमाल किया गया। सर्वोदय हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ डॉ. गौरव केसरी ने बताया कि अधिकतर जागते हुए ब्रेन सर्जरी में पूरे ब्रेन की मैपिंग की जाती है परन्तु सर्जरी में सिर्फ ब्रेन के उस हिस्से की मैपिंग की गयी जहां पर ट्यूमर था। जिससे हम ट्यूमर की सटीक अवस्था और स्थिति का पता लगा पाए और हमने ट्यूमर का अधिक से अधिक भाग मरीज की सामान्य स्पीच को नुक्सान ना पहुंचाते हुए निकाल लिया। सर्वोदय हॉस्पिटल के वरिष्ठ एनेस्थेसिया विषेशज्ञ डॉ. आर.के सिंह ने बताया कि मरीज को बेहोश करने का विकल्प हमारे पास नहीं था उसे होश में रखकर सिर की हड्डियों को काटकर सर्जन को ब्रेन तक पहुंचना एक बड़ा चैलेंज था। हमने सिर को सप्लाई करने वाली बहुत सारी नसों जो दिखाई भी नहीं देती, उनको एक एक करके सुन्न किया।



**ADVANCED INSTITUTE OF PHARMACY**

70km, Delhi-Mathura Road, NH-2, Palwal -121105

Tel: 01275-298300-301, 8930502222 www.advanced.edu.in

(Approved by AICTE, PCI, HSBTE & Pt. B.D. Sharma UHS, Rohtak)

**ADMISSION NOTICE (2021-22)**

For Management / Leftover / EWS / TFW / Vacant Seats

For D. Pharmacy, B. Pharmacy Course

Eligibility: As prescribed by PCI/HSBTE/HSTES

| Courses | D. Pharmacy (2nd Counseling) | B. Pharmacy (1st Counseling) |
|---|---|---|
| Last Date of Registration | 14.10.2021 to 16.10.2021 | 14.10.2021 to 16.10.2021 |
| Display of Merit list | 16.10.2021 after 03:00 PM | 16.10.2021 after 03:00 PM |
| Counseling and Reporting | 18.10.2021 to 19.10.2021 | 18.10.2021 to 19.10.2021 |

# मरीजों की हालत हो रही गंभीर, नहीं मिल रहे प्लेटलेट्स

## दिल्ली-एनसीआर में हो रही प्लेटलेट्स किट की शॉर्टेज

## जांच किट न मिलने से कई दिनों तक रहती हैं मशीनें बंद

## जिले में डेंगू के तीन नए मामलों से आंकड़ा पहुंचा 150 पर

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में बुखार, डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने से ब्लड बैंक और परिजनों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है। काफी मरीजों में डेंगू जैसे लक्षण हैं। उनकी प्लेटलेट्स काउंट कम आ रहे हैं। ऐसे में ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स की डिमांड बढ़ गई है। इससे सरकारी और निजी ब्लड बैंकों में प्लेटलेट की कमी आ गई है। वहीं दिल्ली एनसीआर में किट ही नहीं मिल रही है। जिससे अस्पतालों और ब्लड बैंकों की मशीनें कई-कई दिनों तक बंद रहती हैं। जिससे मरीजों को प्लेटलेट्स मिलने में परेशानी आती है। बुधवार को डेंगू के तीन नए मामले आने से मरीजों का आंकड़ा 150 पर पहुंच गया।




### एक मरीज को कई यूनिट

**बुखार** से पीड़ित ज्यादातर मरीजों में डेंगू के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। ज्यादातर मरीजों में प्लेटलेट्स बड़ी तेजी से घट रहे हैं। जिन मरीजों की काउंट 15 से 20 हजार होती हैं। उनका प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए सामान्य तौर पर चार से पांच यूनिट चढ़ाई जाती हैं। ऐसे में अगर मरीजों की संख्या कम नहीं हुई तो ब्लड बैंक और मरीजों पर बडा संकट आ सकता है।

### परेशान हैं तीमारदार

**कोरोना** काल में हुई रक्त की कमी से ब्लड बैंक उभर भी नहीं पाए थे कि डेंगू और अन्य बीमारियों ने ब्लड की खपत बड़ा दी। पहले शहर के ब्लड बैंक तीमारदारों का ब्लड लेकर बदले में उन्हें जिस ग्रुप का ब्लड या प्लेटलेट्स चाहिए होता है वह उपलब्ध कराते थे, लेकिन डोनर न मिलने से तीमारदारों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

### थैलेसीमिक परेशान

**डेंगू** के बाद सबसे अधिक रक्त की दिक्कत थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और घायलों को हो रही है। ब्लड न मिलने की वजह से तीमारदारों का बुरा हाल है। कई लोग जो बाहर के जिलों से यहां इलाज कराने आये हैं, वह लोग अपने गांव से डोनर की व्यवस्था कर रहे हैं।

### डोनेट करें प्लेटलेट्स

**समाजसेवी** एवं रक्तदाता मोटीवेटर उमेश अरोड़ा ने बताया कि जिले में प्लेटलेट्स के लिए तीमारदार यहां से वहां चक्कर काट रहे हैं। जिले में प्लेटलेट्स डोनरों की संख्या कम है। वे रोजाना आठ से दस डोनरों की व्यवस्था कर रहे हैं। एक मरीज को चार से पांच प्लेटलेट्स यूनिट चढ़ाई जाती हैं। ऐसे में लोग खुद आगे आकर प्लेटलेट्स डोनेट करें। जिले में ए, बी और ओ पॉजिटिव डोनरों की मांग बढ़ रही है।

## तीन चोर गिरफ्तार सुलझे मामले

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने चोरी के तीन मुकदमों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी रितिक फरीदाबाद की राहुल कॉलोनी का रहने वाला है। इसने सेक्टर 7 में स्थित एक मकान का ताला तोड़कर 4500 रुपये व अन्य सामान चोरी किया था। दूसरा आरोपी सूरज उर्फ खबरी जो फरीदाबाद की नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी ने थाना एसजीएम नगर क्षेत्र से 2 मोबाइल फोन चोरी किए थे। तीसरा आरोपी साकिर भी फरीदाबाद की नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है जिसने थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी।

# डिप्टी सीएम को गुमराह कर नहीं लौटाए निवेशकों के 250 करोड़

## डिप्टी सीएम द्वारा की गई शिकायतों के निपटारे पर उठे सवाल किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


शिकायत के गलत निपटारे पर सवाल उठाते निवेशक।

**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में कई शिकायतों का निपटारा किया था। बैठक में प्रमुख मामला रहा फेरस मेगापोलिस सिटी सेक्टर-70 के बिल्डर और निवेशकों के बीच के विवाद को निपटाने में डिप्टी सीएम को गुमराह किया गया। निवेशकों ने बताया कि सोमवार को उन्हें बैठक में प्रवेश करने की अनुमति ही नहीं मिली। इसके विरोध में निवेशकों ने साइट पर प्रदर्शन भी किया। जिनमें धर्मपाल, राजेश कत्याल, रणवीर सिंह, रविंदर ओबेराय, विनय गौड, ओपी शर्मा, मोहन सिंह शामिल थे।

लगभग 9-10 साल पहले फेरस मेगापोलिस सिटी सेक्टर-70 में लाखों रुपये के प्लाट खरीदने वालों ने बताया कि सोमवार शाम उस समय हमारी नींद गायब हो गई। जब हमने मीडिया में देखा कि सत्यनारायण गर्ग और एडवोकेट एनके गर्ग ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद कर रहे हैं और बोल रहे हैं कि बिल्डर और प्लाट खरीदने वालों में बात बन गई है और 90 प्रतिशत लोगों के करीब 250 करोड़ रुपये कंपनी द्वारा वापस कर दिए गए हैं। बाकी लोगों का भुगतान भी जल्द मिल जाएगा। जबकि वास्तव में डिप्टी सीएम को गुमराह कर उनकी छबि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

यह मामला 18 सितंबर-2019 को पहली बार ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में आया था। कोरोना के चलते एक साल तक बैठक ही नहीं हुई। पिछले बार बैठक में उपमुख्यमंत्री ने फिर से दोनों पक्षों की बात सुनी और अब तक हुई प्रगति के बारे में पूछा। एडवोकेट एनके गर्ग और सत्यनारायण गर्ग ने कहा था कि बिल्डर न तो उनकी रकम लौटा रहे हैं और न ही उन्हें फ्लैट या वैकल्पिक स्थान पर उचित जमीन दी जा रही है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर हर 15 दिन में रिपोर्ट भेजने को कहा।

सोमवार को हुई बैठक में डिप्टी सीएम को बताया गया कि बिल्डर और निवेशकों में सहमति बन गई है और बिल्डर ने निवेशकों का बकाया पैसा दे दिया निवेशकों का कहना है कि इस जगह पर प्लाट खरीदने के लिए हमने बैंक से लोन लिया और प्लाट खरीदा और अब भी हर महीने बैंक की किस्त भर रहे हैं। लोग पैसा जमा करते चले गए। कई वर्षों तक मौके पर कोई ईमारत नहीं बनी। तब से निवेशक खून के आंसू रो रहे हैं।

## दुकानदार से लूटपाट मामले में बदमाशों को रिमांड पर लिया

**फरीदाबाद।** 15 दिन पहले थाना मुजेसर एरिया में हथियारों के बल पर दुकानदार से हुई लूट मामले में क्राइम ब्रांच 30 की टीम ने हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में बंद तीन आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपियों में आरोपी अंशु, मनीष तथा अमित का नाम शामिल है।

तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं। आपको बता दें कि 28 सितंबर को आरोपियों ने हथियारों के बल पर दुकानदार से 4-5 लाख रुपये की लूट की थी और लूट करके मौके से फरार हो गए थे। क्राइम ब्रांच 30 को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसमें जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी हरिद्वार में छिपे हुए हैं। आरोपियों का पीछा करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम हरिद्वार पहुंची जहां पर आरोपियों की गिरफ्तारी के समय हुई मुठभेड़ में क्राइम ब्रांच के सिपाही संदीप वीरगति को प्राप्त हो गए। इसके लिए आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत एक अन्य मुकदमा हरिद्वार में दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार करके हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में बंद किया गया था। फरीदाबाद पुलिस ने लूट के मामले में गहनता से पूछताछ के लिए कोर्ट में आरोपियों प्रोडक्शन वारंट लगाया था और इसी के तहत आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# सोलर उर्जा से रोशन होगा जिला लघु सचिवालय


सेक्टर 12 लघु सचिवालय सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए पीपीए पर साइन कर उपायुक्त जितेंद्र यादव को पत्र सौंपते अल्टीमेट सन सिस्टम्स कम्पनी के निदेशक नरेंद्र कुमार।

## कंपनी निःशुल्क प्लांट लगाकर लघु सचिवालय को मात्र चार रुपये प्रति यूनिट देगी बिजली

**फरीदाबाद।** जिला मुख्यालय फरीदाबाद जल्द ही सौर ऊर्जा से जगमग होगा। यहां के सभी सरकारी कार्यालयों को बिजली के भारी भरकम बिल से निजात दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग में एक कदम आगे बढ़ाते हुए बुधवार को उपायुक्त जितेंद्र यादव ने गुरुग्राम की अल्टीमेट सन सिस्टम्स के साथ ऊर्जा खरीद समझौता पत्र (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके तहत अल्टीमेट सन सिस्टम्स लघु सचिवालय के छत पर 100 किलोवाट का सौलर प्लांट लगाएगा और इसकी आपूर्ति लघु सचिवालय के सरकारी कार्यालयों को की जाएगी और बची हुई बिजली दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ग्रीड में स्टोर की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त जितेंद्र यादव ने पीपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि अभी तक लघु सचिवालय में करीब साढ़े सात रुपये यूनिट की दर से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से विभिन्न कार्यालयों को मिलती है। इससे सभी कार्यालयों में भारी भरकम बिल आता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समय की जरूरत को देखते हुए अक्षय ऊर्जा विभाग के माध्यम से लघु सचिवालय की छत पर 100 किलोवॉट क्षमता का सौलर प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत गुरुग्राम की अल्टीमेट सन सिस्टम के साथ इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। शर्तों के अनुसार अल्टीमेट सन सिस्टम्स अपने खर्च पर लघु सचिवालय की छत पर 100 किलोवॉट क्षमता का सौलर प्लांट स्थापित करेगा। अगले 25 वर्षों तक इसके रख-रखाव व उत्पादन की जिम्मेदारी भी इसी कंपनी की रहेगी। इस सौर ऊर्जा प्लांट से उत्पादित बिजली लघु सचिवालय के सभी कार्यालयों में प्रयोग होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रामलीला मंचन में हुआ अंगद और रावण संवाद


एनएच पांच में श्री धार्मिक राम लीला कमेटी के मंच पर लक्ष्मण मूर्छित लीला का मंचन करते कलाकार।

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि रामलीला मंचन में अंगद और रावण संवाद के बाद लक्ष्मन मूर्छित हुए। सबसे पहले दृश्य में अंगद-रावण में संवाद हुए और अंगद ने अपनी शक्ति दिखाने के लिये अपना पांव जमीन पर जमाया। जिसे रावण का कोई भी योद्धा हिला तक नहीं पाया तब आते हुए अंगद ने युद्ध का ऐलान कर दिया तो रावण ने पहले दिन मेघनाथ को निकुम्भ के साथ युद्ध पर भेजा। अगले दृश्य में लक्ष्मन और मेघनाथ का भंयकर युद्ध होता है तो मेघनाथ शक्ति बाण चलाकर लक्ष्मन को मूर्छित कर देता है। जिन्हें हनुमान ऊठाकर राम के पास ले जाते हैं। अंतिम दृश्य में राम लक्ष्मन को मूर्छित देखकर विलाप करते हैं। विभिषण के कहने पर हनुमान सुषैन वैध को लाते हैं और लक्ष्मन के उपचार के लिये संजीवनी बूटी लेने जाते हैं। पहली बार किसी रामलीला में एलईडी स्क्रीन पर रामलीला का मंचन हो रहा है। हनुमान का किरदार निभा रहे हनुमान को घंने पहाड़ो में संजीवनी ढूंढते हुए दिखाया गया जिसकी शूटिंग सूरजकुंड की पहाडियों में कुछ दिन पहले की गई थी। जिसको देखकर दर्शक आर्श्चय चकित हुए। मंच पर किरदारों में राम जितेष गेरा, लक्ष्मन राजू खरबंदा, अंगद पंकज खरबंदा, रावण तेजिन्द्र खरबंदा, मेघनाथ परवीन बत्तरा, निकुम्भ हार्दिक बत्तरा, कुम्भकरण दीपक नागपाल, हनुमान रोहित खरबंदा आदि ने अपने अभिनय से दर्शकों की तालियां लूटी।

### लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध का हुआ मंचन


एनएच दो में जागृति राम लीला कमेटी के मंच पर हनुमान संजीवनी लाने का मंचन करता कलाकार।

**फरीदाबाद।** जागृति रामलीला कमेटी, 2 ई-पार्क द्वारा रंगमंचीय रामलीला के 11वें दिन मंगलवार रात को लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध, मेघनाद का लक्ष्मण पर शक्ति बाण छोड़ना, लक्ष्मण मूर्छा, भगवान राम का विलाप, सुषेण वैद्य का आगमन, हनुमानजी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, भरत-हनुमान मिलन और लक्ष्मण के पुनर्जीवित होने पर राम सेना में हर्षोल्लास आदि प्रसंगों का मंचन हुआ। रामलीला दृश्यों के बीच बीच में भक्ति गीतों पर कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया। रामलीला का मंचन शबरी आश्रम में भगवान श्री राम के प्रवेश के साथ शुरू हुआ। शबरी आश्रम में भगवान श्री राम के प्रवेश के साथ हनुमान का अवतरण, सुग्रीव मित्रता और बाली वध का मंचन हुआ। इसके बाद सीता की खोज के लिए हनुमान लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में माता सीता को प्रभु श्री राम की याद में व्याकुल देख भावुक हो गए। सीता माता हनुमान को श्री राम का भक्त जानने के बाद खुश हुईं। माता सीता को खोजने के दौरान हनुमान ने अशोक वाटिका के फल व पेड़ तोड़कर इधर-उधर फेंके। इसके बाद मेघनाथ द्वारा छोड़ी ब्रह्म की शक्ति में बंध गए। रावण के दरबार में हनुमान को लाकर उनकी पूंछ में आग लगा दी गई। इससे रावण की सोने की लंका धू-धूकर जली। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नरेश गोसाईं, दिनेश लूथड़ा, नीरज गुप्ता, राजेश भाटिया, राजपाल सरदाना श अलका भाटिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका जागृति रामलीला कमेटी के प्रधान योगेश भाटिया व मोहन सिंह भाटिया ने बुके देकर सम्मानित किया।

### शहीदों का सम्मान करना प्रत्येक का प्रथम कर्तव्य: भाटी


गांव अटाली में सैनी धर्मशाला में शहीद नायक राजेश सैनी की याद में नवनिर्मित कमरे का उद्घाटन करते समाजसेवी कप्तान सिंह।

**फरीदाबाद।** गांव अटाली स्थित सैनी धर्मशाला में शहीद नायक राजेश सैनी की याद में नवनिर्मित कमरे का उद्घाटन समाजसेवी कप्तान सिहं भॉटी ने रीबन काटकर किया। सरपंच प्रहलाद सिंह, रूपचंद सैनी, चंदर सैनी, बदलेराम सैनी, बलबीर सैनी, लहरी सैनी, मॉस्टर मीरसिहं, हेमचंद सैनी, शेर सिहं सैनी, राजबीर सैनी, सुभाष सैनी, छोटे सैनी, भूरा सैनी, करतार सैनी, रामबीर सैनी, सुरेश सैनी मोहना, पंडित छीतर सहित गणमान्य लोगों ने शहीद नायक राजेश सैनी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कप्तान सिंह भाटी ने कहा कि देश के लिए जान न्योछावर करने वाले शहीदों का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय का प्रथम कर्तव्य है। आज हम अपने घरों में महफूज हैं, क्योंकि हमारे वीर सैनिक सरहद पर सुरक्षा में तैनात हैं। सरपंच प्रहलाद सिंह ने कहा कि भारत मां के अमर सपूतों को शत-शत नमन करते हैं। हमारे वीर जवान दिन-रात भारत मां की रक्षा के लिए डटे हुए हैं। शहीद के पिता रूपचंद सैनी व माता राजबाला ने कहा कि उनके बेटे ने देश की सेवा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया है। उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। शहीद बेटे की याद में एक कमरे का निर्माण कराया है।

### पानी को बनाना संभव नहीं : जोशी

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों, ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों, पंप ऑपरेटरों और आरएमई कर्मचारियों के लिए ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (वासो) के सौजन्य से खंड एवं विकास पंचायत कार्यालय, गुहला में आयोजन किया गया। जल-थल-मल पुस्तक के लेखक सोपान जोशी, बुधवार को कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने आयोजकों और प्रतिभागियों को हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर खुद को इकट्ठा करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभा को याद दिलाया कि विज्ञान में जितनी भी प्रगति हुई है, उसने पानी को बनाना संभव नहीं बनाया है। पृथ्वी का सारा पानी अरबों वर्षों से है। हमारा जीवन और हमारा भविष्य जल संरक्षण, हमारे जल निकायों के प्रदूषण को रोकने पर निर्भर करता है। हमें जो भी पानी (नदियों या भू-जल से) मिलता है वह वर्षा से आता है, सागर से है।

# अब सिर्फ तीन कंटेनमेंट जोन और तीन ही पॉजिटिव मरीज बचे: डीसी

## कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में धीरे-धीरे मिल रही है जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** मजिस्ट्रेट जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन कॉर्डिनेशन कमेटी की मीटिंग में जिला में कोविड-19 के मामलों की समीक्षा के बाद अब जिला में कंटेनमेंट जोन की संख्या तीन रह गई है। उन्होंने बताया कि इन तीन कंटेनमेंट जोन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार कंटेनमेंट जोन में लागू होने वाले नियम पूरी तरह से लागू रहेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मौजूदा समय में जिला में जो कंटेनमेंट जोन बचे हैं उनमें सेक्टर-14 में मकान नंबर 920 से 924 के बीच, सेक्टर-15 में मकान नंबर 1148 से 1153 और सेक्टर-9 में मकान नंबर 1037 से 1041 के बीच का क्षेत्र शामिल है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिला में कोई भी कोविड-19 का पाजीटिव मामला नहीं मिला। ऐसे में अब कोविड-19 से पाजीटिव मामलों की संख्या भी तीन ही बची है। उन्होंने बताया कि जो तीन पाजीटिव मामले हैं उनका स्वास्थ्य भी काफी बेहतर है।

इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अभी जिला में अभी कोविड-19 के मामले कम बेशक हुए हैं लेकिन खतरा टला नहीं है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में लोगों को और अधिक एहतियात बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दूरी का पालन, मास्क पहनने सहित कई सभी नियमों का गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ हम काफी लंबे समय से जूझ रहे हैं। ऐसे में हमें भविष्य में भी इस महामारी से सतर्क रहना है और अपने व अपने परिवारों को सुरक्षित रखना है।

## सीट न बढ़ाने पर एनएसयूआई ने फूंका सरकार का पुतला

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं तथा दाखिले से वंचित रह गए छात्रों ने सभी कॉलेजों की स्नातक कक्षाओं में सीट बढ़वाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करके हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का पुतला फूंका। प्रदर्शन एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा-जजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि सीट बढ़वाने के लिए छात्र पिछले कई दिनों से मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक सीट नहीं बढ़ पाई हैं। ऐसा नही हैं की किसी एक कॉलेज या एक जिले से सीट बढ़ाने की मांग की जा रहीं हैं बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश के छात्रों द्वारा सीट बढ़ाने की मांग की जा रही हैं।

# अष्टमी पर मां महागौरी की भव्य पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन करती गृहणी।

**नवरात्रों** के आठवें दिन मां के महागौरी रूप की पूजा अर्चना की गई। प्रातकालीन पूजा के बाद माता रानी को भोग लगाया गया। लोगों ने घरों में मां की पूजा के साथ अष्टमी पूजा के साथ कंजक पूजन किया। वहीं कुछ लोगों ने कोरोना नियमों का पालन करते हुए कजंकों को नहीं बैठाया। इसके लिए माता रानी से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए विनती की गई कि विश्व से इस महामारी का नाश कर लोगों को बचाओ।

हर नवरात्रि की तरह इस बार भी मंदिरों के बाहर गरीब कन्याओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई, लेकिन मंदिरों के बाहर इस बार उन्हें कुछ श्रद्धालुओं ने फल बांटे। वहीं तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में मां महागौरी माता की पूजा की गई। मंदिर कमेटी के प्रधान जगदीश भाटिया और अन्य सदस्यों ने मां के जयकारों के बीच पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। सिद्धपीठ काली मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संत मुनिराज महाराज ने बताया कि अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। यह मां का अंतिम रूप है। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के बाद ही नवरात्रि का विश्राम होता है। मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती हैं। मान्यता है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की उपासना से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। जिसमें वह गदा, कमल, शंख, चक्र लिये हुई कमल के फूल पर आसीन होती हैं। मां सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। नवमी तिथि को भगवती को धान का लावा अर्पित करके ब्राह्मण को देना चाहिए। इस दिन देवी को भोग अवश्य लगाना चाहिए। समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए मां सिद्धिदात्री की पूजा विशेष मानी गई है। मुनिराज जी ने बताया कि मां सिद्धिदात्री का उपासक मन्त्र- सिद्ध गन्धर्व यक्षा घैर सुरैरमरैरपि। सेव्यामाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी है। इसके साथ में सब बाधाओं से मुक्त करके धन धान्य से भरपूर करने वाला मन्त्र- सर्वा बाधा विनिर्मुक्तो, धन धान्य सुतान्वित। मनुष्यो मत्प्रसादेन, भविष्यति न संशय।

# सोनार बांगला का केदारनाथ की तर्ज पर दुर्गापूजा पंडाल

## ग्रेफ में केदारनाथ मंदिर की तरह बने पंडाल में हो रही भव्य दुर्गापूजा

**कविता।** फरीदाबाद


केदारनाथ की तरह बनाए गए दुर्गापूजा पंडाल में पूजा करते श्रद्धालु

**जिले** में पहली बार सोनार बांगला संस्था ने एक भव्य दुर्गापूजा का पंडाल सजाया है। जिसमें 20 हजार से अधिक लोगों ने मां दुर्गा की पूजा की। ग्रेफ के पूरी 81 हाईस्ट्रीट मॉल में आयोजित की गई दुर्गापूजा का थीम केदारनाथ मंदिर है। लोग इस पंडाल में आकर पूजा अर्चना के साथ होने वाले कल्चरल कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।

### चार दिन मां दुर्गा की पूजा

**सोनार** बांगला संस्था के सदस्य तनमय शाह ने बताया कि यह पूजा केदारनाथ मंदिर की थीम पर पूरी 81 हाई स्ट्रीट में आयोजित की जा रही है। पूजा 11 से 14 अक्टूबर तक जारी रहेगी। पिछले दो दिनों में पूजा पंडाल में 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। यह पूजा सभी के लिए है। इसमें किसी के आने पर कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह पूजा के बाद दोपहर को भक्तों को भोग (लंगर) प्रसाद वितरित किया गया। हर रोज शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को संधि पूजा का विशेष आयोजन किया जाता है। जिसमें व्रत धारी महिलाएं पूजा के बाद व्रत खोलती है। इस पूजा में 108 कमल और 108 दीपकों के जरिये मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई।

### आज के कार्यक्रम

**तनमय** शाह ने बताया कि बृहस्पतिवार को नौवीं की पूजा होगी। सुबह 10 बजे आरती और दोपहर को जनता का भोग करवाया जाएगा। शाम को कल्चर कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 अक्टूबर को मां की प्रतिमा का विसर्जन होगा। उन्होंने बताया कि इस संस्था के साथ 60 से 70 परिवार जुड़े हुए हैं। जिसमें डी चटर्जी, आशुतोष भद्र, रूपक मित्रा, संचित दास, अंकुर, अतुल्य मुखर्जी और अन्य परिवार शामिल है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने पहली ही इस पूजा में कृर्तिमान स्थापित किया है।

### केदारनाथ की थीम

**तनमय** शाह ने बताया कि पूजा की थीम उत्तराखंड का केदारनाथ मंदिर है। केदारनाथ धाम इसलिए रखा गया है, क्योंकि माता कैलाश पर्वत पर विरजमान है और वह वहां से आती हैं। जिसे देखते हुए संस्था की तरफ से एक माह पहली पूजा के लिए केदारनाथ मंदिर के पंडाल को तैयार करने शुरू की थी। आगे भी संस्था द्वारा पूजा का आयोजन किया जाएगा। पश्चिम बंगाल से आए कुशल कारीगरों ने एक महीने पहले पंडाल बनाना शुरू कर दिया था।

## पोषण अभियान बच्चों गर्भवती और स्तनपान वाली माताओं के लिए

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में महिला एवं बाल विकास द्वारा गत सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया गया। जहां जिला मे महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ियों के माध्यम से इसके बारे में जागरुकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को जागरुकता गतिविधियों के साथ पोषण माह का उत्सव आयोजित किया गया।

गत सितंबर माह में डीसी जितेंद्र यादव ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -12 से पोषण माह समारोह का उद्घाटन किया था। उन्होंने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जिला भर में महिलाओं और बच्चों को अधिक से अधिक जागरूक करने के दिशा निर्देश भी दिए थे और उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनता को मिले।

# जीवनशैली में बदलाव की जरूरत : चैन की नींद नहीं सोने से टाइप-2 डायबिटीज हो सकता है

**नई दिल्ली।** क्या आपको मालूम है कि डायबिटीज को नियंत्रित करने और रात में चैन की नींद आने के पीछे गहरा संबंध है? इस बारे में पहले भी कई अध्ययन किए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि स्लीप एपनिया और टाइप-2 डायबिटीज, या फिर टाइप-2 डायबिटीज और स्लीप एपनिया सीधे तौर पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। डॉ. सिबाशीष डे, प्रमुख, मेडिकल अफेयर्स, एशिया एवं लैटिन अमेरिका, रेसमेड, ने इस बारे में विस्तार से बताया कि कैसे स्लीप एपनिया और टाइप-2 डायबिटीज एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया – जिसे OSA भी कहते हैं – सोते समय साँस लेने में तकलीफ से जुड़ी समस्या है, जिसका प्रमुख लक्षण यह है कि नींद के दौरान ऊपरी साँस-नली में बार-बार रुकावट आती है और इससे रात को चैन की नींद सोने में बाधा उत्पन्न होती है। सोते समय खर्राटे लेना, OSA से पीड़ित व्यक्तियों में स्पष्ट रूप से नजर आने वाले लक्षणों में से एक है। हाल के



दिनों तक लोग खर्राटों को रात में गहरी नींद की निशानी मानते थे। हालांकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। अब सवाल यह है, कि खर्राटे आपकी सेहत को किस तरह प्रभावित करते हैं? और इससे भी अहम बात यह है, कि इसका स्लीप एपनिया से क्या संबंध है? गले की मांसपेशियों के जरूरत से ज्यादा शिथिल हो जाने के कारण OSA से पीड़ित व्यक्ति की साँसें बीच-बीच में अनैच्छिक रूप से थम जाती हैं, जिससे फेफड़ों में हवा के भीतरजानेमेंरुकावट उत्पन्न होती है। यह रुकावट रात के दौरान कई बार हो सकती है, और गंभीर स्लीप एपनिया से पीडि़त मरीजों में रात को सोते समय बहुत बार ऐसा हो सकता है। इसके चलते, व्यक्ति सुबह उठने के बाद थका हुआ महसूस करता है और उसे काम करने में मन नहीं लगता है।

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया लंबे समय तक बरकरार रहने पर टाइप-2 डायबिटीज के साथ-साथ दिल की बीमारी एवं मोटापे जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है।

रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (RSSDI) द्वारा प्रकाशित एक आम सहमति-पत्र में इस बात को उजागर किया गया है, कि जिन लोगों को टाइप-2 डायबिटीज मेलिट्स (T2DM) होने का पता चला है, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा मरीज स्लीप एपनिया से पीडि़त हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, T2DM से पीड़ित मरीजों के शुरुआती चरण में OSA की जांच, डायग्नोसिस और इलाज से दिल की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है, साथ ही उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हो सकता है। T2DM और OSA से पीड़ित मरीजों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए उनकी व्यवस्थित तरीके से जांच, डायग्नोसिस और इलाज का सुझाव दिया गया है।

Good Morning!

# गुरुग्राम पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 14 अक्टूबर, 2021 • सोहना • ओल्ड • गुरुग्राम • पटौदी • आईएमटी-मानेसर • फर्रूखनगर • भिवाड़ी ई-पेपर www.pioneerhindi.com



1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

## तब पाकिस्तान में रहने को सिर्फ एक ही शर्त थी...धर्म परिवर्तन

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**सन 1947** का वह दौर पूरी तरह से साजिशों, षडयंत्रों और घोर हिंसा का था। वहां मुस्लिमों द्वारा हिन्दुओं पर खुलकर अत्याचार किये जा रहे थे। धारदार हथियारों से हमले करके लाखों लोगों का नरसंहार किया गया था। उस समय बाल्यकाल अवस्था में बंटवारे का दंश झेलने वाले एचएस चावला बताते हैं कि पाकिस्तान में रहने की सिर्फ एक ही शर्त थी...धर्म परिवर्तन। लाखों हिन्दुओं ने मरना मंजूर किया, लेकिन धर्म परिवर्तन की शर्त को ठुकरा दिया था।

एचएस चावला के मुताबिक उनका जन्म वर्ष 1938 में हुआ था। परिवार बहुत ही समृद्ध था। परिवार

### साजिशों, षडयंत्रों और हिंसा से भरा था भारत-पाकिस्तान बंटवारे का वह समय

### एचएस चावला ने बताई बंटवारे के समय की कभी ना भूलने वाली दास्तां

के साथ-साथ अन्य संबंधित परिवारों को कभी भी सुरक्षा की आवश्यकता महसूस नहीं हुई थी, लेकिन परिस्थितियों ने जन्मभूमि छोड़कर दूसरे स्थान पर जाने को मजबूर कर



एचएस चावला।

दिया। आज वे खुश हैं कि भारत की धरती पर खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

श्री चावला बताते हैं कि विभाजन के समय वे मुल्तान जिले के शुजाबाद बस्ती में अपने पुश्तैनी घरों को छोड़कर पलायन करने पर मजबूर कर दिये गये थे। जब वे ट्रेन से यात्रा कर रहे थे, उस समय ट्रेन पर पाकपट्टन शहर के पास हिंसक भीड़ ने हमला कर दिया। ट्रेन के अंतिम तीन डिब्बों के सभी यात्रियों की हत्या कर दी गई थी। जिस डिब्बे में वे सब बैठे थे, वह पीछे से चौथा डिब्बा था। उसमें भी हमले से 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल भी हुए।

### गुरुद्वारे की छत को छू रही थी सतलुज नदी

**कसूर** और फिरोजपुर के दो शहरों के बीच सतलुज नदी उफान पर थी। सेना का एक जवान उनका रिश्तेदार था, वह सबको अपने घर ले गया। शाम को चार और पांच बजे तक सभी 100 लोगों ने देखा कि सतलुज का बाढ़ का पानी शहर में घुस गया है। सभी लोगों को पास के गुरुद्वारे में स्थानांतरित कर दिया गया था। काफी ऊंचे गुरुद्वारे की छत से बाढ़ के पानी को हाथ से छुआ जा सकता था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कारसेवकों ने लोगों को छत से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। सब फरीदकोट शिफ्ट हो गए। एचएस चावला के मुताबिक उनके मामा अपने परिवार के साथ पहले ही रोहतक जिले में शिफ्ट हो चुके थे। उन्होंने जिद की और साल 1947 के अंत तक उन्हें भी रोहतक शिफ्ट कर दिया। उनकी शिक्षा रोहतक में हुई और रोहतक से ही अपनी नौकरी शुरू की। कड़ी मेहनत और शिक्षा के मूल्य को ध्यान में रखते हुए उनके दादा-दादी और माता-पिता के साथ अब बच्चों ने भी सामाजिक प्रतिष्ठा कायम की है।

### नौ साल की उम्र में पैर में छुरा घोंपा था

**अपने** उस समय के दर्द को याद करते हुए एचएस चावला बताते हैं कि उनकी साढ़े नौ साल की उम्र थी। हमलावरों ने उनके पैर में छुरा घोंप दिया था। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। कसूर स्टेशन पर ट्रेन पहुंची। उस दिन दोपहर का समय था, जब हिंसक इरादे से भारी भीड़ प्लेटफार्म के सामने जमा हो गई। उन्होंने हमला करने की कोशिश की, लेकिन पिछली ट्रेन के यात्रियों के साथ 7-8 सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला। पूरी रात यात्रियों को गोलियों की बौछार का सामना करना पड़ा। अगली सुबह सौभाग्य से फिरोजपुर से सेना के 40-50 जवानों का ट्रक पाकिस्तान में भारतीय सीमावर्ती शहर कसूर बुलाने पर आया। उन्हें याद है कि शवों को पार करके ट्रकों तक पहुंचने में जो दर्दनाक अनुभव हुआ, वह आज भी नजर आता है। वहां से वे फिरोजपुर पहुंचे।

## संक्षिप्त-समाचार

### रावण, मेघनाथ के पुतले न बिकने से कारीगरों में मायूशी



सोहना में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण का पुतला बनाता कारीगर।

**सोहना।** दशहरा पर जलाए जाने वाले रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले बनाने वाले कारीगर दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन पुतला खरीदने वाले ग्राहक न होने से कारीगरों के चेहरों पर मायूशी छाई है। इस वर्ष कोरोना का प्रकोप कम होने और रामलीलाओं का मंचन होने से पुतले बनाने वाले कारीगरों के चेहरे खिल गए थे। उन्हें उम्मीद थी कि इस वर्ष उसके द्वारा बनाए जाने वाले पुतलों की बिक्री होगी। कारीगरों ने हजारों रुपये खर्च करके कच्चा माल खरीदा और दिन-रात कड़ी मेहनत कर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले बनाकर तैयार कर लिए, लेकिन पुतले खरीदने वाले ग्राहक न होने से कारीगर मायूस हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश मूल के निवासी राजू का कहना है कि 2020 में कोविड के कारण रामलीलाओं का मंचन नहीं हुआ था और नहीं झांकियां निकाली गई थी। जिसके कारण उनका कारोबार पिछले वर्ष नहीं चला। इस बार रामलीलाओं का मंचन होने और प्रशासन द्वारा पुतले जलाए जाने की अनुमति देने से उन्हें भी अपना कारोबार चलने की उम्मीद जग गई थी, लेकिन उसे इस बार मात्र दो ही पुतले बनाने का ऑडर मिला है। जबकि उसने 20 से 25 पुतले बनाने का सामान खरीद लिया है। दो पुतले बिकने से उसके द्वारा खरीदे गये सामान की कीमत भी वसूल नहीं होगी। रोहित का कहना है कि दशहरा पर वह एक से डेढ़ लाख रुपये के पुतले बनाकर बेचता था, लेकिन इस साल तो उसे अभी तक एक भी पुतले का ऑडर नहीं मिला है। जबकि उसने करीब 15 पुतले बनाकर तैयार कर लिए हैं।

### निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना के निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ पुलिस ने सवा तीन साल के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रोगी के उपचार में लापरवाही बरतने के कारण मौत होने का मामला दर्ज किया है। मृतक के पिता ने अस्पताल संचालक पर पैसे के लालच में छुट्टी न देने का आरोप लगाया है। गांव रायसीना निवासी युवक मुनेश पुत्र मदनलाल की सोहना के सैनी अस्पताल में 10 जून 2021 को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मुनेश के परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉ. लालचंद सैनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए डॉक्टर की बोर्ड टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के पिता मदनलाल ने अस्पताल संचालक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लिखित में शिकायत की थी। तीन साल 4 माह के बाद सिविल सर्जन गुरुग्राम के नेतृत्व में गठित नगलिजेंसी बोर्ड ने सोहना सिटी थाना पुलिस को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। बोर्ड ने जांच में अस्पताल संचालक द्वारा उपचार में लारवाही बरतना बताया है। जिसके कारण मुनेश की मौत हुई थी। पुलिस ने नेगलिजेंसी बोर्ड से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### निजी अस्पताल में महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**सोहना।** सोहना के निजी अस्पताल में 35 वर्षीय महिला की ऑपरेशन के चंद घंटों बाद मौत हो गई। महिला के पति ने अस्पताल के डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। फिरदोष के पति खुर्शीद ने पुलिस को दी शिकायत में डॉक्टरों पर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। खुर्शीद ने बताया कि उसकी पत्नी को बच्चादानी में परेशानी थी। जिसके उपचार के लिए सफा अस्पताल में लेकर मंगलवार को पहुंचा था। डॉक्टर ने बच्चादानी को बाहर निकालने की बात कहते हुए ऑपरेश ही एक मात्र उपचार बताया था। जिसके लिए उसे 14 हजार रुपये का खर्चा बताया था।


# गुरुग्राम नागरिक अस्पताल के शौचालयों की हालत फिर से खराब

### पूर्व में एनक्यूएएस की टीम के दौरे को दिखाई गई सुविधाएं अब नगण्य

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**सिर्फ** दिखावा करके ही नागरिक अस्पताल को अव्वल लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन इसमें भले ही सफल हो रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत में कुछ खास सुधार नजर नहीं आता। हालांकि इसके जिम्मेदार कर्मचारियों के साथ-साथ अस्पताल में पहुंचने वाले लोग भी हैं। क्योंकि वे यहां लगे उपकरणों को तोड़ भी देते हैं और उखाड़कर साथ भी ले चोरी करके ले जाते हैं। इससे अस्पताल प्रशासन भी परेशान है।

नागरिक अस्पताल में नियमित तौर पर सुविधाओं का अभाव ही रहता है। चाहे वो शौचालयों की देखरेख हो या मरीजों के बेड पर बिछाई जाने वाली चद्दरें। अभी भी शौचालयों में पाइप निकली पड़ी हैं। हाथ धोने के लिए कहीं डिस्पेंसर में साबुन नहीं है तो कहीं से डिस्पेंसर ही गायब है। ऐसे में कैसे अस्पताल गुणवत्ता की बात करता है, यह समझ से परे है। हमने पूर्व में भी कई बार अस्पताल में फटी चद्दरों, खून व अन्य तरह के दाग लगी चद्दरों और फटे गाउन आदि के समाचार तस्वीरें के साथ प्रकाशित किये। अस्पताल प्रबंधन तक यह बात पहुंची तो स्टाफ को खूब समझाया भी गया, लेकिन आदत से मजबूर स्टाफ पर शायद ही इसका कुछ असर हुआ हो।



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-2 के पास बने शौचालय में खाली डिस्पेंसर, आपातकालीन विभाग के सामने शौचालय में गायब डिस्पेंसर व टॉयलेट शीट की टूटी पड़ी पाइप।

### एनक्यूएएस टीम का दौरा टला

**नागरिक** अस्पताल की पीएमओ ने पत्र जारी कर सभी स्टाफ को सूचित किया था कि भारत सरकार की ओर से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के लिए टीम 14 अक्टूबर को अस्पताल का दौरा करेगी। सभी इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों में सुविधाओं की जांच करें। जो कमी हो उसमें सुधार करें। साथ ही कहा गया कि इस दिन तक किसी भी स्टाफ और डॉक्टर को ऑफ व छुट्टी नहीं मिलेगी। देर शाम को फिर से एक पत्र जारी करके कहा गया कि टीम का दौरा रद्द हो गया है, लेकिन अस्पताल में सफाई व अन्य सुविधाओं में कमी नहीं रहनी चाहिए।

### जनता भी नहीं निभाती जिम्मेदारी : डॉ. नीरज

**अस्पताल** में व्याप्त कमियों पर डीएमएस डा. नीरज यादव ने कहा कि बार-बार इन चीजों को ठीक कराया जाता है, लेकिन अस्पताल में आने वाले लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। वे इन्हें तोड़ जाते हैं। डिस्पेंसर में लिक्विड साबुन न होना तो कर्मचारियों की लापरवाही है, लेकिन डिस्पेंटर को उखाड़कर ले जाना यह आम पब्लिक का काम है। बाहर से आने वाले लोग ही ऐसा करके नुकसान पहुंचा रहे हैं। सुविधाओं को खराब कर रहे हैं। वे जल्द ही इन कमियों को दूर कराएंगे।

### 20 अगस्त 2021 को भी हुआ था निरीक्षण

**20 अगस्त** 2021 को एनक्यूएएस की टीम ने कोरोना के चलते वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ही नागरिक अस्पताल का मूल्यांकन किया था। इससे पहले अस्पताल प्रबंधन, प्रशासन ने अस्पताल के शौचालयों में हाथ धोने के लिए लिक्विड साबुन के डिस्पेंसर लगवाए। बाकी जो कमियां भी उनको दुरुस्त कराया। हालांकि इससे पहले आम जनता के शौचालयों में कभी डिस्पेंसर नजर नहीं आए थे। यह सब टीम को दिखाने के लिए ही किया गया। टीम का दौरा होने के बाद इनमें लिक्विड साबुन भरने की जहमत नहीं उठाई गई। हमारे समाचार पत्र की तरफ से यह मुद्दा उठाए जाने के बाद एकाध दिन सुधार दिखा, उसके बाद वही हाल। इसे देखकर कहा जा सकता है कि यहां संबंधित कर्मचारी अपने काम के लिए गैरजिम्मेदाराना रवैया अपना रहे हैं। या फिर अधिकारियों का कर्मचारियों पर कोई कंट्रोल नहीं है। अगर कंट्रोल हो तो फिर कार्यालय के आदेशों को ऐसा हवा में ना उड़ाया जाए।

## एक छत के नीचे मिलेंगी सब सुविधाएं : सुधीर सिंगला

### वार्ड-14 में निगम पार्षद के कार्यालय व सुविधा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने बुधवार को यहां वार्ड-14 में नागरिक सुविधा केंद्र और नगर निगम के पार्षद सुरेश प्रधान के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में मेयर मधु आजाद, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हम कटिबद्ध हैं। अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए जनता को दूर न जाना पड़े, इसलिए उनके डोर स्टेप पर नागरिक सुविधा केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे उनका समय भी बचेगा और पैसे की भी बचत होगी। विधायक ने कहा कि हम सब जनप्रतिनिधियों का यह कर्तव्य है कि हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतरें। जनता के द्वारा हमारा चुनाव होता है। इस चुनाव के बाद हमें जनहित में कार्य करके सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र में ऑनलाइन आवेदन समेत तमाम सुविधाएं मिलती हैं। क्षेत्र के पार्षद अपने क्षेत्रों में इस तरह के सुविधा केंद्र शुरू करके अपने वार्ड में लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने का काम करें। विधायक ने कहा कि पार्षदों की ओर से अपने-अपने वार्ड में जो काम किसी कारणवश अधूरे पड़े हैं, उन्हें पूरा करवाएं। चाहे वह गलियों का काम हो या फिर सीवरेज का। सभी कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर कराएं।



गुरुग्राम के वार्ड-14 में नागरिक सुविधा केंद्र की शुरुआत के मौके पर पौधारोपण करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उनके सिविल लाइन कार्यालय में भी नागरिक सुविधा केंद्र की शुरुआत गत दिनों की जा चुकी है। वहां पर लोग आकर सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

## आजाद हिंद फौज के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर होगा कार्यक्रम

### 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**गुरुग्राम।** आजाद हिंद फौज (आईएनए) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुड़गांव के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बता दें कि आजाद हिंद फौज की बागडोर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 21 अक्टूबर 1943 को साउथ ईस्ट एशिया रंगून, (बर्मा) में संभाली थी। जिसमें तकरीबन 60 हजार स्वतंत्रता सेनानियों ने हिस्सा लिया था। अंग्रेजों से देश को आजाद करवाने की कसम खाई थी। उसी दिन से लेकर आज तक सभी स्वतंत्रता सेनानियों का जोश उतना ही बरकरार है। आईएनए के स्थापना दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने इंडियन नेशनल आर्मी के साथियों से कहा था कि-तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल ने बताया कि अमृत महोत्सव के तहत देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों और रणबांकुरे की याद में हम सभी स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति भी अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों की याद में आजाद हिंद फौज का स्थापना दिवस मनाने जा रही हैं।

## डायरेक्टर ऑफरिसर्च - डिजिटल टेक्नॉलॉजी एवं फाइनेंस ट्रांसफॉर्मेशन लायजन कमिटी ऑन एकेडेमिक रिलेशंस आईएमए

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**आवश्यकता** अविष्कार की जननी है। प्लेटो ने कभी भी नहीं सोचा होगा कि वर्तमान में कोविड-19 महामारी में यह बात इतनी सारगर्भित हो जाएगी, कि लगभग हर महाद्वीप और हर उद्योग में उद्यमियों की पूरी एक नई पीढ़ी एवं अभिनवता की एक विशाल लहर को जन्म देगी।

आज के डिजिटलीकरण के युग में एक क्षेत्र, जिसमें अपार वृद्धि दर्ज हुई है, वह है रिमोट कस्टमर सर्विस से लेकर वर्चुअल वर्किंग और सप्लाई चेन में नए अन्वेषणों से लेकर संचालन में सुधार के लिए आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल। आर्थिक परिदृश्य में इस पुनरोद्धार का नेतृत्व मुख्यत: छोटे उद्यमियों ने किया। अकेले सन 2020 की तीसरी तिमाही में अमेरिका में नए व्यवसायों के लिए 1.5 मिलियन से ज्यादा आवेदन प्राप्त किए गए, जो 2019 की इसी अवधि के मुकाबले लगभग दोगुने थे। यह नई जीवनशैली ज्यादा डिजिटलाईजेशन के साथ परिवर्तन की तीव्र गति उत्पन्न कर रही है, जिसके कारण व्यवसायों को इस चुनौतीपूर्ण वातावरण में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए तीव्र निर्णय लेने पड़ रहे हैं। वित्तीय व गैरवित्तीय आंकड़ों की अद्वितीय उपलब्धता के साथ सामरिक व्यवसायिक साझेदार के रूप में, वित्त के कार्यों का भार अब छोटी व बड़ी कंपनियों की नेतृत्वकारी टीम के कंधों पर है, ताकि डेटा पर आधारित प्रभावशाली जानकारी द्वारा व्यवसायिक निर्णयों में मदद दी जा सके। पूरी दुनिया में फाईनेंस एवं अकाउंट व्यवसाय में परिवर्तन जारी है, जिससे ध्यान अकाउंट, रिपोर्टिंग एवं नियंत्रण की गतिविधियों से एडवांस्ड एनालिटिक्स एवं स्ट्रेट्जिक डिसीजन सपोर्ट की ओर केंद्रित हो रहा है तथा फाईनेंस एवं अकाउंट के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता अपनी टीमों के डिजिटल, एनालिटिक्स एवं स्ट्रेट्जी के कौशल को मजबूत कर रहे हैं। दुनिया मेंफाईनेंस के कार्यों में परिवर्तन का सफर डेटा स्टुअर्डशिप से वैल्यू क्रिएशन एवं डिसीजन सपोर्ट की ओर परिवर्तित हुआ है; और चुस्त फाईनेंस कार्य की जरूरत उत्पन्न हुई है। फाईनेंस कार्य की दीर्घकालिक व्यवहारिकता इस बात पर निर्भर है, कि संस्कृति में चुस्ती किस हद तक समाविष्ट हो सकती है। इसलिए, यह आवश्यक है कि वित्त के कार्य न केवल चुस्ती को अपनाएं, बल्कि फाईनेंस के परिवर्तन में भी चुस्त दृष्टिकोण का इस्तेमाल किया जाए।

### चुस्ती - डिजिटल युग में वित्तीय परिवर्तन का द्वार, द्वारा : लॉरियाल जाइल्स

## एचपीसीएल ने दिल्ली के चुनिंदा आउटलेट पर एचपीसीएल आओ कार ले जाओ अभियान शुरू किया

**पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली**

**महारत्न** कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एचपीसीएल आओ कार ले जाओ अभियान शुरू किया है, जिसके अंतर्गत पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली में एचपीसीएल के चुनिंदा 30 से अधिक पेट्रोल पंपों से ईंधन भरवाने पर ग्राहकों को कार, बाइक, लैपटॉप, एलईडी टीवी, स्मार्ट फोन, मुफ्त ईंधन वाउचर और कई और उपहार जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

अभियान की शुरुआत एचपीसीएल नॉर्थ जोन के मुख्य महाप्रबंधक राजेश मेहतानी द्वारा हेड एचपीसीएल दिल्ली रिटेल सिद्धार्थ मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, अंजू मिश्रा और अन्य अधिकारियों और सभी रिटेल आउटलेट्स डीलरों, जो इस मेगा कैंपेन का हिस्सा हैं, की उपस्थिति में खान मार्केट के पास बत्रा कार केयर सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में की गयी। यह अभियान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा। सभी टू व्हीलर ग्राहक जो 350/- रुपये व उससे अधिक का और सभी फोर व्हीलर ग्राहक जो 2000/- रुपये व उससे अधिक का ईंधन भरवाएंगे वे इस अभियान में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए एक अलग क्यूआर कोड तैयार किया गया है जिसे सभी पात्र ग्राहकों द्वारा स्कैन किया जा सकता है। अभियान अवधि के दौरान एलईडी टेलीविजन, लैपटॉप, मोबाइल फोन, स्पा वाउचर, स्कूटर आदि के भाग्यशाली विजेताओं के नाम घोषित करने के लिए साप्ताहिक ऑनलाइन लकी ड्रा आयोजित किया जाएगा। मुफ्त ईंधन वाउचर के भाग्यशाली विजेताओं की घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। एक भाग्यशाली ग्राहक के पास कार जीतने का मौका होगा। इसके अलावा, अभियान में भाग लेने वाले सभी ग्राहकों को सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा।



यह अभियान 13 अक्टूबर से जनवरी, 2022 के पहले सप्ताह तक पूरे त्योहारी सीजन को कवर करेगा। अभियान का उद्घाटन करते हुए राजेश मेहतानी ने कहा, यह अभियान इस त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों के लिए बहुत सारे उपहारों के साथ ढेरों खुशियां भी लाएगा।

## वंचित विद्यार्थियों को डिजिटल डिवाईस प्रदान करने के लिए अमेजन इंडिया ने 'डिलीवरिंग स्माईल्स' अभियान प्रस्तुत किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**बुधवार** को अमेजन इंडिया ने देश में डिजिटल अंतर को दूर करने और वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को डिजिटल डिवाइसेस की उपलब्धता बढ़ाने के अपने उद्देश्य की घोषणा की, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस उद्देश्य के साथ त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए कंपनी ने अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल 2021 के साथ-साथ डिलीवरिंग स्माईल्स अभियान के लॉन्च की घोषणा की।

यह कार्यक्रम ग्राहकों को दान देने और डिजिटल अंतर को दूर करने के कंपनी के उद्देश्य में हिस्सा लेने में समर्थ बनाएगा। अमेजन 150 से ज्यादा बड़े-छोटे नॉन-प्रॉफिट संगठनों के साथ साझेदारी में वंचित युवाओं को 20,000 डिजिटल डिवाइस प्रदान करेगा, जिससे भारत में 100,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इन 150 संगठनों में से अमेजन वॉल्युनटीयरिंग प्रोग्राम के तहत आंतरिक कर्मचारी नामांकनों के आधार पर 100 नॉन-प्रॉफिट पार्टनर्स को चुना जाएगा। इसके अलावा, ग्राहकों को नकद में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वो अपने मोबाइल फोन भी दान कर



सकते हैं, जिन्हें रिफर्बिश कर वितरित किया जाएगा, ताकि युवाओं को डिजिटल लर्निंग के उपकरण मिल सकें। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल डिवाईस की उपलब्धता से युवाओं को सीखने, खोजने और विकसित होने के अनेक अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। इसके बाद भी देश में काफी विशाल डिजिटल अंतर है। कोरोना महामारी ने इस डिजिटल अंतर को दूर करने की जरूरत पर बल दिया है और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वित्तीय सेवाओं की एक समान ऑनलाईन उपलब्धता सुनिश्चित करने का महत्व समझाया है।

डिलीवरिंग स्माईल्स अभियान द्वारा अमेजन इंडिया सीधे वंचित वर्ग के विद्यार्थियों व युवाओं को डिजिटल डिवाईसेस का योगदान संभव बनाएगा। इसका उद्देश्य भारत के डिजिटल उद्देश्य पूरे करने में योगदान देना है। अमेजन इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट, मनीष तिवारी ने कहा, कोविड-19 महामारी ने न केवल शिक्षा में, बल्कि आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता में मौजूद गंभीर डिजिटल अंतर पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित वंचित समुदाय के युवा हुए हैं। हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों और पार्टनर्स की मदद से हम युवाओं को डिजिटल डिवाइस द्वारा सशक्त बनाना चाहते हैं, ताकि यह अंतर खत्म हो सके और उन्हें अपने परिवारों के लिए ऑनलाईन शिक्षा व आवश्यक सेवाएं मिल सकें। यह देश के कोने-कोने में अमेजन इंडिया के ग्रेट इंडिया फेस्टिवल की खुशी पहुंचाने और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का हमारा प्रयास है। मनीष ने कहा, अमेजन हमारे देश के भविष्य में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें ज्ञात है कि प्रतिभा व जोश सभी युवाओं में होते हैं, लेकिन अवसर सबको नहीं मिल पाते। इसने हाल ही में हमें भारत में अपना ग्लोबल सिग्नेचर कंप्यूटर साईंस एजुकेशन अभियान, अमेजन फ्यूचर इंजीनियर, लॉन्च करने के लिए प्रेरित किया, जिसका उद्देश्य वंचित विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तायुक्त कंप्यूटर साईंस की शिक्षा एवं करियर के अवसर संभव बनाना है।

## जी बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स-2021 में केडीएम इंडिया ने राइजिंग ब्रांड ऑफ द डेकेड का पुरस्कार हासिल किया

**पायनियर समाचार सेवा। मुरादाबाद**

**कंज्यूमर** लाइफस्टाइल ब्रांड, चष्ठरू इंडिया ने बेहद सम्मानित एवं लोकप्रिय जी बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स-2021 में राइजिंग ब्रांड ऑफ द डेकेड' का पुरस्कार जीत लिया है। पिछले दशक में केडीएम इंडिया ने अपने उम्दा प्रदर्शन से एक मिसाल कायम की है, और इस बात को ध्यान में रखते हुए केडीएम इंडिया को इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी की बेहतरीन कंपनियों में सर्वश्रेष्ठ कंपनी के तौर पर सम्मानित किया है।

पुरस्कार के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए नीलेश माली, अध्यक्ष,प्रबंध निदेशक, केडीएम इंडिया ने कहा, जी बिजनेस जैसे बेहद सम्मानित मंच से राइजिंग ब्रांड ऑफ द डेकेड पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए गौरव की बात है। पिछले एक दशक में चष्ठरू ने लाइफस्टाइल और मोबाइल एक्सेसरीज के अग्रणी ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमें मोबाइल एक्सेसरीज और लाइफस्टाइल सेगमेंट में अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट्स विकसित करने पर बेहद गर्व है, जिसमें मोबाइल चार्जर,



ईयरफोन, और स्पीकर से लेकर हेडफोन तक के कई प्रोडक्ट्स शामिल हैं। भारत में हमारा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क काफी मजबूत है, और इसी वजह से हम भारत के सबसे बड़े और सबसे इनोवेटिव मोबाइल एक्सेसरीज एवं लाइफस्टाइल ब्रांड बनने के इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। कंपनी के निदेशक, भंवरलाल /भवरलाल सुथार ने कहा कि, पिछले दशक का हमारा सफर बेहद रोमांचक रहा है, साथ ही इस सफर को रोमांचक, दिलचस्प और इनोवेटिव बनाने का यह सिलसिला आने वाले 100 सालों तक बरकरार रहेगा। एक ब्रांड के रूप में हम जोश व उत्साह से भरे हैं, और हम डिजाइनिंग, पैकेजिंग, स्टाइल, गुणवत्ता, उपयोगिता और नई पीढ़ी के युवाओं की पसंद के लिहाज से हर दिन बेहतर हो रहे हैं। हमारे विनिर्माण केंद्रों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और हमें खुद को %मेड इन इंडिया% ब्रांड कहते हुए गर्व हो रहा है।

## आसान बिल पेमेंट के लिए एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के साथ मिलकर फोनपे ने किया क्लिकपे लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** के जाने-माने डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) के सहयोग से अपने ग्राहकों के लिए क्लिकपे का शुभारंभ करने की घोषणा की। क्लिकपे एक अद्वितीय भुगतान लिंक है जो ग्राहकों को बार-बार होने वाले ऑनलाइन बिल भुगतान (बिजली, पानी, गैस, ऋण, आदि) करने में सक्षम बनाता है और प्रत्येक बिलर, सेवा से जुड़े खाते के विवरण को याद रखने की जरुरत को दूर करता है।

बिलर द्वारा भेजा गया यह लिंक ग्राहक को तुरंत बिल राशि प्राप्त करने वाले भुगतान पेज पर ले जाएगा। फोनपे, क्लिकपे समर्थन को सक्षम करने वाले पहले भुगतान प्लेटफार्मों में से एक है, और यह बिल भुगतान करने से जुड़े विशिष्ट पहचानकर्ताओं, विवरणों को याद रखने की परेशानी को दूर करके ग्राहकों को लाभान्वित करता है - वे केवल अपने बिलर द्वारा भेजे गए क्लिकपे लिंक पर क्लिक करके भुगतान कर सकते हैं, जो इसे केवल दो-चरणीय प्रक्रिया बनाता है। यह लॉन्च बिल भुगतान के लिए जरुरी मैन्युअल इनपुट से प्रेरित त्रुटियों को कम करके क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद करेगा। फोनपे के ऑनलाइन मर्चेंट के निदेशक अंकित गौर ने लॉन्च पर कहा, हम क्लिकपे के लॉन्च के लिए एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के साथ साझेदारी करके काफी उत्साहित हैं। इससे बड़ी संख्या में संभावित ग्राहक ऑफलाइन क्षेत्र से अपने बिलों का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए प्रेरित होंगे। हमारा मानना है कि इससे उपभोक्ताओं के लिए बिलर की खोज और बिल भुगतान को सुविधाजनक बनाकर डिजिटल भुगतान को अपनाया जाएगा। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के उत्पाद और बाजार विकास प्रमुख राहुल टंडन, ने कहा क्लिकपे ग्राहक को सशक्त बनाने की ओर पहला कदम है, जिसमें मैन्युअल इनपुट और त्रुटियों के बिना आसानी से भुगतान किया जा सकता है। हमें PhonePe के साथ क्लिकपे सुविधा शुरू करने और विशाल ग्राहक आधार को मजबूत सुविधा प्रदान करने की खुशी है। क्लिकपे तेज भुगतान सुनिश्चित करेगा और भुगतान सेवा क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### फोनपे बना भारत बिलपे क्लिकपे को शुरू करने वाला पहला भुगतान प्लेटफार्म

### फोन पे के बारे में

**फोन** पे भारत का प्रमुख डिजिटल पेमेंट प्लेटफार्म है। इसके 30 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर हैं। फोनपे का इस्तेमाल करके, पैसे भेज जा सकते हैं और पाए जा सकते हैं और मोबाइल, DTH, और डेटा कार्ड रिचार्ज किया जा सकता है। इसके अलावा, स्टोर पर पेमेंट किया जा सकता है, बिजली, पानी, और गैस के बिल का पेमेंट किया जा सकता है, सोना खरीदा जा सकता है और निवेश किए जा सकते हैं। फोनपे ने सोने के उत्पाद लॉन्च करने के साथ, 2017 में वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में कदम रखा। इसके जरिए, फोनपे ग्राहकों को अपने प्लेटफार्म पर सुरक्षित तरीके से 24 कैरट सोना खरीदने का सुरक्षित और आसान विकल्प उपलब्ध कराया। तब से, फोनपे ने कई म्युचूअल फंड और बीमा उत्पाद लॉन्च किए हैं।

## अब घर बैठे ही करवा सकेंगे परिवार पहचान पत्र में संशोधन:एडीसी

### अतिरिक्त उपायुक्त ढाका ने कहा, अटल सेवा केंद्र पर जाकर परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर करवाएं अथवा स्वयं करें

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**अतिरिक्त** उपायुक्त सुभिता ढाका ने कहा कि नागरिक अब घर बैठे परिवार पहचान पत्र में नाम आदि की त्रुटि को दुरूस्त करवा सकते हैं। इसके लिए व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर जाकर स्वयं या किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर यह कार्य करवा सकते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रदेशभर के साथ-साथ जिला में भी परिवार पहचान पत्र बनाए गए हैं। परिवार पहचान पत्र बनवाने के दौरान नाम आदि कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, जिसको दुरूस्त करवाया जा सकता है।

त्रुटियां दुरुस्त करने के लिए 16 बिंदु निर्धारित किए हैं, जिनको ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वयं का नाम, पिता का पहला और अंतिम नाम, माता का पहला और अंतिम नाम, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आईएफएससी कोड, जाति श्रेणी, पेशा/व्यवसाय, आय, लिंग, मृत के रूप में चिन्हित करवाना, जिंदा के रूप में चिन्हित करवाना, दिव्यांग, वैवाहिक स्थिति,



योग्यता और आय कम भरवाई है तो उसे बढ़वाना से संबंधित शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं का पहला और अंतिम नाम, मोबाईल नंबर, लिंग से संबंधित त्रुटि पोर्टल पर दुरूस्त करवाने के दौरान आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरुस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पिता का पहला व अंतिम नाम, माता का पहला व अंतिम नाम, बैंक खाता और आईएफएससी कोड की त्रुटि पोर्टल पर दुरुस्त करवाने के दौरान परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरुस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मृत के रूप में चिन्हित करवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होगी, जिंदा के रूप में चिन्हित करवाने के लिए जीवन प्रमाण पत्र, दिव्यांग के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति के लिए विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, योग्यता की त्रुटि के लिए योग्यता की डिग्री की जरूरत होगी। पोर्टल पर इन पांच त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में वैरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। आय, पेशा/व्यवसाय आय दुरुस्त करवाने के लिए आय प्रमाण पत्र, व्यवसाय ठीक करवाने के लिए व्यवसाय का प्रमाण की जरूरत होगी।

पोर्टल पर इन दो त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से संबंधित टीम लीड/बीएलओ के पास वैरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वैरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जाति श्रेणी की त्रुटि दुरुस्त करवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होगी।

## विद्यार्थी जीवन में प्रतियोगिता में भागीदारी से निखरती प्रतिभा : हर्षित कुमार

### बाल महोत्सव का सहायक आयुक्त ने किया शुभारंभ, 17 तक चलेगा महोत्सव

**जिला बाल कल्याण परिषद ने आयोजित किया है बाल महोत्सव**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**सहायक** आयुक्त हर्षित कुमार ने बुधवार को स्थानीय सरदार गुरुमुख सिंह मेमोरियल स्कूल में बाल महोत्सव-2021 का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव में जिला के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी विद्यार्थी विभिन्न स्पर्धाओं में भागीदारी करेंगे। यह जिला स्तरीय महोत्सव आगामी 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से शुरु हुआ।

सहायक आयुक्त हर्षित कुमार ने महोत्सव के प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बाल महोत्सव का मंच दे रहा है। विद्यार्थी जीवन में प्रतिभा निखारने के लिए एक उचित मंच है। इस मंच के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है। बाल कल्याण परिषद एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को उनकी आयु,



बच्चों द्वारा बनाए गए क्ले मॉडल, दिया डैकोरेशन, कलश सजावट का अवलोकन करते सहायक आयुक्त हर्षित कुमार और अन्य।

रुचि एवं योग्यता के अनुसार उनको विविध कलाओं के प्रदर्शन के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध करवाती है और उनकी कला को निखारती है। उन्होंने कहा कि बच्चे बाल महोत्सव को त्योहार के रुप में मनाएं तथा एक-दूसरे को खुशियां बांटने का काम करें। उन्होंने सभी बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

सहायक आयुक्त हर्षित कुमार ने इस मौके पर बच्चों द्वारा बनाए गए क्ले मॉडलिंग, दिया डैकोरेशन, कलश सजावट का अवलोकन किया तथा उनकी कला को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से जो चित्रकारी की है। उससे लगता है मेवात के बच्चों में कोई टेलेंट की कमी नहीं है। जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन विभिन्न वर्गों में स्कूली बच्चों ने पेटिंग प्रतियोगिता, मूर्ति प्रतियोगिता, क्लश प्रतियोगिता, ग्रुप डांस, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में जिले भर के सरकारी व गैर-सरकारी 70 स्कूलों के 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए चार आयु वर्ग बनाये गए हैं। कक्षा पाचवीं तक प्रथम वर्ग, कक्षा छठी से आठवीं द्वितीय वर्ग, कक्षा नौवीं से दसवीं तक तृतीय वर्ग व कक्षा ग्यारहवी से बारहवीं तक चतुर्थ वर्ग होगा।

उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर की गतिविधियां जैसे कि एकल नृत्य, बेस्ट ड्रामेबाज, स्केचिंग ऑन स्पोर्ट, हस्त लेखन अग्रेजी, हस्त लेखन हिंदी तथा 16 अक्टूबर के लिए देश भक्ति समूह गीत, फन गेम, लडको व लड़कियों के लिए, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 17 अक्टूबर के लिए फैंसी ड्रेस, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि जिला स्तर के इस महोत्सव में अव्वल रहने वाले बच्चों को मंडल स्तर पर होने वाले महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। मंडल स्तर के बाद राज्य स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल बाल कल्याण अधिकारी पुष्पेन्द्र यादव, सरदार जीएस मलिक, अशरफ मेवाती सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापकगण मौजूद रहे।

## विधायक ने मेडीकल कॉलेज और खाद का मामला उठाया

**एसीएस एसएन रॉय और सुमीता मिश्रा से मिले आफताब अहमद**

दीपक कुमार। नूंह

नूंह विधायक व हरियाणा कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बुधवार को चण्डीगढ़ में मेडिकल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव एसएन रॉय आईएएस से बैठक की। जिसमें शहीद हसन खान मेवाती मेडीकल कॉलेज नल्हड में स्वास्थ सेवाओं में सुधार की मांग की है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उन्होंने हाल ही में शहीद हसन खान मेवाती मेडीकल कॉलेज का निरीक्षण किया था। जिसमें कई खामियां उन्हें मिलीं। जिनका प्रभाव मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। एसीएस ने विधायक को आश्वस्त किया कि इन खामियों को जल्द दूर किया जाएगा ताकि मरीजों को इलाज में परेशानी ना हो। विधायक ने एसीएस से कहा कि वो स्वयं भी मेडीकल कॉलेज का दौरा करें ताकि हालात सही हो सकें।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मेडीकल कॉलेज में डॉक्टरों का अभाव है जिससे मरीजों के इलाज में भारी दिक्कत पेश आती है, कॉलेज में बच्चों के डॉक्टरों का भी अकाल है, अब जाकर 6 डॉक्टरों को अस्थाई तौर पर मेवात भेजा गया है। आफताब अहमद ने एसीएस एसएन रॉय



आफताब अहमद विधायक।

आईएएस को कहा कि छोटे छोटे यंत्रों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो पाता है, एक्सरे-अल्ट्रा साउंड तक नहीं हो पाते हैं, ना रेडियोलॉजिस्ट है, मेडीकल कॉलेज दुर्दशा का शिकार है। विधायक ने मेडीकल कॉलेज में सुधार की मांग की है, वहीं एसीएस ने विधायक को आश्वस्त किया है कि वो खुद हालातों को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास व मदद करेंगे। आफताब अहमद ने इस दौरान मेडीकल कॉलेज में अस्थाई नौकरियों में ठेकेदारों द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए एसीएस से कहा कि भ्रष्टाचार का आलम ये है कि अस्थाई नौकरियों में पैसे लेकर कुछ दिन बाद नौकरी से भी निकाल दिया जाता है।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मेडीकल कॉलेज में हर मर्ज के डाक्टर होने चाहिए लेकिन डॉक्टरों का घोर अभाव है। इस दौरान विधायक ने एसीएस को कहा कि क्यों मेडीकल कॉलेज में स्थाई निदेशक नहीं है, कोरोना जैसे समय में ही कॉलेज में अस्थाई निदेशक से काम चलाया गया जो एक गलत परंपरा है।

## गुरुग्राम में डेंगू, मलेरिया की स्थिति नियंत्रण में: डा. यश गर्ग

**मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए गुरुग्राम में हुई बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**उपायुक्त** डा. यश गर्ग ने कहा कि डेंगू व मलेरिया को लेकर जिला में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। ऐसे में जरूरी है कि लोग आवश्यक सावधानी बरतें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों का गंभीरता से पालन करें। यह बात उन्होंने अपने कार्यालय में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक में कही।

बैठक में सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में अब तक डेंगू के 133 मामले सामने आए है, जिनमें से केवल 28 मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलैट्स (एसडीपी) की आवश्यकता पड़ी है। इसी प्रकार जिला में अब तक डेंगू के 2 हजार 337 सैंपल डेंगू के एकत्रित किए गए हैं। इसके साथ ही जिला में रैपिड फीवर मास सर्वे टीम द्वारा रोजाना शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 12 हजार घरों को सर्वे किया जा रहा है। जिला में मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम की 38 टीमों द्वारा फोगिंग की जा रही है। बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम द्वारा रेंडम डोनर प्लेटलैट्स (आरडीपी) तथा एसडीपी को लेकर ब्लड बैंकों से तालमेल स्थापित करते हुए काम किया जा रहा है। जिला में कार्यरत सभी ब्लड बैंको को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे मरीजों से 11 हजार 500 रुपये से अधिक चार्ज नहीं कर सकते। इसी प्रकार नागरिक अस्पताल द्वारा डेंगू के जरूरतमंद मरीजों को 8500 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से उपलब्ध करवाया जा रहा है और हरियाणा के स्थानीय निवासियों तथा बीपीएल के मरीजों को एसडीपी व आरडीपी नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## सुरक्षा कवच है कोरोना वैक्सीन, जरूर लगवाएं : डीसी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक कोरोना वैक्सीनेशन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिले में विभिन्न सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन की पहली तथा दूसरी डोज लगाई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि लोगों को बिना किसी डर व संकोच के कोविड का टीका लगवाना चाहिए। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को सफल बनाने में आमजन को पूरा सहयोग अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम टीकाकरण के साथ ही कोरोना वायरस पर जीत प्राप्त करने में कामयाब होंगे।

## हरेरा ने एम3एम बिल्डर पर ठोंका तीन करोड़ रुपये का जुर्माना

**अपंजीकृत परियोजनाओं का विज्ञापन देने पर की कार्रवाई**

पायनियर सामचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी गुरुग्राम ने एम3एम प्राइवेट लिमिटेड ने अंपजीकृत परियोजनाओं के विज्ञापन देकर हरेरा के नियमों का उल्लंघन किया। इस ऐवज में हरेरा ने एम3एम बिल्डर पर 3 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका है।

हरेरा की ओर से एम3एम को बार-बार निर्देशों के बावजूद अपनी अपंजीकृत परियोजनाओं के विज्ञापन के लिए अवहेलना में शामिल पाया गया। मामले का संज्ञान लेते हुए अथॉरिटी ने एम3एम पर उनके सेक्टर-89 स्थित प्रोजेक्ट सिटी ऑफ ड्रीम्स नामक परियोजना में बुटीक फ्लोर्स के विज्ञापन



एम3एम का प्रोजेक्ट सिटी ऑफ ड्रीम्स, इसी का विज्ञापन देने पर हरेरा ने लगाया जुर्माना।

के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा सेक्टर-61 स्थित एक अन्य परियोजना स्मार्ट वर्ल्ड फ्लोर्स के लिए 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सेक्टर-61 स्थित स्मार्ट वर्ल्ड डेवेलपर्स और सुपोशा रियलकॉन प्राइवेट पर भी 50-50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्रमोटर अपनी अपंजीकृत परियोजनाओं का विज्ञापन सीधे या अपने चैनल पार्टनर/रियल एस्टेट एजेंटों के माध्यम से करवा रहे हैं। रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सभी कमर्शियल या आवासीय परियोजनाओं को लॉन्च करने से पहले पंजीकृत करना अनिवार्य बनाता है। यह देखा गया है कि प्रमोटर अपनी परियोजनाओं को पंजीकृत नहीं करवा रहे हैं, बल्कि निवेशकों को निवेश के लिए लुभाने के लिए उन्हें बाजार में विज्ञापित करवा रहे हैं।

## रैली में विकास को एक नया आयाम देंगे मुख्यमंत्री : विधायक संजय सिंह

### दर्जनों गांवों में न्योता देकर कहा, महाराणा प्रताप प्रतिमा के अनावरण को 23 अक्टूबर को आएंगे मुख्यमंत्री

**तावडू क्षेत्र के दो दर्जन गांव का दौराकर विधायक संजय सिंह ने सुनीं समस्याएं**

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**सोहना** तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक संजय सिंह ने बुधवार को क्षेत्र के गांव पचगावा, बुराका, गवारका, भाजलाका, चीला, छारोडा, चिलावली, सिलखो, नानुका, मंडारका, बावला, कांगरका, भोगीपुर, सुबासेडी, रानियाकी और



ग्रामीण को संबोधित करते हुए विधायक संजय सिंह और अन्य लोग।

सेवका आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनीं। समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने मौके पर ही सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उनका जल्द से जल्द समाधान करने का आदेश दिया।

विधायक संजय सिंह ने इन गांवों में आयोजित सभाओं में संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 23 अक्टूबर को सोहना विधानसभा के गांव सिमरथला में महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण समारोह के मौके पर आयोजित रैली में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधायक संजय सिंह ने ग्रामीणों से 23 अक्टूबर को सिरमथला में महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण समारोह में आने का न्योता दिया। साथ ही उन्होंने ने क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिरमथला की रैली में तावडू के विकास को नया आयाम देंगे।

इस मौके पर तावडू भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश प्रधान, सीएम विंडो के एमिनेंट सिटीजन राजेंद्र यादव उर्फ लालाजी, ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव, व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव मोहम्मदपुर अहिर से संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का घर से लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहम्मदपुर अहिर निवासी प्रदीप ने बताया कि वर्ष 2014 में उसकी शादी सरिता निवासी बहरामपुर जिला गुरुग्राम के साथ हुई थी। उसके 4 और 6 वर्ष के दो बच्चे हैं। प्रदीप का कहना है कि गत 9 अक्टूबर शाम चार बजे के करीब उनकी पत्नी सरिता बच्चों को घर पर छोड़कर अचानक लापता हो गई। सदर थाना पुलिस ने प्रदीप के बयान पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन की निगरानी में बांटी सरकारी खाद



किसानों को खाद वितरण का कार्य करते हुए खाद भंडार संचालक।

**पुन्हाना।** उपमण्डल अधिकारी मनीषा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार मंगलवार को नायब तहसीलदार कंवर लाल व सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार के निगरानी में किसानों को खाद वितरण का कार्य किया गया। किसान खाद भण्डार सरकारी खाद के दो सौ कट्टे दुकान संचालक राजेन्द्र प्रसाद की अगुवाई में प्रत्येक किसान को एक-एक कट्टा वितरित किया। इस दौरान कृषि विभाग से क्यूसीआई अजय तोमर व बीईओ अभय राम मौजूद रहे। किसान खाद भण्डार के संचालक राजेन्द्र प्रसाद मंगला ने बताया कि जितनी मात्रा में उनके पास सरकारी खाद आ रही है, उनके द्वारा सभी किसानों को उसी हिसाब से खाद का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य सभी किसानों को उनके कृषि अनुसार खाद उपलब्ध हो और किसानों को वितरित की जाए। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को देखते हुए खाद की अधिक मांग है। जबकि पीछे से सप्लाई कम आ रही है। उन्होंने बताया कि उनके लिए अधिक मात्रा में खाद भेजी जाए ताकि किसानों को अधिक अधिक खाद वितरण हो सके। ताकि खाद किल्लत भी खत्म हो। आपको बता दें कि खाद की किल्लत को लेकर सोमवार को एसडीएम पुन्हाना ने सम्बंधित विभाग अधिकारियों के अलावा खाद भण्डार संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें खाद किल्लत की समस्या को देखते हुए खाद वितरण के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई ताकि आसानी से किसानों को खाद वितरित की जा सके। मंगलवार को आये मात्र दो सौ कट्टों की सूचना जैसे किसानों तक पहुंची तो भारी संख्या में किसान अनाजमंडी स्थित खाद वितरण स्थल पर पहुंच गए। कुछ समय तक वहीं खाद वितरण करने के बाद शेष खाद के कट्टों को स्थानीय सिटी चौकी में वितरण किया गया।

### पराली जलाने से कम होती है जमीन की उपजाऊ शक्ति

**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कि सभी किसान संतुलित पर्यावरण के लिए फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को न जलाएं, बल्कि इन्हें भूमि में मिलाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं। किसान पराली प्रबंधन मशीनों का प्रयोग कर प्रदूषण से मुक्ति पाने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों को बचाकर फसलों की पैदावार में वृद्धि कर सकते है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से जहां जमीन की उर्वरा शक्ति खत्म होती है, वहीं उसके कीट मित्र नष्ट हो जाते हैं। इसलिए किसानों को समय रहते जागरूक होना होगा और पराली प्रबंधन कर पर्यावरण सरंक्षण में सहयोगी की भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से हानिकारक गैसों से उत्सर्जन से श्वसन रोग बढ़ता है, भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा मित्र कीट नष्ट होते हैं। बेहतर पराली प्रबंधन से प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण मिलता है तथा रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होती है। फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृषि उपनिदेशक व सहायक कृषि अभियंता से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 पर भी फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है।

### चेन्नई से तावडू आ रहे ट्रक से दो लाख रुपये के चार लैपटॉप चोरी

**तावडू।** चेन्नई से तावडू उपमंडल के बिलासपुर रोड पर स्थित एक वेयरहाउस का सामान ला रहे ट्रक से चार लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी हुए सभी लैपटॉप की कीमत लगभग दो लाख रुपए बताई गई है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टेलर वेलु चैन सोलुशन के वेयरहाउस के मैनेजर अशोक कुमार ने बताया कि 175 लैपटॉप और बड़ी संख्या में शर्टों भरा एक ट्रक बीती दो अक्टूबर शाम को चेन्नई से लोड होकर तावडू वेयरहाउस के लिए रवाना हुआ था। जो 6 अक्टूबर को तावडू वेयरहाउस पहुंचा था। मैनेजर के मुताबिक ट्रक को खाली करते समय उसमें से चार्जर सहित चार लैपटॉप गायब मिले। उन्होंने बताया कि ट्रक में लगे जीपीएस के मुताबिक तावडू आते समय ट्रक हरियाणा की सीमा में कई जगह पर रुका था। बताया कि ट्रक चालक चालक हामीद निवासी गांव धीमरी जिला भरतपूर राजस्थान ने धोखाधड़ी करके लैपटॉप चोरी किए हैं, वहीं वह गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### द्रोण नगरी में धूं-धूंकर जली रावण की सोने की लंका



**गुरुग्राम।** हर साल हाइटेक होती जा रही इस रामलीला को इस बार फेसबुक पर भी ऑनलाइन ही दिखाया जा रहा है। रामलीला के दमदार कलाकार रहे स्वर्गीय यादराम सौदा के पौत्र रोहित सौदा पुत्र अशोक सौदा ने अक्षय कुमार का दमदार अभिनय किया। नौवें दिन की रामलीला में सुग्रीव ने अपने भाई बाली की सारी कहानी बताई। उसका दुख सुनकर श्री राम ने कहा कि आज शाम तक तुम्हारी पत्नी और राज्य तुम्हें दिला देंगें। कहेनुसार सुग्रीव बाली को युद्ध के लिए ललकारते हैं। बाली (अमित सैनी) द्वारा सुग्रीव को पीट-पीटकर घायल कर दिया जाता है, लेकिन श्री राम उसे मारने से चूक जाते हैं। वापस आकर सुग्रीव कहते हैं आपने तीर क्यों नहीं चलाया। राम के कहने पर सुग्रीव (अभिषेक वशिष्ठ) ने एक बार फिर से बाली को ललकारा। इस बार बाली को युद्ध करने से उनकी पत्नी तारा रोकती है। बाली नहीं मानता और युद्ध को चला जाता है। इस बार सुग्रीव के गले में राम जी ने माला पहना दी, ताकि उसकी पहचान रहे। मौका पाकर उन्होंने बाली को तीर मार दिया और वे घायल होकर गिर पड़े। काफी संवाद के बाद बाली ने अपने बेटे बाल अंगद (आदित्य सैनी) को श्री राम को सौंप दिया। इसके बाद पूरी वानर सेना सीता जी को ढूंढने की तैयारी करने लगी।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Sanjeev Kumar S/o Sh. Chander Bhan Jhamb R/o H. No. 2B/44, NIT Faridabad have changed my name to Sanjeev Jhamb.

I, Graccy Jassi D/o Sukhbir Singh R/o J-2920, Sainik Colony, Sector-49, Faridabad have changed my name to Graccy Singh.

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बिजली संकट

## मानवजनित कारक


**वर्तमान** बिजली संकट पूरी तरह मानव-जनित कारण से है। बढ़ी हुई मांग का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था। इसमें नियोजन तथा क्षमता का प्रमुख स्थान है। स्थिति खतरनाक है क्योंकि कोयले का भंडार कम हो रहा है तथा कोल इंडिया, एनटीपीसी व भारतीय रेल बिजली कंपनियों तक कोयला पहुंचाने के सारे प्रयास कर रहे हैं। यह कोई गोपनीय बात नहीं है कि देश पर संकट क्यों आया। कोविड-19 के कारण लागू लाकडाउन से मांग में कमी आई थी। इसके बाद अनलाक में न केवल आवासीय, बल्कि औद्योगिक बिजली की मांग भी बढ़ गई। अगस्त, 2021 में भारत ने 124 बिलियन यूनिट बिजली उपभोग की जो 2019 से 17 प्रतिशत अधिक थी। दूसरा, पिछले दो महीने में भारत का कोयला आयात घटा तथा कोयले की अंतरराष्ट्रीय कीमतें चीन की मांग बढ़ने के कारण बढ़ीं। इसके परिणामस्वरूप बिजलीघरों ने कोयला आयात करना बंद कर दिया या बिजली उत्पादन घटा दिया। तीसरा, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में ताप बिजलीघरों में कोयले का उपयुक्त संरक्षित भंडार नहीं था। चौथा, अगस्त व सितंबर में कोयला खदान वाले क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण खानों से कोयले की सप्लाई घटने के कारण परेशानी बढ़ी। इन सबके कारण भारत में संकट आया। उदाहरण के लिए, 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्रालय ने शिखर मांग तथा उपलब्ध बिजली सप्लाई के बीच 4 गीगावाट से अधिक का अंतर स्वीकार किया।



आखिर इसका जिम्मेदार कौन है तथा अप्रैल-मई में बढ़ती मांग और आगामी मानसून के कारण संभावित समस्याओं को देखते हुए पहले से योजना क्यों नहीं बनाई गई? क्या यह कोल इंडिया की प्रमुख जिम्मेदारी है जिसे कोयले की सप्लाई पर नजर रखने का काम दिया गया है। कोयला खनन एक जटिल मामला है। कंपनियां केवल कोयला निकाल कर शांत नहीं बैठ सकती हैं। उत्पादन की उठान के साथ संगति बनानी होती है क्योंकि कोयले का ज्यादा भंडार नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून लंबा खिंचने या भारी बरसात के कारण खुली खदानों से उठान प्रभावित हो सकती है और पिछले दो सप्ताहों में यही हुआ है। इस संबंध में कोल इंडिया का रिकार्ड भी कभी अच्छा नहीं रहा है। अधिकांश उत्पादन के लिए उसकी निर्भरता उथली व खुली खदानों पर बढ़ी है। उसे गहरी खनन तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता फौरन बढ़ानी चाहिए। कोयला ब्लाकों में क्षमता का सवाल भी है क्योंकि कोल इंडिया लिमिटेड को आबंटित ब्लाक निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। कोयले से बिजली बनाने के संबंध में नए यथार्थ पर भी गौर करने की आवश्यकता है। सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा के कारण प्रतियोगिता बढ़ी है तथा प्रदूषण का प्रमुख स्रोत होने के कारण कोयले पर निशाना लगाया जा रहा है। दूसरी ओर बिजली की कमी पर राज्यों का शोरशराबा कोयला भुगतान के बकाए के बावजूद है। राज्य बिजली बोर्डों तथा बिजली पैदा करने वाली कंपनियों पर कोल इंडिया का 21,619.7 करोड़ रुपया बकाया है। कुछ राज्यों ने ताप बिजलीघरों से बिजली खरीद अनुबंधों को विस्तार न देकर सवाल खड़े किए हैं और वे स्पाट एक्सचेंजों से महंगी बिजली खरीद रहे हैं। कोयला सप्लाई समस्याओं का पहले से पूर्वानुमान न लगाने तथा समुचित भंडार न बनाने वाले बिजलीघर भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। कोयले की सप्लाई में धीरे-धीरे सुधार होगा, पर बिजली की स्थिति में अगले साल की शुरुआत में ही स्थायित्व आएगा। वर्तमान संकट से हमें समुचित सबक ले कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

# करिश्माई नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण

### पुस्तक कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करती है



**आनंद कुमार**
(लेखक जेएनयू से सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)




जयप्रकाश नारायण (जिन्हें 'जेपी' कहा जाता है) भारत के सबसे करिश्माई नेताओं में से एक थे। उन्होंने निस्वार्थता और दृढ़ विश्वास के साहस के दुर्लभ संगम का प्रतिनिधित्व किया। उनके मार्क्सवादी वर्षों में, अनुयायियों ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद जेपी को भारत के लेनिन के रूप में देखा। उनके जीवन की शाम में, छात्रों और युवाओं ने उन्हें 'लोकनायक' कहकर अपनी प्रशंसा व्यक्त की। 1930 से 1979 तक पांच दशकों तक भारतीय राजनीति और समाज में उनकी अद्वितीय भूमिकाओं के कारण ही जेपी की जीवन यात्रा कार्यकर्ताओं और विद्वानों की पीढ़ियों के बीच एक आकर्षक कथा प्रदान करती रही है। साथ ही, यह एक हैरान करने वाला तथ्य रहा है कि जयप्रकाश को हमेशा विरोधाभासी तरीकों से देखा जाता था। उदाहरण के लिए, आचार्य विनोबा भावे और अन्य सर्वोदय सहयोगियों ने उन्हें एक संत कहा, जबकि कांग्रेस (इंदिरा) के अध्यक्ष डीके बरुआ ने उन्हें भ्रष्ट समर्थकों के साथ एक फासीवादी बताया।

बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद (2021, गुड़गांव, पेंगुइन रैंडम हाउस) द्वारा 'द ड्रीम ऑफ रेवोल्यूशन - जयप्रकाश नारायण की जीवनी' कम से कम चार कारणों से स्वतंत्रता और क्रांति के उपासक के बारे में एक उत्कृष्ट पुस्तक है। सबसे पहले, पिता (एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद) - बेटी (एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ नौकरशाह) टीम, जो दो अलग-अलग पीढ़ियों और दो अलग-अलग झुकावों का प्रतिनिधित्व करती है, जेपी को दशकों से अच्छी तरह से जानती थी। दूसरे, इसमें केवल दस छोटे अध्यायों की एक पठनीय पुस्तक में जेपी के विचारों और पहलों के बारे में कई खंडों का आसवन है। तीसरा, यह कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करता है। अंत में, यह क) गांधी और विनोबा की शिक्षाओं के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाता है; बी) जवाहरलाल नेहरू, समाजवादियों और इंदिरा गांधी की राजनीति; और ग) जयप्रकाश और प्रभावती के जीवन को आकार देने में लोकतांत्रिक राष्ट्र-निर्माण की अनिवार्यताओं को बदलना।

पुस्तक पढ़ने योग्य है क्योंकि दोनों लेखकों ने निष्पक्षता और आत्म-संयम का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य इतिहासकारों की तुलना में जेपी के गुणों पर चर्चा करने के लिए वे आलोचनात्मक मूल्यांकन से नहीं कतराते हैं, लेकिन काफी उदारवादी बने रहते हैं।

मेरे जैसे जेपी आंदोलन के दिनों के एक कार्यकर्ता के लिए 'क्रांति का सपना' पढ़ना एक रोशन अनुभव था क्योंकि यह 'भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण' की जीवनी नहीं है। यह जेपी की एक अच्छी तरह से प्रलेखित जीवन-कहानी है - विद्रोही-असाधारण रूप से एक अनूठी शैली में लिखा गया है जहां अक्सर सिर्फ एक वाक्य कुछ सौ छवियों को उजागर करता है। मैं इस पुस्तक से गद्य की शक्ति के कुछ उदाहरण प्रस्तुत करता हूं। उनकी समाजवादी राजनीति के दिनों के बारे में तीन अलग-अलग अध्यायों से ऐसी तीन पंक्तियां हैं : 1) 'जयप्रकाश नारायण की राजनीति की सबसे तीखी आलोचनाओं में से एक उनकी पत्नी प्रभावती से आई है।' (अध्याय 4, पृष्ठ 53); 2) 'जयप्रकाश ने समाजवाद में संक्रमण को एक सीधी सड़क नहीं, बल्कि परस्पर विरोधी रास्तों की एक उलझन के रूप में देखा।

कुछ प्रणालीगत चुनौतियों के प्रति उनके उन्मुखीकरण के बारे में यहां तीन अन्य वाक्य दिए गए हैं : 1) 'जयप्रकाश का स्वप्नलोक अकेले पार्टी-विहीन लोकतंत्र के विचार पर नहीं, बल्कि इच्छाओं की स्वैच्छिक सीमाओं पर आधारित एक नए प्रकार के आर्थिक ढांचे पर आधारित था।' (अध्याय।) 7, पी. 131); 2) 'इतिहास और राजनीति की गड़गड़ाहट के माध्यम से, जयप्रकाश का जीवन लगातार उद्धरण और स्मारक के बीच घूमता रहा - और यही इसे इतना खास बनाता है।' (अध्याय 7, पृष्ठ 143), और 3) 'नक्सलवादी आंदोलन को घेरने वाले मिथकों को दूर करते हुए, जयप्रकाश ने तर्क दिया कि हिंसा के लिए जमीन बेरहम शोषण, पुरानी गरीबी और संचित अन्याय की दृढ़ता से तैयार की गई थी।' (अध्याय 8, पृष्ठ 156)।


अब हम 'संपूर्ण क्रांति' (1974) के लिए उनकी युगांतरकारी छलांग से ठीक पहले की सबसे महत्वपूर्ण अवधि के बारे में इसी तरह की पावर-पैक पंक्तियों को पढ़ने के लिए आगे बढ़ सकते हैं : 1) 'जयप्रकाश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर इंदिरा का सावधानीपूर्वक तैयार किया गया जवाब धैर्यवान, सुलह करने वाला, यहां तक कि थोड़ा विचलित।' (अध्याय 8, पृ.167); 2) 'किसी को आश्चर्य होता है कि क्या प्रभावती की मृत्यु के बाद इंदिरा में भय की भावना पैदा हुई। उनकी मृत्यु के साथ, जयप्रकाश के जीवन में संयम की आवाज भी मर गई।' (अध्याय 8, पृष्ठ 169); और 3) 'वर्ष 1973 एक क्रांति के साथ नहीं बल्कि निश्चित रूप से एक की सूचना के साथ समाप्त हुआ।' (अध्याय 9, पृष्ठ 170)।

आइए हम पिछले दो अध्यायों - 'होप इन डार्क टाइम्स' (अध्याय 9) और 'द डेथ ऑफ ए ड्रीम' (अध्याय 10) से कुछ उदाहरणों को रेखांकित करके इस अभ्यास को समाप्त करें : 1) 'नवंबर 1974 एक निश्चित महीना था। आंदोलन के इतिहास में।' (पी.185); 2) 'जयप्रकाश और इंदिरा के मित्रों ने समझौता करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।' (पृष्ठ 187); 3) 'इंदिरा विरोधी मोर्चे का समर्थन करने के लिए जयप्रकाश को दिल्ली वापस लाने के लिए कुछ हद तक अनुनय-विनय करना पड़ा।' (पृष्ठ 195); 4) 'इंदिरा ने संजय और उनके हाथ से उठाए गए गुंडागर्दी के कबाड़ को नियंत्रण सौंप दिया।' (पृष्ठ 196), और 5) 'जैसे ही तूफानी बादल छाए, किसी ने जयप्रकाश की राय लेने की जहमत नहीं उठाई। एक मायने में, यह इतिहास स्वयं को ही दोहरा रहा था, और उनकी दुर्दशा 1947 में गांधी से बहुत अलग नहीं थी।' (पृष्ठ 215)

यह सचेत करना महत्वपूर्ण है कि बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद के इस योगदान की मदद से जेपी को जानने के बाद, एक संबंधित पाठक यह पूछने के लिए ललचा सकता है कि कई अत्यधिक प्रभावशाली लोगों द्वारा कोमल जयप्रकाश का ऐसा अनुचित चित्रण क्यों किया गया है। उन्हें 'ऊंची सोच', एक भ्रमित दिमाग, एक निराश जीवन जीने वाला, 'धुंधली, भोली और अवास्तविक सोच', 'भारतीय राजनीति और राजनेताओं का एक गरीब न्यायाधीश', हिंदू सांप्रदायिक ताकतों को सम्मान देने वाला, और प्रति-क्रांति की ताकतों के सिरमौर के साथ एक व्यक्ति के रूप में क्यों लेबल किया गया था।

किसी भी मामले में, पिता-पुत्री टीम द्वारा जेपी का मूल्यांकन अल्बर्ट कैमस द्वारा सिसिफस के मंत्रमुग्ध कर देने वाले विवरण के करीब है। सिसिफस (ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक विद्रोही) को देवताओं द्वारा एक पहाड़ की चोटी तक एक चट्टान को रोल करने की निंदा की गई थी, केवल चट्टान को हर बार शीर्ष पर पहुंचने पर नीचे की ओर लुढ़कने के लिए। लेकिन क्या सिसिफस मुस्कुराया जब वह चट्टान के साथ शीर्ष पर पहुंचा? भारत के लोगों की सामूहिक स्मृति का अविनाशी हिस्सा बनने के लिए जाने से पहले मैंने अपने सिसिफस को सत्ता के गर्व या सफलता के अहंकार के बिना मुस्कुराते हुए देखा है।

# टाटा को मिली एयर इंडिया की कमान



**राजेश कुमार**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

टाटा संस द्वारा कर्ज के बोझ से लदी राष्ट्रीय विमान कंपनी में सरकार के शत-प्रतिशत शेयर खरीदने की बोली में सफलता प्राप्त करना वास्तव में 68 साल बाद एयर इंडिया की 'घर वापसी' है। इस वर्ष दिसंबर तक इसे टाटा को सौंपने की औपचारिकतायें पूरी होने की उम्मीद है। अब रतन टाटा के असली बिजनेस कौशल की परीक्षा एयरलाइन को फिर से पटरी पर लाना होगा, पर यह आसान काम नहीं है, हालांकि समूह की अन्य कंपनियों तथा इंडियन एयरलाइन के बीच एक संगति जरूर है। व

र्तमान समय में बीमार एयरलाइन को मूलत: 1932 में अग्रणी उद्योगपति जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के नेतृत्व में टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में शुरू किया गया था। भारत की स्वतंत्रता के कुछ साल बाद 1953 में सरकार ने एयरलाइन कंपनी में अधिकांश शेयर खरीद लिए थे और इस प्रकार एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण हो गया था। ईमानदारी से देखा जाए तो एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां, ढांचागत संरचना, उड़ानें तथा द्विपक्षीय समझौते हैं। टाटा के पास टाटा इंजीनियरिंग, ताज सैट्स, आईएचसीएल व अन्य कंपनियां हैं। उनको एयर इंडिया की ढांचागत संरचना, परिसंपत्तियों तथा उड़ानों से लाभ मिल सकता है। टाटा को दसियों हजार करोड़ रुपये की पूंजी बैलेंसशीट ठीक करने, एयरलाइन के दायित्वों का भुगतान करने तथा विकास करने पर खर्च करने होंगे। उन्हें एयरलाइन को ऐसे मोड़ पर लाना होगा जहां वह सार्थक रूप से एक प्रभावी वैश्विक प्रतियोगी बन सके।

यह राष्ट्रीय विमान कंपनी को बेचने का तीसरा प्रयास था और इस बार केन्द्र इसमें सफल हुआ है। उसने सबसे अधिक बोली बोलने वाले को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दी है। विमान कंपनी में विनिवेश के शुरुआती प्रयास विफल हुए थे जिसके बाद जनवरी, 2020 में यह प्रक्रिया पुन: शुरू की गई, पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इसमें बाधा आई। अप्रैल 2021 में सरकार ने संभावित बोलीकर्ताओं से अपनी बोलियां सामने रखने को कहा था। चूंकि बोलीकर्ताओं को कुछ शर्तें पसंद नहीं थीं, इसलिए सरकार ने अक्टूबर में इन धाराओं में परिवर्तन कर एयर इंडिया के कर्ज को नए निवेशक को हस्तांतरित करने का फैसला किया। इससे बोलीकर्ताओं को यह समझने का मौका मिला कि वे कितना कर्ज स्वीकार कर सकते हैं। बोली की 18,000 करोड़ की धनराशि में से सरकार को 2,700 करोड़ रुपये नकद मिलेंगे तथा बाकी की धनराशि कर्ज के रूप में नए उद्यम को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही



एयर इंडिया के पूरे 100 प्रतिशत शेयर तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड-एआईएक्सएल के शेयर नए स्वामी को मिल जाएंगे जिनमें एआईसैट्स के 50 प्रतिशत ग्राउंड हैंडलिंग संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं। सरकार बाकी 46,262 करोड़ का कर्ज स्वयं स्वीकार करेगी जिसे उसके द्वारा गठित स्पेशल परपज़ वेहिकिल-एसपीवी एयर इंडिया असेट्स होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा। 14,718 करोड़ की भूमि व इमारतों के रूप में गैर-कोर परिसंपत्तियों को भी एसपीवी को दिया जाएगा जिसमें टाटा से प्राप्त 2,700 करोड़ नकद भी है। इसे देखते हुए सरकार पर शुद्ध दायित्व 28,844 करोड़ रुपये रह जाएगा। 141 विमानों तथा 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, घरेलू हवाईअड्डों पर पार्किंग स्थलों तथा विदेशों में 900 उड़ानों के साथ टाटा को एयर इंडिया, इंडियन एयरलाइन्स तथा महाराजा जैसे उल्लेखनीय ब्रांडों का स्वामित्व मिलेगा। टाटा संस का एयर एशिया में 84 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार हिस्से में 5.2 प्रतिशत अधिकार है। इसी प्रकार विस्तार में उसका 51 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार शेयर में 8.3 प्रतिशत हिस्सा है। एयर इंडिया की 13.2 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अब टाटा का बाजार की 26.7 प्रतिशत हिस्सेदारी पर कब्जा हो गया है और वे इंडिगो के बाद दूसरे सबसे बड़े विमान संचालक बन गए हैं। 'महाराजा' का लोगो और दर्जा प्राप्त करने के सालों बाद एयर इंडिया की किस्मत खराब होने लगी थी और उसे भारी नुकसान होने लगा था। 2007 में घरेलू विमान कंपनी इंडियन एयरलाइन्स के विलय के बाद उसका घाटा लगातार बढ़ता गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, 2009-10 से सरकार ने एयर इंडिया को सहायता देने के लिए इसमें 1.10 लाख करोड़ रुपये लगाए। 2019-20 के दौरान एयरलाइन को 8,743.59 करोड़ रुपये का संचालन घाटा हुआ।

2020-21 में एयर इंडिया ने 6,555.66 करोड़ रुपये के संचालन घाटे का अनुमान लगाया था। पहले टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में बनी एयर इंडिया को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक सार्वजनिक कंपनी में बदल दिया गया और इसका नाम 1946 में एयर इंडिया लिमिटेड हो गया। मुंबई व काहिरा, जेनेवा, लंदन के बीच अंतरराष्ट्रीय सेवायें शुरू करने वाली एयर इंडिया इंटरनेशनल लिमिटेड का गठन 1948 में हुआ था। इसी वर्ष नेहरू सरकार ने कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। भारत ने सभी इंडियन एयरलाइनों का राष्ट्रीयकरण कर दो निगम बनाए जिनमें से एक घरेलू उड़ानों तथा दूसरा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए था।

जेआरडी टाटा नेहरू सरकार द्वारा 'पिछले दरवाजे' से एयर इंडिया के राष्ट्रीयकरण के निर्णय से दु:खी थे। उनको संदेह था कि एयरलाइन के बारे में जानबूझ कर दुष्प्रचार किया गया ताकि उसकी कीमत गिरने के बाद उसका अधिग्रहण किया जाए। यह बात जेआरडी टाटा द्वारा लिखे पत्रों से स्पष्ट होती है। उन्होंने नेहरू को एक तार भेजा था जिसमें कहा गया था, 'मैं केवल ऐसे महत्वपूर्ण कदम की निन्दा कर सकता हूं जिसे बिना मुझसे पूछे व समुचित सुनवाई के उठाया गया। टाटा स्टील के पूर्व सीईओ रूसी मोदी तथा मुझे तत्कालीन संचार मंत्री जगजीवन राम द्वारा केवल सरकार के इस निर्णय की सूचना देने के लिए बुलाया गया कि सरकार ने उद्योग के राष्ट्रीयकरण का निर्णय किया है। हालांकि, मैंने उनको बताया कि मैं इसके लिए तैयार था और मैंने वैकल्पिक योजना बना ली थी।

मेरे विचार से यह सरकार के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ज्यादा बेहतर थी। लेकिन मंत्री ने हमारी सलाह केवल मुआवजे आदि के बारे में मांगी।' टाटा 1978 तक एयर इंडिया के अध्यक्ष बने रहे, जब उनकी सेवाओं को एक झटके से तत्कालीन प्रधानमंत्री मोराजी देसाई ने समाप्त कर दिया था। देसाई ने सरकारी निर्णय के बारे में टाटा को एक कठोर पत्र भेजा था तथा पूर्व एयर चीफ मार्शल पी.सी. लाल को एयर इंडिया का अध्यक्ष बना दिया था।

## आप की बात

### शेयर बाजार का जोखिम

**इन** दिनों भारत में शेयर मार्केट में तेजी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए नया उच्च स्तरों को छुआ हैइस साल भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 3.46 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके बरक्स, ब्रिटिश शेयर बाजार के मार्केट कैप में नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई है और उसकी पूंजीगत हैसियत 3.59 लाख करोड़ डॉलर है। हालांकि, महामारी के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई थी, लेकिन जल्द ही इसने रफ्तार पकड़ ली और पिछले महीने इसने पहली बार फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में छठा स्थान हासिल कर लिया। पूरे विश्व में भारत के शेयर मार्केट की भारी तेजी हैरान कर देने वाली है! मगर जिस देश में देश के कुल धन का 50 प्रतिशत हिस्सा मात्र 10 प्रतिशत आबादी के हाथ में हो तो ऐसे हालात बना बनाना वाजिब है, क्योंकि बैंकों में ब्याज बहुत कम हो गया है अन्य विकल्पों में धन डूबने कि रिस्क है! हमने शेयर मार्केट को क्रेश होते हुए भी देखा है! ऐसे में शेयर बाजार में निवेश और उसे से भारी मुनाफा लोगों को इसकी और आकर्षित कर रहा है! मगर यह दुधारी तलवार। है कमाना तो सभी को अच्छा लगता है मगर यह एक प्रकार का सट्टा ही है।

- **सुभाष बुढ़ानवाला**, रतलाम

### समानता का अधिकार

**भारत** का संविधान सबको समानता का मौलिक अधिकार देता है। सभी के लिये नियम और कानून समान हैं। पीएम मोदी भी सबका साथ ,सबका विकास की अवधारणा के साथ लोगों के कल्याण के लिये योजनायें बना कर लागू करते हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की बात ध्यान देने योग्य है। उन्होंने कहा देश में बहुसंख्यक- अल्पसंख्यक का वर्गीकरण नही होना चाहिए। सभी को समान अधिकार प्राप्त है। जबकि पड़ोसी देश में इस्लाम को न मानने वालों पर तमाम पाबंदियां लागू हैं। लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में धर्म के आधार पर भेदभाव की कोई अवधारणा नहीं है। भारतीय संविधान में एक भी ऐसा प्रावधान नहीं है जो धार्मिक सम्बन्ध में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करता हो। आरिफ खान की बात गौर तलब है और प्रेरक है। मैं अपने को गौरवशाली भारतीय नागरिक मानता हूं। जिसके पास अन्य नागरिकों जैसे ही समान अधिकार है। तमाम सभ्यताओं को धर्म, जाति, और भाषा द्वारा परिभाषित किया गया लेकिन भारतीय सभ्यता को किसी धर्म के आधार पर परिभाषित नहीं किया गया है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव


### नैतिक जवाबदेही

**इन** दिनों उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी कांड भाजपा के गले की हड्डी बना हुआ है। मंत्री पुत्र के प्रेम में उलझी भाजपा भले ही फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हो पर नैतिकता का तकाजा तो यही कहता है कि फिलहाल मंत्री जी को पदच्युत करना ही चाहिए जिससे चाहिए जिससे पार्टी का आदर्श आचरण नजरिया सार्थक साबित हो सके। उत्तर प्रदेश में किसानों को मंत्री पुत्र द्वारा रौंदे जाने के मामले में सियासत जारी है। विपक्ष हमलावर बना हुआ है तो भाजपा पर भी नैतिक दबाव है। राजनीति में शुचिता की बात करने वाली भाजपा के लिए यह परीक्षा की घड़ी भी है। विपक्ष को मिले मुद्दे से भाजपा बैकफुट पर अवश्य है मगर इसके चिंगारी बनने के पूर्व भाजपा को कठोर निर्णय लेना होगा। अगर राजनीति में नैतिकता की सीख दूसरों को दी जा सकती है तो सत्तारूढ़ दल को भी इस पर खुद अमल करना चाहिए। समय का तकाजा है कि मामले की जांच और उसकी वास्तविकता सामने आने तक मंत्री मिश्र को पद से हटा दिया जाना चाहिए, जिससे जांच प्रभावित न हो।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमें** जो डर था वो सच साबित हो रहा है। पाक समर्थित तालिबान का अफगानिस्तान पर कब्जा होने के बाद कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है।

- **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री



**नवंबर** से अंतरराष्ट्रीय आगंतुक थाइलैंड में क्वारंटाइन हुए बगैर प्रवेश कर सकते हैं, यदि वे टीकाकृत हों और कम जोखिम वाले देशों से आए हों।

- **प्रयुत चान-ओ-चा**
थाइलैंड के प्रधानमंत्री



**मोदी** जी आप खामोश क्यों हैं? हम आपसे सहानुभूति का एक शब्द सुनना चाहते हैं, और यह काम कठिन नहीं लगना चाहिए।

- **कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता

# शहीद किसी एक नहीं, बल्कि सभी के लिए सम्मानीयः विधायक

## कोसली गांव के प्राथमिक स्कूल का नाम शहीद जगदेव के नाम पर रखते हुए कहा

**86 राजकीय विद्यालयों का नामकरण वीर शहीदों के नाम पर कर दिया सम्मानः लक्ष्मण सिंह**

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



गांव कोसली में शहीद के नाम पर स्कूल का नामकरण करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव

**कोसली** विधायक लक्ष्मण सिंह ने बुधवार को कोसली गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का नामकरण शहीद जगदेव सिंह मॉडल संस्कृति स्कूल का लोकार्पण किया। विधायक ने शहीद जगदेव सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। आयोजन समिति सदस्यों ने विधायक, महंत शिवपुरी महाराज व अन्य गणमान्य लोगों का फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर विधायक ने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कोसली क्षेत्र सहित जिले के 86 राजकीय विद्यालयों का नामकरण वीर शहीदों के नाम पर करके उन्हें पूरा मान-सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कोसली के शहीद जगदेव सिंह ने अपने जीवन का बलिदान देकर केवल गांव ही नहीं, हम सभी को गौरान्वित करने का काम किया है। जगदेव का जन्म कोसली गांव में 27 अगस्त 1919 को हुआ था। वह 18 वर्ष की आयु में 8 फील्ड रेजीमेंट में भर्ती हो गए थे।

उन्होंने बताया कि उनकी रग-रग में वीरता के गुण भरे हुए थे। जगदेव सिंह ने द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर 1948 में हैदराबाद रियासत को भारत में मिलाने के लिए पुलिस कार्रवाई में भाग लिया। पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर पर अचानक हमला कर दिया गया था, जिसमें जगदेव ने अहम भूमिका निभाई। वह 14 दिसंबर 1948 को भारत मां की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिले के 20 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 20 उच्च विद्यालय, 14 मिडिल स्कूल व 32 प्राथमिक स्कूलों का नामकरण शहीद के नाम करने का ऐतिहासिक निर्णय लेकर इस इलाके को पूरा मान-सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक जाति या धर्म के नहीं, अपितु सभी के होते हैं।

शहीद की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र सैनिकों की खान है। उन्होंने विधानसभा सत्र में भी अहीर रेजीमेंट की मांग को प्रमुखता से उठाया है। वे आगे भी जितना हो सकेगा, प्रयास जारी रखेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि देश की आजादी में यहां के वीरों का अहम योगदान रहा है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में गुगोढ़ स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर मेहमानों का स्वागत किया। विधायक ने पैराओलंपिक की तैयारी कर रही नेशनल खिलाड़ी कविता को 11 हजार रुपये प्रदान किए और भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



कुंजपुरा मंडी का मुख्य गेट।

# घीड़ की मंडी में पकड़ा 24 हजार क्विंटल का फर्जीवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल**-तरावड़ी मंडी सचिवों के सस्पेंड होने के बावजूद, धान खरीद में फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा। नया मामला कुंजपुरा के अंतर्गत आने वाली घीड़ मंडी से सामने आया है। जहां पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड अधिकारियों ने करीब 24 हजार क्विंटल का फर्जीवाड़ा पकड़ा हैं, मामला सामने आने के बाद मार्केटिंग बोर्ड हरियाणा के सीए विनय सिंह ने मंडी में स्वयं आकर चेकिंग की।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मंडी में जो गेट पास अनुसार धान आया है, उसमें से लिफ्ट होने के बाद बचा धान मंडी में नहीं पाया गया। ये धान कोई 100-200 क्विंटल न होकर करीब 24 हजार क्विंटल हैं। इतना धान मंडी में न होने को लेकर विभाग के बड़े अधिकारी हैरान हैं। मामले की जांच करके जोनल इंचार्ज ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप दी हैं। मामले में जो नाम सामने आए हैं, उनके खिलाफ जल्द ही सस्पेंशन सहित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकती हैं।

**फर्जीवाड़ा सामने आने से अधिकारी हैं सकते में**

प्रदेश सरकार खरीद प्रक्रिया में अपनाई जा रही पूरी सख्ती के बाद भी 24 हजार क्विंटल धान का फर्जीवाड़ा सामने आने से विभागीय अधिकारी सकते हैं। ऐसे मामले अन्य मंडियों में तो नहीं चले, इसके लिए सभी मंडियों के बारे में अन्य लोगों से भी फीड बैक लेकर रिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। सरकार का साफ संकेत है कि जो भी नियमों के खिलाफ जाकर काम करता हुआ पाया जाएगा, यकीनन कार्यवाही की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**ऐसे चलता है फर्जीवाड़े का खेल**

मंडी में धान आए बिना ही गेट पास काटे जाते हैं, इसकी एवज में 30 रुपये प्रति क्विंटल से लेकर 100 रुपये तक वसूले जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीति भागीदारी की लड़ाई लड़ेगी सुनार बिरादरी : महेंद्र



जगदीश वर्मा को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार राजपूत।

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि किसी भी पार्टी ने देश को आर्थिक आजादी दिलाने के लिए कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाए हैं। परिणाम स्वरूप कोरोना कॉल में हर व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर और मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। वे सुनार धर्मशाला में बिरादरी के लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेड क्षत्रिय सुनार सभा कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन मेड सुनार सभा सफीदों के अध्यक्ष विनोद आर्य ने किया। महेंद्र राजपूत ने कहा कि बिरादरी के उत्थान के लिए सभी विश्वकर्मा विशिष्ट लोगों के साथ मिलकर उन्होंने राष्ट्रीय सर्वजन पार्टी बनाई है। जो भी पार्टी टिकटों में सुनार बिरादरी के लोगों को 5 फीसदी भागीदारी देगी यह पार्टी आने वाले चुनाव में उसका सहयोग करेगी। संस्था के कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद राजपूत ने कहा कि स्वर्णकार हमेशा ही देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कार्य करता रहा है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार राजपूत ने कुरुक्षेत्र के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर जगदीश वर्मा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र वर्मा, अनमोल वर्मा, योगेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा, बाल किशन वर्मा, केशव वर्मा, त्रिलोक वर्मा, रमेश वर्मा यमुनानगर, किरण वर्मा, बालकिशन वर्मा अंबाला, नीलोखेड़ी से कृष्ण वर्मा और कुरुक्षेत्र सुनार सभा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### महागौरी की उपासना से होती है हर मनोकामना पूर्णः शास्त्री



**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष परम श्रद्धेय भागवत प्रवक्ता प्रसिद्ध कथा वाचक अनिल शास्त्री ने मां के भक्तों को बताया कि मां दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। मां महागौरी की उपासना करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। महागौरी ने देवी पार्वती के रूप में भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए, कठोर तपस्या की थी। जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। महागौरी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव महा गौरी को स्वीकार करते है तथा महागौरी के तन शरीर को गंगाजल से स्नान कराया। तभी से मां का नाम महागौरी पड़ा। भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने बताया कि महागौरी की पूजन से सभी नौ देवियां प्रसन्न होती है। पुराणों में महागौरी की महिमा का बृहद व्याख्यान किया गया। महागौरी का पूजन हमें सर्वदा करना चाहिए इससे हमारे शरीर की सभी प्रकार की कुविचार का विनाश होता है तथा सुविचार का प्रादुर्भाव होता है। इस अवसर पर श्रीसंस्कार जागृति सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष यज्ञाचार्य पंडित रंगनाथ त्रिपाठी, सुमन गर्ग, समस्त परिवार गोबिन्द तिवारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दीपा राणा को सौंपी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की जिम्मेदारी



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चो ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए नई जिम्मेवारियां सौंपी गईं। इसमें करनाल से दीपा राणा को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। दीपा राणा ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई हैं। उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने उन पर जो विश्वास जताया हैं। उसे ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जनता के सामने रखा जाएगा ताकि सभी प्रदेशवासी सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है लक्ष्यः डा. गिल

**कुरुक्षेत्र।** आदेश अस्पताल में नया भवन जनता को समर्पित किया गया। इसका शुभारंभ आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एचएस गिल ने किया। इससे पूर्व नये भवन में अस्पताल के सभी चिकित्सकों व स्टॉफ ने अरदास में शामिल होकर विश्व कल्याण की कामना की। डा. एच.एस. गिल ने कहा कि आदेश अस्पताल के माध्यम से विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं जनता को उपलब्ध करवाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आस-पास के जिलों में आदेश ही एक मात्र ऐसा अस्पताल है जहां हर रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं और निम्न खर्च पर उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। डा. गिल ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने बताया कि अस्पताल की पांचवीं व छठवीं मंजिल की शुरूआत की गई है। जिसमें की हर तरह की सुविधा के साथ 56 कमरे उपलब्ध हैं। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने कहा कि आदेश अस्पताल भविष्य के लिए नये चिकित्सकों की नींव भी तैयार कर रहा है। इस अवसर पर प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज, डा. एनएस लांबा, डा. नरेश ज्योति, डा. गुणताास सिंह गिल, डा. रवि तिवारी, डा. अश्वनी सूद, डा. नितिन टांगरी, डा. सुनील मल्होत्रा, डा. करनैल सिंह समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# संदीप गर्ग ने पांचवी एंबुलेंस कुरुक्षेत्र की धार्मिक संस्था को दी दान

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



जनता के लिए एंबुलेंस समर्पित करते समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा और अन्य।

**समाजसेवी** संदीप गर्ग लाडवा ने लीक से हट कर मानवता की मिसाल कायम करते हुए अपनी ओर से बाबैन की संस्था सहयोग फाउंडेशन को एंबुलेंस भेंट की। आपात स्थिति में यह एंबुलेंस लोगों को को निःशुल्क सेवा प्रदान करेगी। बाबैन की जनता को कठिन परिस्थिति में एंबुलेंस सेवा के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

संदीप गर्ग की ओर से यह पांचवी एंबुलेंस जिला कुरुक्षेत्र की धार्मिक संस्था को दी गई है। इससे पहले संदीप ने शाहाबाद के रोटरी क्लब, लायंस क्लब व हेल्पर्स सोसायटी को एम्बुलेंस मुहैया करवाई हैं। बुधवार को सहयोग फाउंडेशन की ओर से अष्टमी के पावन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन बाबैन के निजी संस्थान में किया गया। जहां समाज सेवी संदीप गर्ग ने बेटी से रिबन कटवा कर एंबुलेंस फाउंडेशन को सौंपी। संदीप गर्ग ने कहा कोविड की दूसरी लहर के दौरान एंबुलेंस की कमी के कारण कई लोगों को जवान गंवानी पड़ी, जिससे उन्हें काफी आघात लगा। इसलिए, उनकी सोच है कि हर कस्बे में भी एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि साधनों के अभाव में किसी की जान न जा सके।

# उपायुक्त ने लिया निनाण मोड़ से दादरी रोड बाईपास के निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**उपायुक्त** आरएस ढिल्लो ने बुधवार को रोहतक रोड पर निनाण मोड़ से दादरी रोड व लोहारू रोड तक बनाए जा रहे बाईपास के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इस बाईपास को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ढिल्लो बुधवार को एनएच के अधिकारियों को साथ लेकर बाईपास पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एनएच के अधिकारियों से इस बाईपास के निर्माण के बारे में पूरी जानकारी ली। ढाणा गांव के पास रेलवे लाइन पर बनने वाले पुल के हिस्से के बारे में एनएच भिवानी-रोहतक के कार्यकारी अभियंता राहुल चहल ने उपायुक्त को बताया कि इसकी अनुमति के लिए डीआरएम जयपुर को पत्र लिखा गया है। अनुमति मिलते ही रेलवे लाइन के उपर से पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया रेलवे लाइन के उपर से जाने वाले पुल की निर्माण सामग्री भी मौके पर हुई है, जिसको सिर्फ क्रेन से उठाकर रखना शेष है। एनएच के कार्यकारी अभियंता ने उपायुक्त को बताया कि निनाण मोड़ से दादरी रोड तक बाईपास का निर्माण कार्य 21 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील किया

**करनाल।** चेयरपर्सन जिला समुचित प्राधिकारी (पीसी पीएनडीटी) एवं सिविल सर्जन करनाल डा. योगेश कुमार ने बताया कि डा शीनू चौधरी उप सिविल सर्जन (प.क.) तथा डा. कैलाश उप सिविल सर्जन (स्कूल हैल्थ) की टीम ने बीते दिवस को जिला के तीन अल्ट्रासाउंड केन्द्रों शुभ अल्ट्रासाउंड केन्द्र, आस फैटरलिटि केन्द्र तथा भारत एक्स-रे एण्ड अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की अल्ट्रासाउंड मशीनों को इन केन्द्रों के रजिस्ट्रेशन समाप्त होने उपरांत नवीनीकरण न करवाए जाने के कारण सील कर दिया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्शनिस्ट सुलेख कुमार, सहायक गीता रानी, लिपिक कुमारी सुमन व सुभाष सागवाल उपस्थित रहे।

# खालसा कॉलेज के कैडेट भारत ने पाया ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैंप में मेडल



विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रिंसिपल व प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज की राष्ट्रीय कैडेट कोर के दो छात्रों ने ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप में दो मेडल अपने नाम किए हैं। कॉलेज एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण ने बताया के ट्रैकिंग कैंप का आयोजन 51 यूपी बटालियन द्वारा उत्तर प्रदेश के सुदूर बलरामपुर के पास किया गया था, इसमें पूरे भारत से 510 कैडेट्स ने भाग लिया। 7 दिन के कैम्प में कैडेट्स ने जंगल में किस तरह से रहा जाए, किस तरह से नदियों को पार किया जाए आदि चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कैंप के दौरान बहुत सारी प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें इंटर डायरेक्टरेट, रस्साकशी प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ डायरेक्टरेट की तरफ से भाग लेते हुए कैडिट भारत ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए मेडल अपने नाम किया। कॉलेज के ही दूसरे छात्र अमन ने पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। कालेज के तीन छात्रों भारत, अमन तथा विजेंद्र के कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने उनको सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**करनाल।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा छठवीं व नौवीं के लिए ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जवाहर नवोदय विद्यालय सगा के प्राचार्य जसराम सिंह यादव ने बताया कि कक्षा छठवीं के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर व कक्षा नौवीं के लिए 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए विद्यालय की समिति की वेबसाइट पर जाकर सीधे ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी की प्रवेश परीक्षा तिथि 30 अप्रैल 2022 और नौवीं कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा तिथि 9 अप्रैल 2022 रखी गई है।

# लघु सचिवालय में पशुओं सहित परिवार बैठा, न्याय की लगाई गुहार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**परिवार का अपने कुनबे के साथ संपत्ति को लेकर तकरार चला हुआ है विवाद**

**हरियाणा** के जिले करनाल के सचिवालय में न्याय की गुहार को लेकर एक परिवार बच्चों-पशुओं के साथ पहुंच गया। सचिवालय के बाहर तीनों पशुओं को बांधकर प्रशासन व सरकार से इंसाफ मांगा। धरने पर बैठे इस परिवार का अपने कुनबे के साथ संपत्ति को लेकर तकरार चला हुआ है, इनकी शिकायत पर मूनक थाना कोई कार्रवाई भी नहीं कर रहा। ऐसे में महिला धरने पर अपनी मां, पति, बेटी और घर के पशुओं को भी लेकर पहुंच गई।

गगसीना गांव निवासी मंजू ने बताया कि उसके चाचा-ताऊ उसके पिता के हिस्से की जमीन पर उन्हें खेती करने से रोकते हैं। उसके हिस्से में साढ़े तीन एकड़ जमीन है। उसके दो भाई थे, दोनों की मौत हो चुकी है। उसके पिता का कैंसर की बीमारी थी। वर्ष 2014 में उसके पिता ने उसके नाम जमीन करवा दी। 2016 में उसके पिता की मौत हो गई। इसके बाद उस जमीन पर वे खेती करने लग गए। जब भी फसल बुआई का समय होता है तभी उसके चाचा-ताऊ उन्हें जमीन पर खेती करने से रोकते हैं। खेतों में जाने पर मारपीट करते हैं। हमारी गाड़ी को तोड़ दिया। खेत से सामान उठा लेते हैं। वे अपने परिवार के साथ न्याय की गुहार लेकर सचिवालय में पहुंची है। साथ में बर्तन, पशुओं को लेकर आए हैं। जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक यहां पर धरना रखेंगे बनाएंगे और खाएंगे।

सुरेश कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि सचिवालय के सामने बैठें है। एसपी ने उनका बहुत बढ़िया काम किया। एसएचओ मूनक ने हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वे दूसरी पार्टी से मिला हुआ था। एसपी के आदेश भी नहीं माने।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जब रूह हद से ज्यादा परेशान लगे,
फायदे से ज्यादा जब नुकसान लगे,
तब जिंदगी की तरफदारी करना,
जब जिंदगी से मौत आसान लगे।

# मेलोरा ने घोषणा की वह भारत के प्रत्येक पिन कोड पर हॉलमार्क सोने का वितरण करेंगे

*कहा, 'बीआईएस हॉलमार्क सोने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की'*

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेलोरा** भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला डी-2-सी(डीडब्ल्यूसी) आभूषण ब्रांड, सस्ती और प्रत्येक दिन पहनने वाले फैशनेबल आभूषण को बनाता है। इन्होंने घोषणा की है कि वह भारत के प्रत्येक पिन कोड पर हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण का वितरण करेंगे। कंपनी ने इसके अलावा राष्ट्रव्यापी जागरूकता फैलाने के लिए अभियान का आयोजन सरकारी निर्देशों के अनुरूप किया जिसमें भारत में सोने के आभूषण में हालमार्क जरूरी है।

भारत में सोने के आभूषण की कोई सीमा नहीं है। जैसे ऋषिकेश में एक लड़की के लिए तैयार होने के लिए किसी कारण की आवश्यकता नहीं होती है। एक आधिकारिक मीटिंग अटेंड करते हुए, गुंटूर में एक युवा लड़की को खुश करने के लिए सोने का गले का हार गिफ्ट करता है। अब मेलोरा के साथ, भारत में किसी भी कोने व पिन कोड पर हम में से हर किसी को हॉलमार्क वाली सोने के आभूषण घर में ही प्राप्त हो सकते हैं।

सोने के आभूषण को खरीदते समय हॉलमार्किंग ग्राहकों को सत्यता और असली के बारे में आश्वस्त करता है। प्रमाण पत्र के बिना ग्राहकों को नकली सोना और कम कैरेट वाले सोने के आभूषण को खरीदने का जोखिम बना रहता है। सरकार ने अब 256 जिलों में सोने के आभूषण में हॉलमार्क को जरूरी कर दिया है। मेलोरा भारत के सभी 718 जिलों के उपभोक्ताओं को हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण को प्रदान करने के लिए इस प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। इसके बारे में कहते हुए सरोजा येरामिली, मेलोरा के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि शुरुआत से ही मेलोरा ग्राहक केंद्रित ब्रांड है। हमनें प्रत्येक हफ्ते नए आयोजन के साथ रनवे ट्रेंड के आधार पर हल्के फाइन सोने के आभूषण के युग की शुरुआत की।

एक अत्यन्त लॉजिस्टिक नेटवर्क के साथ हम सरकार को भारत के प्रत्येक पिनकोड पर भी आईएस हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रदान करने में सक्षम बना रहे है। हमने सोने के आभूषण में हॉलमार्क की जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान का भी आयोजन किया है।

# एसएल जैन, एमडी व सीईओ, इंडियन बैंक ने ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



इंडियन बैंक इनऑगेंशन

**वित्त** मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएल जैन ने बैंक की कलसी नगर, शाखा लुधियाना में द्वीप प्रज्वलित कर ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह एक यादगार पल है जब बैंक के एमडी और सीईओ ने लुधियाना में पहली नवरात्रि के शुभ दिन पर ग्राहकों को समर्पित इस कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह दिन उत्तर भारत में धार्मिक भावनाओं के आधार पर विशेष महत्व रखता है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को आम आदमी को बैंकिंग सेवाएं एवं विभिन्न योजनाओं यथा एमएसएमई, खुदरा, कृषि, मुद्रा और पीएम स्वनिधि के तहत ऋण स्वीकृत किए जाने के लिए डिजाइन किया है। बुधवार को इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने एमएसएमई/हीजरी/ऑटो व्यापारियों/कार डीलरों/छोटे उद्यमियों/मुद्रा लाभार्थियों को विभिन्न ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही कोविड महामारी के वर्तमान परिदृश्य में यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, भीम आदि विभिन्न डिजिटल बैंकिंग टूल के महत्व भी ग्राहकों को बताए।

अशोक पटनायक, क्षेत्र महाप्रबंधक चंडीगढ़ ने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधा देने का आश्वासन दिया और बैंक की टैग लाइन भी यही कहती है-आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ।

# ड्रोन-तकनीक पर फोकस करेगी हरियाणा सरकार: उपमुख्यमंत्री

## अन-टच प्रोडक्ट को पिकअप करेगी 'वन प्रोडक्ट वन ब्लॉक' पॉलिसी

### प्रधानमंत्री के 'गति शक्ति' कार्यक्रम में वीसी से हुए शामिल

पायनियर समाचार सेव। चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ड्रोन-तकनीक पर फोकस करेगी ताकि प्रदेश में ड्रोन का निर्माण व विकास हो सके। उन्होंने प्रदेश में एविएशन यूनिवर्सिटी खोलने के लिए केंद्र सरकार को ऑफर भी दिया है।

डिप्टी सीएम, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य तथा नागरिक उड्डयन विभाग का प्रभार भी है, बुधवार को पंचकूला के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लांच किए गए 'गति शक्ति' कार्यक्रम से जुड़े हुए थे। नई दिल्ली में जहां प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे, वहीं वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कई राज्यों के मुख्यमंत्री इस दौरान ऑनलाइन जुड़े रहे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक अनुराग अग्रवाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कई उद्योगपति भी उपस्थित थे।



दुष्यंत चौटाला ने इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों व उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए नेशनल मास्टर-प्लान 'गति शक्ति' कार्यक्रम से प्रदेश की प्रगति में भी तेज गति आएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी राज्य में उद्योगों के विकास व प्रदेश के आधारभूत संरचना के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की सहूलियत के लिए 'हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन' नीति बनाई है जिसमें अनेक रियायतें दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ में लॉजिस्टिक-हब बनाया जा रहा है, हिसार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण कार्य जारी है। हिसार से नई दिल्ली के लिए हाई-स्पीड ट्रेन चलाना तथा मैडिकल-पार्क बनाना प्रस्तावित है। गुरुग्राम में हेली-हब (हेलीकॉप्टर हब) स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार को ऑफर किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'एरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी' बनाई जा रही है जो देश में अपनी तरह की पहली पॉलिसी होगी। उन्होंने उद्योग विभाग द्वारा शुरू किए गए 'वन प्रोडेक्ट वन डिस्ट्रिक्ट' की प्रशंसा करते हुए कहा कि एमएसएमई द्वारा हरियाणा में 'वन प्रोडक्ट वन ब्लॉक' योजना शुरू की जा रही है जो कि अभी तक अन-टच रहे प्रोडक्टस को पिकअप करने का काम करेगी।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार ने राज्य सरकार द्वारा उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत एमएसएमई के महानिदेशक विकास गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

# ऐलनाबाद का लक्ष्य हासिल करने को जुटेंगे भाजपा नेता

## चौटाला कभी भी अपने क्षेत्र के लिए बेहतर विधायक साबित नहीं हुए: धनखड़

### प्रदेश परिषद की बैठक में उठा उपचुनाव का मुद्दा

### पहली बार कमल खिलाने की है बड़ी चुनौती



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**भारतीय** जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता व नेता आने वाले दिनों में ऐलनाबाद चुनाव प्रचार में दिखाई देंगे। बुधवार को पंचकूला में हुई प्रदेश परिषद की बैठक के पहले ही सत्र में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंचासीन के समक्ष ऐलनाबाद उपचुनाव का मुद्दा उठा दिया। जिस पर जमकर चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने जहां फील्ड से आए हुए कार्यकर्ताओं का फीडबैक लिया वहीं आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।

भारतीय जनता पार्टी की करीब 39 साल बाद बुधवार को पंचकूला में प्रदेश परिषद की बैठक हुई। जिसकी शुरूआत में ही कार्यकर्ताओं में बेहद हलके अंदाज में ऐलनाबाद उपचुनाव का मुद्दा उठा दिया और मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, पूर्व अध्यक्ष एवं ऐलनाबाद प्रभारी सुभाष बराला समेत कई नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की।

भाजपा अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने कहा कि अभय चौटाला ने एक साजिश के तहत ऐलनाबाद की जनता पर यह चुनाव थोपा है। उन्होंने इस्तीफा देते समय कहा था कि जब तक कृषि कानून वापस नहीं होंगे तब तक वह विधानसभा में प्रवेश नहीं करेंगे। धनखड़ ने कहा कि कृषि कानून अभी भी लागू हैं। ऐसे में अभय चौटाला को चुनाव लड़ने का कोई भी नैतिक अधिकार नहीं है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं व नेताओं को कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर सभी का लक्ष्य ऐलनाबाद को जीतना है। वहां की जनता को इस बात का अहसास करवाया जाए कि उनका विकास सरकार के साथ है और अभय चौटाला ने कभी भी अपने क्षेत्र के लिए बेहतर विधायक साबित नहीं हुए। धनखड़ ने कहा कि अभय का फैसला नीयत करेगी लेकिन भाजपा को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी एकजुटता के साथ प्रचार में ताकत झौंकनी है।

ऐलनाबाद प्रभारी एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि ऐलनाबाद में भाजपा की स्थिति बेहतर है। कुछ लोग जानबूझ कर सोशल मीडिया पर गलत प्रचार कर रहे हैं। इसका जवाब पार्टी के युवाओं को देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी द्वारा गांवों में लगातार जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

गांवों के लोग भाजपा प्रत्याशी को कार्यक्रमों के लिए खुद बुला रहे हैं। प्रदेश परिषद की बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता अपने सामर्थ्य के अनुसार ऐलनाबाद में अपने संपर्कों को मजबूत करें और कम से कम एक दिन के लिए वहां जाकर प्रचार में अपनी भूमिका निभाएं।

# हरियाणा में डीएपी की कमी के लिए केंद्र व राज्य सरकारें जिम्मेदार: सुरजेवाला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



### गांवों में 700 पैक्स समितियों में खाद का स्टॉक नहीं और सरकार चुप

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा में डीएपी खाद की कमी के लिए केंद्र व राज्य सरकारों को जिम्मेदार ठहराया है।

बुधवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में डीएपी की भारी कमी है और किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में अगली फसल की बुवाई कैसे होगी। सरकार की गलत नीतियों की वजह से डीएपी की ब्लैक चरम सीमा पर है। डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने वैसे ही किसान का जीना मुश्किल किया हुआ है, लेकिन महत्वपूर्ण सवाल है कि सरकार कब जागेगी।

सुरजेवाला ने कहा की प्रदेश के सभी हिस्सों और ख़ास तौर से कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, हिसार, पलवल आदि जिलों में खाद की कमी के साथ-साथ गांवों में स्थित 700 किसानों की सरकारी खरीद केंद्रों और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) समितियों पर खाद का स्टॉक नहीं होने के समाचार आये हैं, जो चिंता का विषय है। पूरे प्रदेश में खाद आपूर्ति कम होने के कारण पैक्स समितियों पर लाइनें लग रही हैं, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर अभी से खाद को लेकर ये हालात हैं तो गेहूं बिजाई के सीजन में स्थिति और विकट हो सकती है।

मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि क्या यह सच नहीं है की प्रदेश सरकार के स्टॉक में इस समय केवल 40 हजार मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है, जबकि आमतौर से प्रदेश में रबी सीजन में लगभग तीन लाख मीट्रिक टन डीएपी की जरूरत रहती है। हैरत की बात है की मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री किसानों की चिंता से बिलकुल बेपरवाह हैं।

# श्रद्धालुओं ने चिटाने वाली माता की पूजा कर मांगी मन्नत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिले** में दुर्गा अष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिले में माता के भक्तों ने अष्टमी की कढ़ाई व कन्याओं का पूजन कर अपना व्रत खोला। सोनीपत शहर के निकटवर्ती गांव चिटाना में बुधवार को देवी चिटाने वाली माता का मेला आयोजित किया गया। मेले में दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा अन्य कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने माता की पूजा अर्चना की और मन्नतें मांगीं।

माता चिटाने वाली का मेला वर्ष में दो बार नवरात्रों में आयोजित किया जाता है। इस मेले को चमत्कारी माता का मेला भी कहा जाता है। मंदिर समिति के प्रधान ने बताया कि मंदिर में प्रसाद चढ़ाने वालों को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। इससे आस-पास के तमाम रास्तों पर उत्सव जैसा माहौल बन जाता है। माता की आरती में भक्त बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शंख, घड़ियाल, ढोलक व मंजीरों के साथ उच्च स्वर में आरती गायन से दूर-दूर तक का वातावरण भक्तिमय हो उठा। मेले में माता की आराधना के प्रति भक्तों व श्रद्धालुओं की श्रद्धा देखते ही बनती है। मंदिर के पास एक तालाब भी है, जिसमें से सात बार मिट्टी निकालने का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इस मेले में माता से सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। इसलिए देश के कोने-कोने से हर साल श्रद्धालु इस मेले में शामिल होने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से बाहर से आए श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशेष प्रबंध किया जाता है। मेले में सजी-धजी दुकानें विशेष रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रद्धालु बडी श्रद्धा के साथ आते हैं और माता के दर्शन करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर अपने गंतव्य लौट जाते हैं।



### सोनीपत के अलावा दूरदराज के श्रद्धालुओं ने भी मत्था टेका

# करनाल जेल में हुआ लोक अदालत का आयोजन

**करनाल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण करनाल जसबीर ने बुधवार को जिला कारागार करनाल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। लोक अदालत में छोटे अपराधों में शामिल 08 अपराधों जैसे कि घोषित अपराधी चोरी आदि को सीजेएम के समक्ष लाया गया। 8 मुकदमों को मौके पर निपटया गया और जिनमें संलिप्त 8 विचाराधीन कैदियों को कबूलनामे के आधार पर कि वे भविष्य में ऐसे अपराध नहीं करेंगे, को अन्डरगोन किया गया ।

सीजेएम ने जेल अधीक्षक को उन मामलों की छानबीन करने का भी निर्देश दिया जहां छोटे-छोटे अपराधों में विचाराधीन कैदी हैं ताकि ऐसे मामलों को अगले महीने होने वाली जेल लोक अदालत में इन विचाराधीन कैदियों के मामलों को रखा जाए। सीजेएम ने जेल परिसर और कैदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। विचाराधीन/अंडर-ट्रायल कैदियों का साक्षात्कार लिया गया।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया सीएम का पुतला दहन

## बवानीखेड़ा और भिवानी में नहीं मिला चार महीने से मानदेय

### कहा, अब सरकार को अपनी चुप्पी तोड़कर हमारी जायज मांगों को मान लेना चाहिए

पायनियर समाचार सेव। भिवानी



**उपायुक्त** कार्यालय पर आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हैल्परस यूनियन का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने अध्यक्षता जिला प्रधान मूर्ति बिजारणिया ने की और संचालन बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान मुन्नी व निशा ने संयुक्त रूप से किया।

मूर्ति बिजारणियां ने धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब सरकार को अपनी चुप्पी तोड़ी देनी चाहिए और हमारी जायज मांगों को मान लेना चाहिए। हम शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे है, इसको सरकार हल्के में ना लें। हम हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं, लेकिन जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जायेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा और आंदोलन को ज्यादा तेज कर दिया जायेगा।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का झूठा नारा सरकार दे रही है। हम भी किसी की बेटियां हैं और हमारे घरों में भी बेटियां हैं। घर चलाने के लिए हम डयूटी दे रही हैं। लेकिन विडम्बना देखिए हमें नाममात्र का मानदेय मिलता हैं। भिवानी जिले के अधिकारियों का तानाशाही रवैया ,बवानीखेड़ा और भिवानी ग्रामीण खण्ड-2 में तो चार महीने से मानदेय नहीं मिला। दो दिन बाद दशहरे का त्योहार है उन्होंने कहा कि वे सरकार से पूछना चाहती हैं कि क्या इसी को नारी शक्ति का विकास कह रहे हो ? हर बड़े त्योहार पर हमारे घर के चावल फिक्के ही रह जाते हैं । आखिर कब तक होता रहेगा नारी का शोषण। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि अब वे जाग चुकी हैं और अपना हक लेकर ही रहेंगी। प्रदर्शन कर के पंचायत भवन चौक पर सीएम मनोहर लाल का पुतला फुंक कर अपना रोष प्रदर्शन कर धरने का समापन किया।

# मेवात मॉडल स्कूलों के अध्यापकों को अब मिलेगा वेतन

## हरियाणा सरकार ने वेतन देने को मंजूर किया दस करोड़ 31 लाख का बजट, एसीएस शिक्षा विभाग को भेजा चेक

### सर्व कर्मचारी संघ ने की सीएम के एपीएस के साथ बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**पिछले** करीब छह माह से वेतन का इंतजार कर रहे मेवात मॉडल स्कूलों के स्टाफ को बहुत जल्द वेतन मिलेगा। वित्त विभाग ने मंगलवार को 10 करोड़ 31 लाख का बजट स्वीकृत कर अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग को भेज दिया है। इस बजट से इसी सप्ताह स्टाफ को बकाया सात महीने में से पांच महीने के वेतन का भुगतान हो सकेगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के बावजूद मेवात मॉडल स्कूलों को शिक्षा विभाग में समायोजित नहीं किए जाने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मेवात मॉडल स्कूल्ज इंप्लाइज वैलफेयर एसोसिएशन का शिष्टमंडल सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डाक्टर अमित अग्रवाल से मिला।

डाक्टर अमित अग्रवाल ने बताया कि मेवात विकास बोर्ड की 12 नवंबर 2020 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समायोजन के लिए गए निर्णय के आदेश जारी हो चुके हैं और उनके क्रियान्वयन का काम शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। शिष्टमंडल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, मेवात माडल स्कूल्ज इंप्लाइज वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सतीश खटाना, महासचिव निसार अहमद व उप प्रधान बिजेंद्र सिंह शामिल थे।

एसोसिएशन ने समायोजन के निर्णय से पहले एमडीए के नियमानुसार जो अनुबंध कर्मचारी नियमित होने के पात्र थे, उनको रेगुलर करने की मांग उठाई। एनपीएस सीएम ने डीसी नूंह को ऐसे कर्मचारियों को रेगुलर करने के केस बनाकर भेजने के के आदेश दिए। कोरोना के कारण मारे गए दो अध्यापकों को एक्स ग्रेशिया रोजगार स्कीम के तहत मृतकों के आश्रितों को नौकरी व अन्य बकाया का भुगतान करने के मामले में अमित अग्रवाल ने तुरंत कार्रवाई के आदेश जारी किए।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि बैठक में शिक्षा विभाग में फील्ड में कार्यरत क्लर्क व असिस्टेंट की 30 साल से प्रमोशन न होने व वरिष्ठ सूची अपडेट न होने तथा भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपूर में अनुबंध पर लगे असिस्टेंट प्रोफेसर के वेतन को बढ़ाकर 57700 करने की मांग को उठाया गया। इस संबंध में अमित अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांग ली है।

# संक्षिप्त समाचार

### भाजपा बसी हुई है लोगों के दिलों में : पुष्पा कौशिक



**भिवानी।** भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा कौशिक ने आज उनके सम्मान मे आयोजित भारत नगर के कार्यक्रम मे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने इतने ऐतहासिक काम कर दिए हैं, जिससे हर व्यक्ति ये चाहने लगा है कि देश मे लमबे समय तक भाजपा का शासन रहे और हिन्दुस्तान को विकसित किया जा सके। भाजपा ही वो पार्टी है जिसकी इच्छा शक्ति के आगे बड़े बड़े काम छोटे नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अब लोगों के दिलो मे घर बना चुकी है। उसको विपक्ष पार्टी के नेता किसी प्रकार से भी निकाल नहीं पाएंगे । आज भारत नगर मे पुष्पा कौशिक को महिला मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कालोनी वासियों ने शुभकामनाएं दीं व उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कौशिक ने कहा कि प्रदेश मे मुख्यमन्त्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ मिलकर हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

### आंगनवाड़ी वर्करों का धरना रहा जारी



**कुरुक्षेत्र।** आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर्स का धरना बुधवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान परमजीत कौर ने की। यूनियन की महासचिव अनुपम शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका अपने अस्तित्व के संघर्ष में हैं। हमें सरकारी कर्मचारी बनाने की बजाय निजी हाथों में दिया जा रहा है। 2018 का समझौता अब तक लागू नहीं हुआ है। पोषण ट्रैक ऐप लागू करके हमारे कम को तो दोगुना बढ़ा दिया गया है परन्तु हमारे मानदेय में की गई वृद्धि अब तक नहीं दी है। संघर्ष करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। यह सरकार गैर लोकतांत्रिक सरकार है। धरने में परमजीत कौर, जन संघर्ष मंच हरियाणा से ऊषा, व यूनियन की अन्य नेताओं ने अपनी बातें रखी।

### दिनदहाड़े पेट्रोल पंप के कैशियर से नगदी लूटी



**सोनीपत।** जिले में दिनदहाड़े लूट की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को बदमाशों ने सेक्टर-15 स्थित जैनसंस फिलिंग स्टेशन पर सेल्समैन से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। वह सेल्समैन को धमकी देकर भाग निकले। घटना के बाद पंप के सेल्समैन और ग्राहकों ने उनका पीछा किया। करीब 10 किलोमीटर पीछा करके उनको एक रेस्ट हाउस में धर दबोचा। लोगों की मदद से एक लुटेरे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सेक्टर-27 थाना जांच अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया कि लोगों ने एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। सोनीपत के सेक्टर 15 में पुलिस थाना के बिल्कुल नजदीक पेट्रोल पंप के सेल्समैन से दो युवक बिना नंबर की बाइक लेकर पहुंचे। एक युवक ने बाइक स्टार्ट रखी और दूसरे युवक ने रुपयों से भरा थैला छीन लिया। वह गोली मारने की धमकी देकर बहालगढ़ रोड की और भाग निकले। इस पर सेल्समैन ने शोर मचा दिया। लूट की जानकारी होने पर तत्काल कई सेल्समैन और पंप पर तेल लेने आए ग्राहकों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। इस पर लुटेरे अपनी बाइक सड़क किनारे छोड़कर एक रेस्ट हाउस में घुस गए। बदमाशों का पीछा कर एक लुटेरे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया दिया।

### भाजपा नेता को सीवरेज जाम समस्या से कराया अवगत



**सोनीपत।** फैज बाजार, जमालपुरा में कई माह से सीवरेज जाम की समस्या चल रही थी। घरों में सीवरेज का पानी जमा हो गया था। मोहल्लावासियों ने कई बार नगर निगम में शिकायत की, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पूर्व पार्षद संजय ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत करवाया। राजीव जैन ने क्षेत्र में घूमकर हालात देखे। निगम के कनिष्ठ अभियंता मोहित को उसी समय बुलाकर समस्या का हल करने के निर्देश दिए। मौके पर एकत्रित महिलाओं तथा पूर्व पार्षद संजय ने बताया कि सीवरेज बार-बार जाम होने के कारण कुमार गेट बिजली शिकायत केंद्र के बाहर सीवरेज के मेनहोल का सड़क के नीचे दब जाना है। उनका कहना था कि जब ठेकेदार ने सड़क बनाई तो सीवरेज के मेनहोल दबा दिया। इसके कारण सफाई सही ढंग से नहीं हो पाती है। भाजपा नेता राजीव जैन ने ठेकेदार को बुलाकर मेनहोल को ठीक करने कहा। नागरिकों को उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान हो जायेगा। इस दौरान पूर्व पार्षद संतोष, दर्शना देवी, मीनू वर्मा, बबली, संतोष, सत्या, कमलेश, शकुंतला, मीनाक्षी जैन, आशा जैन, बबीता, कृष्णा, अलका, अन्नू मौजूद थे।

### तीन दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला कल से

**भिवानी।** कला, साहित्य व संस्कृति को समर्पित संस्था सांस्कृतिक मंच आगामी 15, 16 तथा 17 अक्टूबर को कथक नृत्य की कार्यशाला लगाने जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष रणविजय व महासचिव संदीप वधवा ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार के कथक नृत्य की एकमात्र विद्यापीठ कथक केंद्र, देहली द्वारा आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में नृत्यगुरु अभय महाराज, कर्ण भास्कर,प्रज्ञा माली व अदिति भारद्वाज छात्राओं को कथक नृत्य के गुर सिखाएंगे। कार्यशाला के लिए छात्राओं तथा स्कूलों से सम्पर्क करने के लिए नीता चावला, अनितानाथ, शशि परमार व डॉक्टर कल्पना को संयोजक बनाया गया है। त्रिदिवसीय इस कार्यशाला का उद्घाटन रजनीश सोनी, नंदनी बजाज व डॉक्टर वंदना वत्स कौशिक करेंगे। दूसरे दिन का दीप प्रज्ज्वलन समाजसेवी अनिल हालुवासिया व भूषण कामरा द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह के अवसर पर छात्राओं द्वारा कथक की प्रस्तुति के साथ-साथ नृत्यगुरु भी अपनी नृत्यकला की प्रस्तुति देंगे।

# दुर्गापूजा पर महिलाओं को सम्मान और बराबर की भागीदारी देने का संकल्प लें

## –राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दुर्गापूजा पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा

### देवी दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं और वे नारी शक्ति का दैवीय रूप भी हैं।

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने दुर्गापूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि इस त्योहार पर हम ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लें। जहां महिलाओं को अधिक सम्मान और बराबर की भागीदारी प्राप्त हो। राष्ट्रपति कोविंद ने फेसबुक और ट्विटर पर पोस्ट में कहा, दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने कहा, देवी दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं और वे नारी शक्ति का दैवीय रूप भी हैं। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूप जीवन के साथ प्रकृति के जुड़ाव को दर्शाते हैं।

कोविंद ने कहा, आइए, इस त्योहार के अवसर पर हम एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प करें, जहां समाज में महिलाओं को पहले से अधिक सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में उन्हें बराबर की भागीदारी प्राप्त हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी कामना है कि हर्षोल्लास भरे इस पर्व से देशवासियों के बीच शांति, भाईचारे और एकता की भावना और सशक्त हो तथा हम सभी देश की प्रगति के लिए बढ़-चढ़कर काम करते रहें।

# दशहरा के बाद स्थिति के आधार पर कोविड-19 नियमों में राहत: बोम्मई



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि सीमावर्ती जिलों में लागू कोविड-19 नियमों में दशहरा के बाद स्थिति की समीक्षा के आधार पर छूट देने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचे बोम्मई ने कहा कि दशहरा के बाद सरकार आकलन बैठक करेगी और उसके बाद निर्णय लेगी। प्राथमिक विद्यालयों को खोलने के संबंध में भी निर्णय लिया जाएगा।

दक्षिणी कन्नड़ जिले में नैतिकता का पाठ पढ़ाने संबंधी मामलों पर उन्होंने कहा कि समाज में सभी को जिम्मेदार तरीके से व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें सामाजिक समरसता बनाए रखनी चाहिए और समाज में नैतिकता होनी चाहिए।

# सरकार को पाक, चीन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए : शिवसेना

## आशंका जताई, चीन-पाकिस्तान बन सकते हैं भारत के अस्तित्व के लिए खतरा

### मुखपत्र सामना में बिना नाम लिए भाजपा को पॉलिटिकल ईस्ट इंडिया कम्पनी कहा

**एजेंसी।** मुंबई



**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव के बीच शिवसेना ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार ने अगर कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो चीन और पाकिस्तान एकसाथ आकर भारत के अस्तित्व के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बिना उसे पॉलिटिकल ईस्ट इंडिया कम्पनी बताया गया और कहा कि चीन लगातार घुसपैठ कर रहा है और भारत बातचीत में ही लगा है। पार्टी ने चीन को अग्रणी साम्राज्यवादी राष्ट्र भी करार दिया।

जम्मू-कश्मीर में हिंदू और सिखों पर हुए हालिया हमलों की पृष्ठभूमि में सम्पादकीय में कहा गया कि केन्द्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है और घाटी से हिंदू भाग रहे हैं। यह भाजपा जैसी पार्टी को शोभा नहीं देता, जो हिंदुत्व का समर्थन करती है। मराठी समाचारपत्र में कहा गया, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री को ऐसे लोगों को दर्द समझना चाहिए। सम्पादकीय में कहा गया कि तालिबान के अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद से कश्मीर में हिंसक घटनाएं बढ़ गई हैं।

भारत और चीन की सेनाओं के बीच जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए उसने कहा कि मुद्दों पर 13 दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन सभी बेनतीजा रही। सम्पादकीय में कहा, जनमुक्ति सेना के अधिकारी वार्ताएं तो लंबी-लंबी करते हैं, लेकिन अंत में करते वहीं है, जो वह करना चाहते हैं। चीन रचनात्मक बदलावों के लिए तैयार नहीं है। सम्पादकीय में दावा किया गया कि कश्मीर में पाकिस्तान के हर एक कृत्य को चीन का समर्थन हासिल है। अलोकतांत्रिक ताकतें जो अफगानिस्तान में सत्ता में हैं, उन्हें भी चीन का समर्थन हासिल है।

शिवसेना ने सम्पादकीय में कहा, सरकार ने कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो चीन और पाकिस्तान एक साथ आएंगे और भारत के अस्तित्व के लिए खतरा उत्पन्न करेंगे। देश की पॉलिटिकल ईस्ट इंडिया कम्पनी को यह समझना चाहिए। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच 17 महीने से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध जारी है और 13 दौर की सैन्य बातचीत के बाद ही कोई समाधान नहीं निकला है। भारतीय सेना ने सोमवार को कहा था कि उसके द्वारा दिए गए सकारात्मक सुझावों पर चीन की सेना सहमत नहीं हुई और ना ही उसने आगे बढ़ने की दिशा में कोई प्रस्ताव दिया।

# एनजीटी ने नहीं दी उच्च न्यायालय को पुराने भवन खंड के पुनर्निर्माण की अनुमति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### कहा, शिमला के भीतरी क्षेत्र में निर्माण सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय को अपने पुराने भवन के खंड के पुनर्निर्माण की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अधिकरण का कहना है कि शिमला के भीतरी क्षेत्र में निर्माण सार्वजनिक सुरक्षा तथा पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा है।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निस्संदेह, उच्च न्यायालय की आवश्यकता सर्वोच्च प्राथमिकता है लेकिन जनता की सुरक्षा के खतरे को देखते हुए, वह अपने पहले के आदेश को संशोधित नहीं कर सकता है। पीठ ने आठ अक्टूबर को दिए अपने आदेश में कहा, शिमला के भीतरी क्षेत्रों में निर्माण के सार्वजनिक सुरक्षा एवं पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा होने के कारण, आवेदन में सुझाया गया कोई भी संशोधन व्यावहारिक नहीं होगा।

एनजीटी, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसके 16 नवंबर, 2017 के आदेश को संशोधित करके पुराने भवन के खंड (जो कि शिमला के भीतरी इलाके में है) के पुनर्निर्माण की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। एनजीटी ने 2017 में हिमाचल प्रदेश के हरित, जंगल और अंदरूनी क्षेत्रों के किसी भी हिस्से में और राष्ट्रीय राजमार्गों के तीन मीटर के भीतर सभी आवासीय या वाणिज्यिक निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# बुंदेलखंड की जनता भाजपा के वोटों पर चलाएगी बुलडोजर

### समाजवादी विजय रथ यात्रा से अखिलेश ने कहा

**एजेंसी।** हमीरपुर



**समाजवादी** पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि बुंदेलखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ इतने वोट डालेगी कि इनके वोटों पर बुलडोजर चल जाएगा। समाजवादी विजय रथ से यात्रा पर निकले यादव मंगलवार को दूसरे दिन हमीरपुर में जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन आय तो दोगुनी नहीं हुई, महंगाई जरूर दोगुनी हो गई।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा, हमारे बाबा मुख्यमंत्री को दो चीजें पसंद हैं-एक बुल और दूसरा बुलडोजर।

# सीबीआई ने मुख्य सचिव डीजीपी को भेजा समन

**एजेंसी।** मुंबई

### सम्मन के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार उच्च न्यायालय पहुंची

**महाराष्ट्र** सरकार ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा राज्य के मुख्य सचिव सीताराम कुंते और पुलिस महानिदेशक संजय पांडेय को समन जारी करने के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। केन्द्रीय एजेंसी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में ए समन जारी किए हैं।

राज्य सरकार ने मंगलवार को यह याचिका दायर की और बुधवार को न्यायमूर्ति नितिन जमादार और न्यायमूर्ति एसवी कोतवाल की पीठ के समक्ष इसका उल्लेख करके इस पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए 20 अक्टूबर की तारीख तय की है। सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के सिलसिले में इस महीने की शुरूआत में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय पांडे और मुख्य सचिव सीताराम कुंते को समन जारी किए थे और उन्हें इस सप्ताह से पहले पेश होने के लिए कहा गया था।

# मध्यप्रदेश के चार आईटी सेज से 44.65 प्रतिशत बढ़ा सॉफ्टवेयर निर्यात

**इंदौर।** मौजूदा वित्त वर्ष में मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित चार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेज से अप्रैल से सितंबर के बीच सॉफ्टवेयर निर्यात औसतन 44.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ करीब 767 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान चारों विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) से कुल 530.17 करोड़ रुपये का सॉफ्टवेयर निर्यात किया गया था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से सितंबर के बीच इंदौर के टीसीएस सेज का सॉफ्टवेयर निर्यात 58 प्रतिशत बढ़कर 375.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और उनका बेटा ही लखीमपुर खीरी हिंसा के दोषी : शिवपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** मथुरा

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि लखीमपुर हिंसा के पीछे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र का ही हाथ है और वह तथा उनका बेटा ही किसानों के दोषी हैं।

यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री भी इस मामले में किसानों को न्याय दिलाने में असफल रहे हैं। इसलिए न मिश्र को और न ही अमित शाह को पद पर रहने का अधिकार है और उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सामाजिक परिवर्तन यात्रा के माध्यम से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की शुरुआत करते हुए यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि दोनों ने जनता से किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया। शिवपाल ने कहा, पिछले दस महीने से मौसम की परवाह किए बिना किसान दिल्ली सीमा पर आंदोलनरत हैं, जिसमें 500 से अधिक किसानों की जानें जा चुकी हैं लेकिन इन सरकारों को न तो किसानों-मजदूरों की चिंता है।

# गुजरात : सूरत में चार साल की बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में एक औद्योगिक इकाई में काम करने वाले एक श्रमिक ने चार साल की एक बच्ची का कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक आरोपी ने बच्ची को उसके घर के पास से अगवा करने के बाद दुष्कर्म किया और फिर घायल अवस्था में बच्ची को सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गया। सहायक पुलिस आयुक्त जेके पांड्या ने कहा, घर के बाहर खेलते समय बच्ची के लापता होने के बाद उसके माता-पिता ने मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे पुलिस से संपर्क किया।

# उच्चतम न्यायालय ने यूपी बार काउंसिल को लगाई फटकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### विशेष जांच दल को जांच में मिले थे 1,376 संदिग्ध दावों के मामले

**उच्चतम** न्यायालय ने फर्जी दावे पेश कर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण और श्रमिक मुआवजा अधिनियम के तहत बीमा कंपनियों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को फटकार लगाई है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा फर्जी दावा याचिकाएं दाखिल करने के गंभीर आरोपों के बावजूद यूपी बार काउंसिल द्वारा उन्हें अपना पक्ष पेश करने का निर्देश नहीं देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि यह यूपी बार काउंसिल की ओर से उदासीनता और असंवेदनशीलता दर्शाता है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा को इस पर गौर करना चाहिए। पीठ ने कहा, ऐसे में राज्य की बार काउंसिल का यह कर्तव्य है कि वह मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण और श्रमिक मुआवजा अधिनियम के तहत फर्जी दावे दायर करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करे। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सात अक्टूबर 2015 के आदेश के अनुपालन में गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को 15 नवंबर या उससे पहले सीलबंद लिफाफे में जांच के संबंध में रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार


### स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने पर विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले के एक स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक शिक्षक और एक छात्र की कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 175 किलोमीटर दूर बड़ौद कस्बे में मंगलवार को हुई इस घटना के बाद करीब 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगर-मालवा के जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार (एसपी) ने बुधवार को फोन पर बताया कि आगर-मालवा जिले के बड़ौद कस्बे के एक निजी स्कूल में हिंदू-मुसलमान सहित विभिन्न समुदायों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने को लेकर छात्रों के बीच कुछ विवाद हुआ था, लेकिन मामला वहीं शांत हो गया। इसके बाद कुछ छात्रों ने स्कूल के बाहर दूसरे पक्ष के लड़कों की कथित तौर पर पिटाई कर दी।एक अन्य पुलिस अधिकारी के अनुसार स्कूल में प्रार्थना के बाद विद्यार्थी राष्ट्रगान गाते हैं और इसके अंत में भारत माता की जय का नारा लगाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मुस्लिम बच्चे भारत माता की जय नहीं बोल रहे थे और कक्षा 12वीं के छात्र भरत सिंह राजपूत (19) ने इसका विरोध किया, जिसके परिणामस्वरुप विवाद हुआ।

### जमानत राशि देने में असमर्थ महिला कैदियों को योजना जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार जल्द ही उन महिला कैदियों को रिहा करने की योजना शुरू करेगी। जो सालों से जेल में हैं और जमानत राशि का भुगतान तथा अन्य कानूनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाई हैं। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री यशोमती ठाकुर ने एक बयान में कहा कि मुक्त योजना छोटे अपराधों के लिए जेलों में बंद महिला कैदियों को राहत देगी और इससे जेलों पर बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि कई महिलाओं के खिलाफ मामूली मामले दर्ज किए गए हैं और वे जमानत के बगैर कई वर्षों से हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं को जमानत पर रिहा करने के लिए, राज्य सरकार मुक्त योजना शुरू करने पर विचार कर रही है। यह उन महिलाओं के लिए फायदेमंद होगी जो जमानत आदेशों के बावजूद, रिहाई की राशि का भुगतान करने में असमर्थ होने के कारण हिरासत में हैं। मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक निजी कंपनी में काम करने वाली एक महिला को पुलिस ने एक छोटी सी बात को लेकर करीब दो साल तक हिरासत में रखा। उन्होंने कहा कि मामूली कारणों से महिलाओं को हिरासत में रखे जाने के ऐसे कई उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि मुक्त योजना राज्य की विभिन्न जेलों में लागू की जाएगी ताकि उन महिलाओं का पता लगाया जा सके जिन्हें बेवजह प्रताड़ित किया गया है और जिन्हें कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करके रिहा किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि वह जेलों का दौरा करेंगी और खुद जानकारी जुटाएंगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र कानूनी सहायता सेवा प्राधिकरण की मदद ली जाएगी। मंत्री ने कहा कि जमानत राशि को कम करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे और महिला कैदियों की रिहाई के लिए गैर सरकारी संगठनों तथा अन्य संस्थाओं से मदद ली जाएगी।

### एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर की छापेमारी




**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर में 16 जगहों पर छापेमारी के बाद आतंकवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह गिरफ्तारी केन्द्र शासित क्षेत्र और नई दिल्ली सहित अन्य प्रमुख शहरों में हमले के लिए विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा साजिश रचने की जानकारी मिलने के बाद की गई छापेमारी के दौरान की गई। एनआईए ने इस संबंध में 10 अक्टूबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि चार आरोपियों- वसीम अहमद सोफी, तारिक अहमद डार, बिलाल अहमद मीर उर्फ बिलाल फाफू और तारिक अहमद बफांदा- को गिरफ्तार किया है, ये चारों श्रीनगर के निवासी हैं। इन्हें श्रीनगर, पुलवामा और शोपियां जिले में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया।एनआईए ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी विभिन्न प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगी या सक्रिय कार्यकर्ता (ओजीडब्ल्यू) हैं और आतंकवादियों को साजो-सामान और भौतिक सहायता प्रदान करते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, कल हुई छामेपारी के दौरान, कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, जिहादी दस्तावेज और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड वाले दस्तावेज जब्त किए गए हैं। एनआईए ने कहा कि यह मामला प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल-उल-मुजाहिदीन, अल बद्र और इसी तरह के अन्य संगठन तथा उनके सहयोगी जैसे, द रेसिस्टेंस फ्रंट तथा पीपल अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस के सदस्यों द्वारा जम्मू-कश्मीर और नई दिल्ली सहित अन्य प्रमुख शहरों में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रचने के संबंध में मिली जानकारी से जुड़ा है।

### कोयले की आपूर्ति में नहीं होगी कोई समस्या : जोशी




**बिलासपुर।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि बिजली उत्पादन के लिए कोयले की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होगी। केंद्रीय मंत्री दो दिनों के लिए कोयला उत्पादक राज्य छत्तीसगढ़ और झारखंड के दौरे पर हैं। बुधवार सुबह वह विशेष विमान से बिलासपुर स्थित विमानतल पहुंचे जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि वह कोयला उत्पादन में तेजी लाने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की खदानों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह कोयला उत्पादन की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिजली मंत्रालय ने कोयला मंत्रालय को बिजली उत्पादन के लिए 10.9 लाख टन कोयले की मांग रखी थी जो बाद में 20 तारीख के बाद 20 लाख टन हो गया। उन्होंने कहा कि देश में बिजली उत्पादन के लिए आज की तारीख में 20 लाख टन कोयले की आपूर्ति की जा रही है। देश में धीरे धीरे कोयले का भंडार भी बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि वह देश को आश्वस्त करना चाहते हैं कि बिजली उत्पादन के लिए कोयले की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होगी। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित एसईसीएल की खदानों का दौरा करने के बाद वह शाम में रांची के लिए रवाना होंगे।

# केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करें राष्ट्रपति, कांग्रेस ने ज्ञापन देकर कहा

## प्रियंका ने कहा, शहीद किसान और पत्रकार रमेश कश्यप के परिजन चाहते हैं न्याय

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के दो सिटिंग जज करें जांच

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखीमपुर खीरी हिंसा के मामले को बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। उनसे आग्रह किया कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पद से अजय कुमार मिश्रा टेनी को बर्खास्त किया जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। पार्टी ने यह भी कहा कि इस मामले की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के दो वर्तमान न्यायाधीशों का आयोग गठित किया जाए तथा राष्ट्रपति इस बारे में सरकार को निर्देश दें। कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल में राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता एके एंटनी, गुलाम नबी आजाद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी शामिल थीं। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने इस बारे में राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी सौंपा।

राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, जिन परिवारों के सदस्यों को कुचला गया था, उन्होंने बताया कि वे न्याय चाहते हैं। वो चाहते हैं कि जिस व्यक्ति ने यह हत्या की है उसको सजा मिले। उन्होंने यह भी कहा है कि जिस व्यक्ति ने हत्या की है उसके पिता देश के गृह राज्य मंत्री हैं और जब तक वह व्यक्ति मंत्री है तब तक सही जांच नहीं हो सकती।

उन्होंने बताया, ये बातें हमने राष्ट्रपतिजी को बताई हैं और हमने उनसे कहा कि यह सिर्फ इन परिवारों की आवाज नहीं, बल्कि हर किसान की आवाज है। मिश्रा के एक बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस ने नेता ने कहा, इस व्यक्ति ने हत्या से पहले कहा था कि सुधरोगे नहीं तो सुधार दूंगा, किसानों को धमकी दी थी। हमने राष्ट्रपति से कहा कि जब तक यह व्यक्ति मंत्री है तब किसानों को न्याय नहीं मिल सकता। इसलिए उच्चतम न्यायालय के दो वर्तमान न्यायाधीशों के जरिए इसकी जांच होनी चाहिए।

### कानून मंत्री लखीमपुर में भाजपा कार्यकर्ता के घर शोक प्रकट करने गए

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक बुधवार को यहां लखीमपुर पहुंचे। तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में जान गंवाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता और एक चालक के परिवारों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उप्र के मंत्री बिना किसी आधिकारिक प्रोटोकॉल के जिले में पहुंचे और शहर के शिवपुरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और फरधन (खीरी) इलाके के परसेहरा खुर्द गांव में चालक हरिओम जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्रा और अनुराग मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कानून मंत्री बृजेश पाठक ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और हर तरह की सहायता का आश्वासन दिया।

### आशीष के दोस्त अंकित दास पूछताछ के लिए पहुंचे

**लखीमपुर खीरी ( उप्र )।** केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र एवं तिकोनिया हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा के करीबी दोस्त माने जाने वाले अंकित दास बुधवार को लखीमपुर में अपराध शाखा कार्यालय में विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने हाजिर हुए। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे अंकित दास वकीलों के एक दल के साथ लखीमपुर पुलिस लाइन में स्थित अपराध शाखा कार्यालय पहुंचे। मंगलवार को अंकित दास और उनके चालक लतीफ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्मसमर्पण के लिए आवेदन दिया था। अंकित दास दिवंगत मंत्री अखिलेश दास के भतीजे हैं। कहा जा रहा है कि चार किसानों को कुचलने वाली कार के पीछे जो फॉर्चूनर कार थी वह दास की ही थी।

# फैक्ट्री के टैंक में दम घुटने से 2 मजदूरों की मौत

## परिजनों ने लगाया जबरन सफाई कराने का आरोप, मालिक और ठेकेदार पर मामला हुआ दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली कासना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइट-5 स्थित जगदंबा केमिकल फैक्ट्री में मंगलवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया।

केमिकल फैक्ट्री के टैंक को साफ करने के लिए उतारे गए दो लोगों की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। परिजनों ने फैक्ट्री के मालिक और ठेकेदार पर बिना सेफ्टी बेल्ट और मास्क के केमिकल टैंक में उतारने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने मामले में फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक यूपी के जनपद बांदा निवासी रविंद्र ने बताया कि मंगलवार रात साइट-5 स्थित जगदंबा केमिकल फैक्ट्री का ठेकेदार हेमंत उनके घर पर बुलाने आया था।


विलाप करते परिजन।


कैमिकल फैक्ट्री का टैंक जहां हादसा हुआ।

रविन्द्र और उनके अन्य रिश्तेदार फैक्ट्री के पास ही किराए के मकान में रहते हैं। हेमंत ने ठेकेदार से कहा कि थोड़ी देर के लिए फैक्ट्री में चल कर काम करना है।

ठेकेदार हेमंत रविन्द्र उसके मौसा रामभेश, मौसेरा भाई पंकज और रमेश को 6 हजार रुपये का प्रलोभन देकर फैक्ट्री में रात 9:30 बजे ठेकेदार बुलाकर ले गया। ठेकेदार और फैक्ट्री मालिक सुरेंद्र गुप्ता ने चारों व्यक्तियों से केमिकल टैंक की सफाई के लिए कहा। आरोप है कि चारों के इंकार करने पर भी वह जिद पर अड़ गए और मजदूरों को धमकाने लगे। उन्होंने कहा कि पहले भी वह कई बार टैंक की सफाई करा चुके हैं। इसमें कोई परेशानी नहीं होती।

ठेकेदार और फैक्ट्री मालिक ने बिना सेफ्टी बेल्ट और मास्क दिए रामभेष और पंकज को टैंक में उतार दिया। कुछ ही समय में टैंक में सफई के लिए गए दोनों जहरीली गैस से बेहोश हो गए। जानकारी होने पर उन्हें बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन ने देर रात ठेकेदार और फैक्ट्री मालिक पर आरोप लगाकर हंगामा किया।

कोतवाली कासना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि पीडित परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फैक्ट्री मालिक सुरेंद्र गुप्ता और ठेकेदार हेमंत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक रविन्द्र ने मौसा और मौसेरे भाई की जान बचाने के लिए अपनी जान पर खेलकर टैंक में उतर गया, लेकिन उतरते ही जहरीली गैस से उसकी भी हालत बिगड़ने लगी। इसके चलते रविन्द्र तुरंत ही समय रहते टैंक से बाहर निकल आया जिससे उसकी जान बच गई।

## 50 हजार रुपये में पिता-पुत्र बेच रहे थे मौत का सामान

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित 130 मीटर रोड के पास से एंटी ऑटो थेफ्ट टीम ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हथियार तस्कर पिता. पुत्र हैं। बदमाशों के कब्जे से पिस्टल रिवाल्वर समेत कुल पांच हथियार बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि आरोपी काफी समय से हथियारों की तस्करी कर रहे थे।

और 50 हजार रुपये में पिस्टल बेचते थे। बदमाशों पर लूट व डकैती के कई मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले भी जेल जा चुके हैं। बदमाशों का एक साथी मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एंटी ऑटो थेफ्ट टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि हथियार तस्करों के संबंध में सूचना मिली थी कि बदमाश ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रास्ते मेरठ की तरफ जाने वाले हैं। सूचना पर कोतवाली ईकोटेक.3 क्षेत्र स्थित 130 मीटर रोड से दो हथियार तस्करों को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया गया।

# प्राधिकरण ने सुपरटेक केपटाउन में 20 विला और 3 टावर किए सील

- आईएफएमएस का बिल्डर पर करीब एक करोड़ रुपए बकाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण ने सुपरटेक बिल्डर के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

प्राधिकरण ने सेक्टर-74 में स्थित सुपरटेक केपटाउन हाउसिंग सोसाइटी में खाली पड़े 20 विला और 3 टावर को सील कर दिया है। इन टावर में 100 से ज्यादा फ्लैट्स हैं। दरअसल बिल्डर पर आईएफएमएस का करीब एक करोड़ रुपए बकाया था। बार-बार नोटिस देने के बावजूद बिल्डर इस रकम का भुगतान नहीं कर रहा था। इसी वजह से अथॉरिटी को एक्शन लेना पड़ा।

प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि पिछले महीने केपटाउन सोसाइटी की एओए ने इस बारे में शिकायत की थी। एओए कहा था कि बिल्डर ने अब तक आईएफएमएस इंटरेस्ट फ्री मेंटेनेंस सिक्योरिटी चार्ज का पैसा ट्रांसफर नहीं किया है। इसका संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने बिल्डर को नोटिस जारी किया और तत्काल प्रभाव से पैसा देने का निर्देश दिया था। लेकिन बिल्डर ने इस रकम का भुगतान नहीं किया। डेडलाइन समाप्त होने के बाद प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी ने सख्त कदम उठाया।

उन्होंने केप टाउन हाउसिंग सोसायटी में खाली फ्लैट्स और विला को सील करने का आदेश दिया। इसका पालन करते हुए सोसाइटी में 20 विला और तीन टावर को सील कर दिया गया है। प्राधिकरण ने टावर में चल रहे कार्य को भी बंद करा दिया है।

# दलित से गैंगरेप में मुख्य आरोपी दबोचा

- तीन दिन के अंदर चार्जशीट होगी दाखिल: डीसीपी वृंदा शुक्ला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली जेवर क्षेत्र में एक गांव में रहने वाली दलित महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और दरिंदगी के मामले में 25 हजार रुपये के इनामी और मुख्य आरोपी महेंद्र को बुधवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला ने बताया कि जेवर गैंगरेप के मुख्य आरोपी महेंद्र को बुधवार दोपहर कोतवाली जेवर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में 3 दिन के अंदर ही पुलिस न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करेगी और इस मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करवाने के लिए वह न्यायालय से अपील करेंगी। डीसीपी ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला प्रशासन ने पीड़ित को ढाई लाख रुपये धनराशि की पहली मदद दे दी है। डीसीपी ने बताया कि वारदात के दौरान महिला के निजी अंगों में काफी चोट पहुंची थी।


पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी।

# अदालत में पेशी से पहले शख्स को लगी गोली

- सौतली बेटियों पर अश्लील हरकत करने का था आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 8 में एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की घटना सामने आई। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी के खिलाफ उसकी सौतेली बेटियों ने छेड़छाड़ और पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था जिसके लिए उसे बुधवार को अदालत में पेश होना था।

अपर पुलिस उपायुक्त रणविजय सिंह ने बताया कि घायल शिव कुमार ने अपना नाम साबिर रखकर महिला से दूसरी शादी की थी। महिला की पहले पति से दो बेटियां हैं। शिव कुमार के खिलाफ अपनी नाबालिग सौतेली बेटियों के साथ अश्लील हरकत करने का मुकदमा दर्ज है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिव ने अपने साथियों के संग मिलकर खुद के ऊपर गोली चलवाई हैं।

# किसानों ने खेतों में जलाई पराली, लेखपालों पर सख्ती

- पहली बार दोषी पाए जाने पर 15 हजार के जुर्माने का प्रावधान है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्रदूषण के खतरे को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त है। इसकी रोकथाम के लिए हर जरूरी कदम उठाए गए हैं।

किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की गई है। हालांकि जिले में पराली जलाने की कुछ घटनाएं सामने आई हैं। जेवर के उपजिलाधिकारी रजनीकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है। तहसील जेवर में गोविन्सगढ, जेवर बांगर तथा करौली बांगर गांवों में पराली जलाने की घटना सामने आई है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली के पारित आदेशों के मुताबिक धान की पराली जलाने को प्रतिषिद्ध किया गया है। सूचना के आधार पर जांच कराने पर पाया गया है कि गांव गोविन्सगढ परगना व तहसील जेवर राजीव व शेर सिंह ने पराली जलाई। फसल अवशेष पराली जलाने की घटना कारित करने वाले भू-स्वामियों के विरुद्ध शासनादेश के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति आरोपित करने की कार्रवाई की जा रही है। पराली जलाने की घटना जिन ग्रामों में हुई है, उनके लेखपालों का स्पष्टीकरण मांगा गया है। शासनादेश के अनुसार पराली जलाने पर प्रथम बार में 15000 रुपये तक जुर्माना किये जाने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के स्तर से ग्राम पंचायतों में किसानों के फसल अवशेष, पराली न जलाने के लिए जागरूक करने के लिये मुनादी करायी जा रही है।



बिना स्ट्रारीपर विथ बाइण्डर कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन का प्रयोग करने वाले मशीन मालिकों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये सहायक पुलिस आयुक्त जेवर को लिखा गया है।

# पुलिस से झड़प: एनएचआरसी पहुंचे किसान

- सुखबीर ने नोएडा पुलिस के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

11 अक्टूबर को प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एचएचआरसी) पहुंच गया है। किसानों ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस और अफसरों के खिलाफ शिकायत दी है। किसान नेता सुखबीर की तरफ से दी गई शिकायत में कहा, पुलिस-प्रशासन ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और किसानों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया है। पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से किसानों पर लाठीचार्ज किया और 10 से ज्यादा किसानों को चोटें आई हैं।

सुखबीर खलीफा ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले में नोएडा पुलिस एक्शन में है। शहर के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में प्राधिकरण के एक अफसर की तहरीर पर 36 नामित समेत 1500 से ज्यादा किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि किसानों ने भी थाने में अपनी शिकायत दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### निजी स्वार्थ सिद्ध में लगे कुछ लोग: एडीसीपी

एडीसीपी रणविजय सिंह ने कहा, कुछ किसान शांतिपूर्ण ढंग से हरौला बारात घर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। अफसरों-किसानों के बीच कई बैठक कराई। किसान भी इससे संतुष्ट थे लेकिन उनकी आड़ में कुछ लोग निजी स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं। ऐसे लोग शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसानों को भी उग्र कर रहे हैं। बार-बार उन्हें हिंसा और प्राधिकरण कार्यालय जाने के लिए उकसा रहे हैं।

## जीडीए को डेढ़ करोड़ से ज्यादा की होगी आय

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत दूसरे दिन भी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर भवनों के विक्रय का सिलसिला जारी रहा।

10 भवनों के आवंटन के लिए लोगों ने भवनों के लिए आवेदन किए, जिसमें मधुबन बापूधाम योजना के 8 एलआईजी भवन और एक चंद्रशिला अपार्टमेंट में तत्काल भवन का आवंटन किया गया। इन भवनों के विक्रय से प्राधिकरण को लगभग डेढ़ करोड़ की आय होगी। जीडीए सचिव ब्रजेश कुमार ने बताया कि लोगों ने भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर क्रय करने में रुचि ली जा रही है।


हिंदी भवन परिसर में जीडीए द्वारा आयोजित कैंप का दृश्य

# अरबों खर्च होने के बाद भी शहर बना कूड़े का ढेर

- लोगों के विरोध के चलते गांव गालंद नहीं डाली जा रही गंदगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली से गाजियाबाद को सजाने और संवारने के लिए पिछले कुछ वर्षों के दौरान भले ही अरबों रुपए खर्च हो चुके हो लेकिन धरातल पर देखें तो अभी तक गाजियाबाद की जनता को एक डंपिंग ग्राउंड तक नसीब नहीं हुआ है। जिसका नतीजा यह है कि गाजियाबाद आज कूड़े का ढेर बन कर रह गया।

पिछले एक हफ्ते के दौरान गाजियाबाद से निकलने वाले करीब एक हजार मीट्रिक टन कूड़ा उठ नहीं पा रहा है। जिस कारण इस शहर की हर गली में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नगर निगम इस कूड़े को हटाने में असहाय नजर आ रहा है । नगर निगम के पास कूड़ा निस्तारण के लिए डंपिंग ग्राउंड नहीं है। जहां कहीं भी नगर निगम कूड़ा डालता हैं तो उसका विरोध शुरू हो जाता है।



इस संबंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार का कहना है कि कूड़े के निस्तारण की समस्या के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द कूड़े का निस्तारण के लिए समाधान ढूंढ लिया जाएगा । आपको बता दें कि केवल स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर गाजियाबाद में अभी तक अरबों रुपए का धन खर्च किया जा चुका है लेकिन नगर निगम अभी तक कूड़ा निस्तारण के लिए डंपिंग ग्राउंड तक नहीं तलाशा जा सका है। आए दिन कूड़ा निस्तारण के लिए योजनाएं बनाई जाती हैं लेकिन एक स्तर पर जाकर सब फेल हो जाती हैं। हापुड़ जिले के गालंद में गाजियाबाद नगर निगम का कूड़ा जाता था लेकिन पिछले दिनों वहां विरोध होने के बाद कूड़ा जाना बंद हो गया है, जिस कारण नगर निगम का कूड़ा घरों से निकलकर ढलान घरों तक तो जा रहा है लेकिन वहां से उठ नहीं पा रहा है। नतीजा पिछले एक हफ्ते के दौरान गाजियाबाद शहर पूरा घर बन कर रह गया। वही निगम कार्यकारिणी के सदस्य जाकिर सैफी इसके लिए नगर निगम प्रशासन व महापौर को जिम्मेदार ठहराया है।

# खेल व योग शिक्षक की नौकरी का झांसा देकर 3,423 से ठगी

- एनजीओ के चेयरमैन खिलाफ मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आयुष्मान भारत रोजगार योजना के नाम पर उत्तर प्रदेश के 3,423 युवक-युवतियों से खेल तथा योग शिक्षक की नौकरी का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है।

थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि श्वेता सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि सेक्टर 63 में आयुष्मान भारत योग एवं प्रशिक्षण संस्थान है। एनजीओ के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लिए शिक्षकों की भर्ती निकाली गई थी। प्रवेश शुल्क के नाम पर सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग से 380 और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों से 280 लिए गए। अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली गई और काउंसलिंग के लिए सभी से 500-500 रुपए वसूले गए। इसके बाद प्रत्येक अभ्यर्थी से ।,55,000 रुपए लेकर नियुक्ति पत्र दिए गए। जब अभ्यर्थियों ने स्कूलों में जाकर नियुक्ति-पत्र दिखाया तो पता चला कि यह फर्जी है। थाना फेस-3 पुलिस ने एनजीओ के चेयरमेन दामोदर कुमार शर्मा, न्यासी संजय चौधरी, संस्थापक विपुल, अध्यक्ष अब्बाशी और तकनीकी प्रमुख विनीत गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
आज दोस्तों से काफी वार्तालाप करेंगे, आज की गई यात्रा महत्वपूर्ण साबित होगी। भविष्य के लिए कुछ अच्छे संपर्क स्थापित हो सकते हैं। यदि शादीशुदा हैं, तो वाणी में मिठास बरसेगी, जीवन साथी बड़ा खुश होगा। प्रेम जीवन बिता रहे हैं, तो आपका प्रिय आपके लिए कुछ खास करेगा। वित्तीय रूप से आज का अच्छा दिन है। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या परेशान करेगी।
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** भूरे रंग के कुत्ते को रोटी डालें।

### वृष
जो लोग व्यवसाय कर रहे है उनको व्यवसाय में धन लाभ होगा। प्रॉपर्टी या वाहन में भी निवेश संभव है। प्रतिद्वंद्वी गतिविधि बढ़ेगी, किंतु वे आपका बिगाड़ नहीं पाएंगी। नौकरीपेशा जातकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। प्यार की गाड़ी तेजी से आगे बढ़ेगी। अदालती कार्यवाही के संकेत है। छात्रों के लिए दिन अच्छा है। कोई रुका सरकारी कार्य पूर्ण होगा। मनपसंद चीज गिफ्ट में मिल सकती है।
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** पीले रंग का रुमाल जेब में रखें।

### मिथुन
बिजनेस में नई पहल करने का समय है। कामकाज में नया प्रयोग करने में सफल हो सकते हैं। दिन ठीक है। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें सफलता मिल सकती है। अधिकारी आपकी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ समय बीतेगा। साझेदार से फायदा भी होगा। रोजमर्रा के कामों से फायदा हो सकता है। प्रॉपर्टी के काम भी पूरे हो सकते हैं। पुराने काम समय से पूरे हो जाएंगे।
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)
**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** कुछ देर के लिए मेडिटेशन जरूर करें।

### कर्क
इनकम का लाभ उठाएंगे। मन में हर्ष की भावना होगी पुराने कामों को भी शुरू करने का विचार बनाएंगे। बड़े भाइयों से अच्छा सपोर्ट मिल सकता है। प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने प्रिय की किसी बात को लेकर शक जाहिर कर सकते हैं। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवन साथी के महत्व को स्वीकार करेंगे। जॉब में बदलाव होने की संभावना बन सकती है।
(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** चने की दाल का दान करें।

### सिंह
सामाजिक दृष्टि से अपमानित हो सकते हैं। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष हो सकता है। मेहनत का फल मिलेगा। संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। व्यवहार में संयम तथा विवेक बनाए रखे महत्वपूर्ण व्यक्ति से बातचीत हो सकती है। महिलाओं के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। पारिवारिक समस्याओं के समाधान का मौका मिल सकता है।
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** गुरु को पीले रंग का वस्त्र अर्पित करें।

### कन्या
आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव होने के योग हैं। महत्वाकांक्षा बढ़ी हुई रहेगी। अपेक्षाओं को संतुलित रखना होगा। कार्यक्षेत्र से जुड़ी यात्राएं करनी पड़ेंगी। अधिकारी खुश रहेंगे। ऑफिस में तनावपूर्ण स्थिति खत्म हो सकती है। मेहनत के साथ आप कुछ ऐसे काम निपटा सकते हैं जो जोखिम भरे हैं। कोई बड़ी टेंशन भी खत्म हो सकती है। प्रेम जीवन बिता रहे लोग खुद को बहुत हल्का महसूस करेंगे।
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)
**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** साधु संतों का सम्मान करें।

### तुला
आज थोड़ा सावधान रहना चाहिए क्योंकि सेहत भी बिगड़ सकती है मानसिक तनाव भी थोड़ा सा परेशान कर सकता है, जो काम सुबह तक अटके हुए लग रहे थे। वह पूरे होने लगेंगे काम को लेकर भी काफी सजग रहेंगे। इनकम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। शादीशुदा है, तो जीवन साथी की बातें सुनेंगे व खास बात पर सलाह भी मिल सकती है। प्रेम जीवन बिता रहे हैं तो परिवार वालों से इस बारे में बातचीत कर सकते है।
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )
**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक बनाएं।

### वृश्चिक
कार्यों के परिणाम पक्ष में होंगे। लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। व्यवसाय में सकारात्मक निर्णय से आर्थिक लाभ मिलेगा। विदेशी संपर्क हैं तो ऐसे मजबूत संकेत हैं कि यात्रा सफल होगी। विश्वासपात्र दोस्तों की सलाह बहुत काम आएगी। दूसरों की मदद करने के मौके मिलेंगे। परीक्षा देने जा रहे हैं, तो आपकी परीक्षा अच्छे से होगी।
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )
**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** साबुत हल्दी का दान करें।

### धनु
सोचे हुए पुराने काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। अच्छा महसूस करेंगे। सामाजिक काम के लिए दिन अच्छा है। परिवार के ज्यादातर काम निपटाने पड़ सकते हैं। दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। निवेश की योजना भी बना सकते हैं। धन लाभ हो सकता है। उधार दिया गया पैसा मिल सकता है। ऑफिस और बिजनेस में लिए गए फैसले बड़ा फायदा देने वाले होंगे। काम के सिलसिले में पक्ष में रहेगा और मजबूत रहेगा।
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** हल्दी पाउडर पानी में डालकर स्नान करें।

### मकर
आज के दिन चिंताओं से बाहर निकलने का प्रयास करना पड़ेगा। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, धार्मिक कामों में भी आप जी खोलकर पैसा खर्च करेंगे, काम पर दृष्टि डालें, तो बुद्धि का लोहा मनवा आएंगे और आपका काम आपके नाम को बढ़ाने में सफल रहेगा। सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए दिन बढ़िया रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। यात्रा और भ्रमण आनंददायक और काफी शिक्षाप्रद सिद्ध होंगे। आज का दिन सामान्य रहेगा।
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** पक्षियों को मीठा डालें।

### कुंभ
नए व्यक्ति के साथ रिश्ते बनने की प्रबल संभावना है। दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। भौतिक वस्तुओं पर खर्च कर सकते हैं। नई नौकरी की तलाश करने वालों को अपने प्रयास जारी रखने चाहिए। खरीदारी हो सकती है। कोई पुरानी देनदारी निपट जाएगी। बिजनेस में जरुरी कामों की योजना बनाएंगे। महिलाओं के लिए आज के दिनपूजा करना शुभ रहेगा। खास नतीजे के इंतजार में धैर्य रखेंगे तो खुश होंगे।
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)
**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** रात्रि को हल्दी वाला दूध पिये।

### मीन
आज जो भी काम करेंगे उससे कुछ फायदा तो होगा ही साथ ही कामकाज से पैसा भी मिलेगा। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। आप कागजी काम निपटाने पर भी ध्यान दें। कुछ कागज बहुत महत्वपूर्ण हैं या हो सकते हैं। घूमने फिरने के लिए भी समय अच्छा रहेगा। काम के सिलसिले में अनुभव और योग्यता मदद करेंगे, अच्छे नतीजे मिलेंगे। आज का दिन आपका सामान्य रूप से फलदायक रहेगा।
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** चने की दाल को किसी धार्मिक स्थल प्रदान करें।

# संपूर्णता की देवी हैं मां सिद्धिदात्री

नवरात्रि के नौवें और आखिरी दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्तों को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। देवी सिद्धिदात्री को मां सरस्वती का भी एक रूप माना जाता है, क्योंकि माता अपने सफेद वस्त्र एवं अलंकार से सुसज्जित अपने भक्तों को महाज्ञान एवं मधुर स्वर से मंत्र-मुग्ध करती हैं। सिद्धिदात्री मां की पूजा के बाद ही अगले दिन दशहरा त्योहार मनाया जाता है।

देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है, देवी की चार भुजाएं हैं। दाईं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है और बाईं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल आसन पर विराजमान रहती हैं, मां की सवारी सिंह है। मां की आराधना वाले इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है और शारदीय नवरात्रि के अगले दिन अर्थात दसवें दिन को रावण पर राम की विजय के रूप में मनाया जाता है।



### कन्या पूजन

दुर्गा अष्टमी या महानवमी के हवन के बाद कन्या पूजन कर लें। इसमें 02 से 10 वर्ष की आयु की 9 कन्याओं और एक छोटे बालक को भोज कराया जाता है। बालक बटुक भैरव का रूप होते हैं। यदि आपके यहां दुर्गा अष्टमी के दिन ही हवन होता है, तो आप कन्या पूजन के बाद व्रत का उद्यापन कर सकते हैं और पारण करके व्रत को पूरा कर सकते हैं। अन्यथा महानवमी के दिन हवन के बाद कन्या पूजा करें, उनसे आशीर्वाद लेने के बाद नवरात्रि व्रत का उद्यापन पारण के साथ करें।

### पूजा मंत्र

**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैर मरैरपि,**
**सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।**
**बीज मंत्र**
ॐ ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नमो नमः ।।
(मां सिद्धदात्री की पूजा में हवन करने के लिए दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोकों का प्रयोग किया जा सकता है।)

### पूजन विधि

इस दिन माता सिद्धिदात्री को नवाह्न प्रसाद, नवरस युक्त भोजन, नौ प्रकार के पुष्प और नौ प्रकार के ही फल अर्पित करने चाहिए। सर्वप्रथम कलश की पूजा व उसमें स्थपित सभी देवी-देवताओं का ध्यान करना चाहिए। इसके पश्चात माता के मंत्रों का जाप कर उनकी पूजा करनी चाहिए। इस दिन नौ कन्याओं को घर में भोग लगाना चाहिए। नव-दुर्गाओं में सिद्धिदात्री अंतिम हैं और इनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कन्याओं की आयु दो वर्ष से ऊपर और 10 वर्ष तक होनी चाहिए और इनकी संख्या कम से कम 9 तो होनी ही चाहिए। यदि 9 से ज्यादा कन्या भोज पर आ रही हैं तो कोई आपत्ति नहीं है। इस तरह से की गई पूजा से माता अपने भक्तों पर तुरंत प्रसन्न होती हैं। भक्तों को संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्तों को अपना सारा ध्यान निर्वाण चक्र की ओर लगाना चाहिए। यह चक्र हमारे कपाल के मध्य में स्थित होता है। ऐसा करने से भक्तों को माता सिद्धिदात्री की कृपा से उनके निर्वाण चक्र में उपस्थित शक्ति स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

मां सिद्धदात्री को विद्या की देवी मां सरस्वती का भी स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में जिन देवियों के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है, उनमें मां सिद्धदात्री को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। इन्हें संपूर्णता की देवी भी कहा गया है। वैसे तो मां सिद्धदात्री की पूजा कभी भी की जा सकती है, लेकिन नवरात्रि के नौवें दिन को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन विधि-विधान और पूरी निष्ठा से इनकी पूजा करने वाले भक्तों को सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। दुनिया में कुछ भी उसके लिए असंभव नहीं रहता। मां की कृपा से साधक में सभी क्षेत्रों में विजय प्राप्त करने के लिए सामर्थ्य आ जाती है।

**मां सरस्वती का स्वरूप हैं मां सिद्धदात्री देती हैं सफलता का वरदान**

### मां सिद्धिदात्री की कृपा से बने महादेव अर्धनारीश्वर



देवी दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप को नव दुर्गाओं में सबसे श्रेष्ठ और मोक्ष प्रदान करने वाला माना जाता है। भगवान शिव ने भी इस देवी की कृपा से यह तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। शिव पुराण के अनुसार जब सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्माजी ने देखा कि उन्होंने जिस ब्रह्मांड की रचना की है, उसमें विकास की गति नहीं है। उन्होंने पाया कि पशु-पक्षी और मनुष्य की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कहा जाता है कि तब आकाशवाणी के अनुसार ब्रह्माजी ने मैथुनी (प्रजननी) सृष्टि उत्पन्न करने का संकल्प किया। ब्रह्माजी ने जब इस बारे में भगवान विष्णु से पूछा तो उन्होंने महादेव की आराधना करने को कहा।

इसके बाद ब्रह्माजी ने शक्ति के साथ शिव को संतुष्ट करने के लिए तपस्या की। ब्रह्माजी की तपस्या से परमात्मा शिव संतुष्ट हो अर्धनारीश्वर का रूप धारण कर उनके पास गए और अपने शरीर में स्थित देवी शक्ति के अंश को पृथक कर दिया। तब ब्रह्माजी ने उस परम शक्ति की स्तुति की। ब्रह्माजी की स्तुति से प्रसन्न होकर शक्ति ने अपनी भृकुटि के मध्य से अपने ही समान कांति वाली एक अन्य शक्ति की सृष्टि की, जिसने हिमालय की पुत्री पार्वती रूप में जन्म लेकर महादेव से मिलन किया।

**मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी उज्जैन, इसकी पहचान है यहां स्थित स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योतिर्लिंग की वजह से, लेकिन विक्रमादित्य की यह नगरी अपने आप में एक और इतिहास छुपाए हुए है। वह इतिहास है मां शक्ति का जो यहां गढकालिका के रूप में विराजमान है।**

# गढ़कालिका: महाकवि कालिदास की आराध्य देवी है उज्जैन में विराजमान



**हिंदू** धर्म के अनुसार यह मान्यता है कि जहां-जहां सती देवी के शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। यह शक्तिपीठ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर फैले हुए है। उन्हीं शक्तिपीठों में से एक है नगरी उज्जैन में स्थित गढ़कालिका धाम, जहां महाकवि और नाटककार कालिदास को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी उज्जैन, इसकी पहचान है यहां स्थित स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योतिर्लिंग की वजह से। लेकिन विक्रमादित्य की यह नगरी अपने आप में एक और इतिहास छुपाए हुए है। वह इतिहास है मां शक्ति का जो यहां गढ़कालिका के रूप में विराजमान है। कहा जाता है कि संस्कृत के महान कवि कालीदास को मां गढ़कालिका के आशीर्वाद से ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ऐसी मान्यता है कि प्रारंभिक जीवन में कालीदास अनपढ़ और मूर्ख थे। कालीदास एक बार एक पेड़ की जिस डाली पर बैठे थे उसी को काट रहे थे इस घटना पर उनकी पत्नी विद्योत्तमा ने उन्हें ऐसी फटकार लगाई, जिसके फलस्वरूप तपस्या कर महामूर्खों की श्रेणी में आने वाले कालीदास ने गढ़कालिका देवी की उपासना कर महाकवि कालिदास बन गए। उज्जैन में स्थित गढ़कालिका देवी का मंदिर आज के उज्जैन नगर में प्राचीन अवंतिका नगरी क्षेत्र में है। कालयजी कवि कालिदास गढ़कालिका देवी के उपासक थे। इस प्राचीन मंदिर का सम्राट हर्षवर्धन द्वारा जीर्णोद्धार कराने का उल्लेख मिलता है। गढ़कालिका के मंदिर में मां कालिका के दर्शन के लिए रोज हजारों भक्तों की भीड़ जुटती है। तांत्रिकों की देवी कालिका के इस चमत्कारिक मंदिर की प्राचीनता के विषय में कोई नहीं जानता, फिर भी माना जाता है कि इसकी स्थापना महाभारतकाल में हुई थी, लेकिन मूर्ति सतयुग के काल की है। बाद में इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार सम्राट हर्षवर्धन द्वारा किए जाने का उल्लेख मिलता है। वही स्टेट काल में ग्वालियर के महाराजा ने इसका पुनर्निर्माण करावाया था।

पुराणों के अनुसार सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल (हरिद्वार) में 'बृहस्पति सर्व' नामक यज्ञ करवाया था, जिसमें सभी देवताओं को तो बुलाया पर जान बूझकर अपने जमाता भगवान शंकर को इसमें आमंत्रित नहीं किया। जिसका सती ने विरोध किया। जिसको लेकर सती के पिता दक्षप्रजापति ने शिव को अपशब्द कहे जिससे दुखी होकर सती ने यज्ञ में अपनी ही आहुति दे दी। जिसके बाद शिव इतने क्रोधित हुए कि उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर तंडव करना शुरू कर दिया। जिसके बाद मृत सती के शरीर को लेकर वह पूरे ब्राह्ममांड में घूमने लगे। सती के मृत शरीर के अंग जहां-जहां गिरे वहां वहां शक्तिपीठों की स्थापनी की गई। उज्जैन में शिप्रा नदी के तट के पास स्थित भैरव पर्वत पर मां भगवती सती के ओष्ठ गिरे थे। जिस कारण यहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई। तांत्रिकों की देवी कालिका के इस चमत्कारिक मंदिर की प्राचीनता के विषय में कोई नहीं जानता, पर पुराणों में उल्लेख जरूर मिलता है।

यहां पर नवरात्रि में लगने वाले मेले के अलावा भिन्न-भिन्न मौकों पर उत्सवों और यज्ञों का आयोजन होता रहता है। मां कालिका के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते है। यहां नवरात्री पर्व पर भक्तों की भीड़ और देवी दर्शन के लिए उज्जैन में नवरात्री की धूम मची हुई है। कोई भक्त ने उपवास रख कर माता की आराधना की है, तो कोई चप्पल छोड़कर अपना प्रण पूरा करता दिख जाएगा। यहां दोनों ही नवरात्री में गढ़कालिका मंदिर में मां कालिका के दर्शन के लिए रोज हजारों भक्तों की भीड़ जुटती है। मां गढ़कालिका पर भक्तों की श्रद्धा देखते ही बनती है। महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'श्यामला दंडक' महाकाली स्तोत्र एक सुंदर रचना है। ऐसा कहा जाता है कि महाकवि के मुख से सबसे पहले यही स्त्रोत प्रकट हुआ था। यही नहीं उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय रूप से आयोजित होने वाले कालिदास समारोह के आयोजन के पूर्व मां कालिका की आराधना की जाती है। मां के 51 शक्तिपीठों में से एक उज्जैन का गढ़कालिका शक्तिपीठ जहां सारे भारत उपमहाद्वीप में प्रसिद्ध है, तो वही तंत्र विद्या की प्राप्ति के लिए भी इसका बड़ा महत्व है जहां पर बहुत दूर-दूर से तांत्रित सिद्धि हासिल करने लोग आते है। वही इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालु कवि कालिदास के अनुरूप ज्ञान प्राप्ति की मां गढ़कालिका से मनोकामना करते है और अपने आप को इस दरबार में पाकर खुश होते है। श्रद्धालुओं की मने तो यहां आने के बाद उनके सभी कष्ट दूर हो जाते है।

# देवास में विराजती है होलकर और पंवार राजवंश की कुलदेवी, मन से मांगी हर मुराद होती है पूरी

**मध्यप्रदेश** में यूं तो शक्ति उपासकों के लिए कई शक्तिपीठ अलग-अलग जगहों पर विराजमान है, लेकिन इन्हीं में एक शक्तिपीठ ऐसा है जहां माता शक्ति के दो रूप विराजते है। यह शक्तिपीठ है, देवास नगर में स्वमंभू विराजी माता तुलजा देवी और चामुंडा देवी, जो दो बहिनों के रूप में विख्यात है। बडी बहिन माता तुलजा देवी और छोटी बहिन माता चमुंड़ा देवी। टेकरी पर दक्षिण दिशा की ओर मां तुलजा भवानी यानी बड़ी माता का मंदिर स्थित है। इतिहासकारों के मुताबिक यह मंदिर भी चामुंडा माता मंदिर के समकालीन है। मंदिर में तुलजा माता की आधी प्रतिमा (ऊपरी हिस्सा) है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां तुलजा और मां चामुंडा दोनों बहनें हैं। प्राचीन समय में यह मंदिर छोटा था, लेकिन अब यहां प्रशासन द्वारा काफी निर्माण कार्य करवाकर इसे दर्शनार्थियों के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। मां टेकरी पर उत्तर दिशा की ओर मां चामुंडा का मंदिर है। यह देवास रियासत के राजाओं की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं। इतिहास में उल्लेखित जानकारी के अनुसार मां चामुंडा की प्रतिमा चट्टान में उकेरकर बनाई गई है। पुराविदों ने इस प्रतिमा को परमारकालीन बताया है।

ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से कोई भी मुराद मांगी जाए वह पूरी होती है। देवास स्थित टेकरी पर विराजमान माता तुलजा देवी और चामुंडा देवी, अपने वैभव और मराठी शासक होलकर तथा पंवार राजवंश की कुलदेवी के रूप में विख्यात है। देवास टेकरी पर स्थित मां तुलजा भवानी और उनकी छोटी बहिन मां चामुंडा भवानी स्वमंभू विराजमान है। विद्वानों की मानें तो देवी के 52 शक्तिपीठों में से एक मां चामुंड़ा देवी और मां तुलजा देवी के इस स्थान को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा बताया जाता है कि देश के अन्य शक्तिपीठों पर माता के शरीर के हिस्से गिरे थे, लेकिन यहां टेकरी पर माता का रुधिर यानि रक्त गिरा था। इस कारण मां चामुंडा का प्राकट्य यहां हुआ। मां चामुंडा को सात माताओं में माना जाता है। तुलजा भवानी की स्थापना मराठी राज परिवारों ने करवाई थी। मराठी राजाओं की यह कुलदेवी मानी जाती हैं। यह दोनों माताएं सगी बहनों के रूप में पूजी जाती हैं। इसके साथ ही देवास के संबंध में एक और लोक मान्यता यह है कि यह पहला ऐसा शहर है, जहां दो वंश राज करते थे, पहला होलकर राजवंश और दूसरा पंवार राजवंश। बड़ी मां तुलजा भवानी देवी होलकर वंश की कुलदेवी हैं और छोटी मां चामुंडा देवी पंवार वंश की कुलदेवी। टेकरी में दर्शन करने वाले श्रद्धालु बड़ी और छोटी मां के साथ-साथ भेरूबाबा के दर्शन अनिवार्य मानते हैं। नवरात्र के दिन यहां दिन-रात लोगों का तांता लगा रहता है। इन दिनों यहां माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

देवास नगर का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन है। कहा जाता है कि देवास का नाम ही दो देवियों का वास से प्रचलन में आया है। ऊंचे भवन पर विराजित करोड़ों लोगों की आस्था का यह सदन बरसों पहले ऋषि-मुनियों की तपोस्थली भी रहा है। अभी तक मिले प्रमाणों के अनुसार पहाड़ी पर स्थित मां चामुंडा देवी की मूर्ति लगभग 10वीं शताब्दी की बताई जाती है। टेकरी पर एक सुरंग भी है जिससे करीब दो हजार साल पूर्व के इतिहास की जानकारी मिलती है। बताया जाता है कि यह उज्जैन और देवास के बीच गुप्त रूप से आने-जाने के लिए



तैयार की गई थी। इस 45 किमी लंबी सुरंग का दूसरा छोर उज्जैन की भर्तहरि गुफा के पास निकलता है। किंवदंती कथा तो यह भी है कि उस समय उज्जैन के राजा भर्तहरि मां चामुंडा की आराधना के लिए यहां आते थे और यहां तपस्या कर चुके हैं। भर्तहरि, महाराजा विक्रमादित्य के भाई माने जाते है। हालंकि देवास स्थित टेकरी पर स्थित मां तुलजा और मां चामुंडा मंदिर की प्राचीनता का कोई प्रमाण नहीं है, लेकिन मान्यता है कि मंदिर अनादिकाल से है। लोक मान्यता है कि देवी मां के दोनों स्वरूप जागृत अवस्था में हैं। बड़ी मां तुलजा भवानी और छोटी मां चामुंडा देवी बहनें हैं।

एक किंवदंती के अनुसार ऐसा माना जाता है कि एक बार दोनों माताओं में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्साई दोनों माता टेकरी छोड़कर जाने लगीं। बड़ी मां पाताल में और छोटी मां टेकरी ने नीचे उतरने लगीं। माताओं को जाता देख उन्हें मनाने के लिए बजरंगबली और भेरूबाबा उनके पीछे चल दिए। जब हनुमानजी उनके पास पहुंचे तो उनका रौद्र रूप देख एक पल के लिए वे भी सहम गए। विनती के बाद दोनों माताएं मान गईं, लेकिन जब तक बड़ी मां का गुस्सा शांत होता उनका आधा धड़ पाताल में समा चुका था। वहीं छोटी माता टेकरी से काफी नीचे उतर आईं थीं, इस कारण बड़ी मां और छोटी मां उसी रूप में टेकरी पर विराजमान हैं। यहां चैत्र और शारदीय नवरात्री में तो भक्तों की भीड़ रहती ही है वही अन्य सामान्य दिनों में भी माता रानी के भक्तों का तांता यहां दर्शनों के लिए लगा रहता है। प्रसिद्ध देवास टेकरी माता मंदिर पर प्रात:काल से ही मां तुलजा देवी और मां चामुंडा भवानी के दर्शनों के लिए भक्तों की कतार लग जाती है। ऐसी मान्यता है कि माताओं की दोनों मूर्तियां स्वयंभू हैं और जागृत स्वरूप में हैं। साल में चैत्र और शारदीय नवरात्रि में देशभर से लाखों श्रद्धालु माता टेकरी पर आकर मां के दरबार में शीश नवाते हैं। सच्चे मन से मांगी गई मुरादें मां के दरबार में प्राचीन समय से पूरी होती आई हैं।

देवास स्थित मां तुलजा और चामुंड़ा माता की टेकरी पर मां के दर्शन के लिए बाहर से आने वाले भक्तों के लिए यहां का निकटतम हवाई अड्डा मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर में स्थित है। यह शहर राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा-मुंबई से जुड़ा हुआ है। यह मार्ग माता की टेकरी के नीचे से ही गुजरता है। इसके निकटतम बड़ा शहर इंदौर है, जो यहां से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इंदौर से आप बस या टैक्सी लेकर देवास जा सकते हैं। साथ ही यहां से प्राचीन और पौराणिक नगर तथा बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन भी 50 किलोमीटर की परिधि में है।

# अपने मन को साधें

**जितना** अधिक हम अनुत्पादक होने से भयभीत होते हैं और उतनी ही तेजी से हम एक ही राह पर निरंतर चलते जाने से डरते हैं, हम अक्सर खुद को पसीने के पूल में पाते हैं, इस पर विचार करते हुए कि किसी संभावित ढंग से इसे मोड़ने हेतु असलियत में दूसरे किसी तरीके से काम करते हुए, हमारे नकारात्मक विचारों के क्या परिणाम हो सकते हैं। हालांकि इसके कुछ खास आंतरिक अनुकूलन पहलू हैं, मगर बाहरी वातावरण का भी इस ढंग से हमारे दिमाग की बनावट पर गहरा और लंबे समय तक प्रभाव रहता है। सबसे पहले, महामारी से प्रेरित अनिश्चितता ने कार्य-जीवन की संतुलन रेखाओं के धुंधला होने के साथ गंभीर निहितार्थ प्रकट किए हैं। अप्रत्याशित भविष्य, संभावित बेरोजगारी, वायरस के कारण संभावित बीमारी, आर्थिक संकट और व्यक्तिगत रूप से हम पर इसका प्रभाव, महामारी के बीच पकड़े जाने के दौरान कई अन्य विचार हमारे दिमाग पर छाए रहे।

हालांकि, बाहरी प्रभाव यानी महामारी ने हमारे दिमाग को रचनात्मक रूप से सोचने से रोक दिया है, मगर सहज रूप से, शिथिलता एक सदियों पुरानी नमी है जो समय पर अपने लक्ष्यों तक पहुंचने की हमारी क्षमता को बाधित करती है। जैसा कि विफलताओं के बाहरी और आंतरिक दोनों विचार अंकुरित होते रहते हैं, ऐसे में जब असफलताओं की संभावनाओं के साथ एक गहरी सोच की तुलना में अधिक लक्ष्योन्मुख रहने के लिए



अपने दिमाग को साधित करने की बात आती है, हम निश्चित रूप से अपने हाथों में लगाम ले सकते हैं।

हम संभावित रूप से प्रतिक्रिया करते हैं और परिणाम का अनुमान करते हैं जिसके आधार पर हम एक संभावित परिणाम के रूप में कल्पना करते हैं और यहीं पर हम किसी भी भ्रामक विचार को सबसे पहले अपने दिमाग में पनपने से रोक सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विफलताओं को परे रखने के लिए, परिवार, कार्यस्थल, बाहरी समाज और सबसे महत्वपूर्ण स्वयं अपने साथ समर्पित महसूस करने के लिए व्यक्ति बुद्धिमान दृश्य परिकल्पना तकनीकों में लिप्त हो सकता है। लक्ष्य-उन्मुख बने रहने का मतलब किसी निश्चित समय सीमा में चीजों को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समय-सीमा के भीतर लक्ष्य को कुशलता से प्राप्त करने के अनेक तरीकों का पता लगाना है। यह हमें रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करता है, विभिन्न मार्गों को देखते हुए कि कैसे उत्कृष्टता प्राप्त करें, चाहे वह घर पर एक दैनिक काम हो या कार्यस्थल का कार्य जिसमें आप आज तक परेशान का सामना कर रहे थे।

**समृद्ध सेठ का कहना है कि यह हमारे ऊपर है कि हम किस प्रकार अपनी सकारात्मक प्रक्रियाओं को बढ़ाएं और छलांग लगाकर उसके इर्द-गिर्द काम करना आरंभ करें......**

अपनी स्मृति संरचना को पुनः संगठित करने की कुंजी परिणाम के विचार को त्याग रही है। वर्तमान में रहें, आप जो गतिविधि कर रहे हैं उसके लिए सबसे अच्छा करें और कार्रवाई को परिणाम प्रस्तुत करने दें। यह शालीनता के लिए कोई जगह नहीं छोड़ता। यदि कोई इस बात की चिंता करता है कि जो चीजें वे कर रहे हैं, उसके साथ क्या होगा, तो वे कभी भी संभावित रूप से उस अधिकतम क्षमता तक नहीं पहुंच पाएंगे जो वे संभवतः पा सकते थे। दूसरा, एक कल्पना महल बनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह एक यादगार इमारत है। यह उनके घर या विषय से जुड़ी इमारत हो सकती है। इस स्थान पर प्रत्येक कमरे या क्षेत्र की कल्पना करें, जिस पर वे काम कर रहे हैं। अपने विचारों को एक विशेष तरीके से अलग अलग विभागों में करने से हमें स्पष्ट सोच के माध्यम से ठोस समाधान तक पहुंचने में मदद मिलती है, न कि अनावश्यक विचार जो हमारे दिमाग को अनावश्यक रूप से संशयग्रस्त बनाते हैं। यह धीरे-धीरे भीतर से किसी भी भावनात्मक और मानसिक थकान को कम कर देता है और हमें यह सोचने के बजाय हल्का और अधिक समस्या-समाधान करने का एहसास कराता है कि हमारा जीवन कितना गड़बड़ है।

अनिश्चितता हमारी पिछली असफलताओं से उपजी है। विफलताएं हर समय होती रहती हैं, लेकिन हमेशा विफलताओं के बीच सफलता की एक लकीर भी रहती है। वास्तविक अर्थों में, विफलताएं हमेशा छिपी हुई एक सीख हैं। यह केवल हम पर निर्भर है कि हम अपनी सकारात्मक विचार प्रक्रियाओं को कैसे निर्धारित करें और संभावित विफलताओं के बारे में विचार करने के बजाए खुद को डुबो कर उसी के आसपास काम करना शुरू करें। यही है जीने का तरीका!

**- लेखक पास्ट इवेलर्स नामक किताब के लेखक हैं**

# टी-20 विश्वकप : भारतीय टीम में अक्षर की जगह शारदुल ठाकुर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संयुक्त** अरब अमीरात और ओमान में 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में बुधवार को अक्षर पटेल की जगह तेज गेंदबाज आल राउंडर शारदुल ठाकुर को शामिल किया गया। ठाकुर (29 वर्ष) ने यूएई में खेली जा रही इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 18 विकेट चटकाकर प्रभावित किया है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने टीम प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद शारदुल ठाकुर को मुख्य टीम में शामिल किया है। हरफनमौला अक्षर पटेल 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे लेकिन अब वह स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में जुड़ जाएंगे।

मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज आल राउंडर हार्दिक पंड्या फिटनेस मुद्दों के कारण आइपीएल के दौरान गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो चयनकर्ता उनके लिए एक कवर चाहते थे। चयन समिति के करीबी एक सूत्र ने एजेंसी से कहा, चयनकर्ताओं को महसूस हुआ कि उनके पास एक तेज गेंदबाज की कमी थी और फिर हार्दिक पंड्या भी गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो उन्हें मुख्य टीम में एक आल राउंडर की जरूरत थी। सूत्र ने कहा, अक्षर स्टैंड-बाय के तौर पर बने रहेंगे और अगर रविंद्र जडेजा चोटिल हो जाते हैं, तो वह फिर से मुख्य टीम में शामिल हो जाएंगे। जब तक जड्डू खेलते हैं तो अक्षर की जरूरत नहीं होगी। एजेंसी ने पहले बताया था कि चयनकर्ताओं ने हर्षल पटेल को भी भारतीय टीम के नेट गेंदबाजों में शामिल किया है। बयान के अनुसार, ये क्रिकेटर दुबई में टीम के बायो-बबल से जुड़ेंगे और तैयारियों में टीम इंडिया की मदद करेंगे : आवेश खान, उमरान मलिक, हर्षल पटेल, लुकमान मेरीवाला, वेंकटेश अय्यर, कर्ण शर्मा, शाहबाज अहमद और के गौतम। भारतीय टीम 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### टीम-20 विश्वकप टीम

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उप कप्तान), केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, शारदुल ठाकुर, वरूण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी।

**स्टैंड-बाय खिलाड़ी :** श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और अक्षर पटेल।

## टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की पोशाक जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम की आगामी टी-20 विश्वकप के लिए पोशाक बुधवार को जारी की गई और इस बिलियन चीयर्स पोशाक के बारे में दावा किया गया है कि यह प्रशंसकों से प्रेरित है। भारतीय टीम 17 अक्टूबर से 14 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टी-20 विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से करेगी। भारतीय पुरुष, महिला और अंडर-19 टीमों की आधिकारिक किट प्रायोजक एमपीएल स्पोर्ट्स द्वारा इस नई पोशाक को जारी किया गया जिसे बिलियन चीयर्स पोशाक कहा जा रहा है, जो टीम के प्रशंसकों की प्रेरणा से बनाई गई है।

एमपीएल स्पोर्ट्स की विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार है जब प्रशंसकों की भावनाओं को पोशाक पर दर्शाया गया है जिसे एक विशिष्ट ध्वनि तरंग के पैटर्न से दिखाया गया है। पोशाक में गाढ़े नीले रंग के दो शेड हैं। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रशंसक मौजूद हैं और उनके उत्साह और ऊर्जा का जश्न मनाने के लिए पोशाक पर इसे दिखाने से बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि इससे टीम को टी-20 चैंपियन बनने की राह में जरूरी समर्थन मिलेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी इसका समर्थन करते हुए कहा, पोशाक के पीछे प्रत्येक भारतीय क्रिकेट प्रशंसक की कहानी है। हमें पूरा भरोसा है कि इस पोशाक को पहनना टीम और समर्थकों के लिए गर्व की बात होगी। यह पोशाक 1,799 रुपये में स्टोर में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही इसके 10 स्वरूप भी लांच किए गए हैं।

# कोलकाता को फाइनल में पहुंचने के लिए 136 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी।** शारजाह




बुधवार को आईपीएल का दूसरा क्वालीफायर मैच दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच खेला गया। मैच की शुरुआत केकेआर के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के साथ हुई। दिल्ली ने पहले खेलते हुए 20 ओवर के खेल पांच विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए।

टॉस गंवाकर पहले खेलते हुए दिल्ली की शुरुआत खराब रही। 5वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने पृथ्वी शॉ (18) को आउट कर केकेआर को पहली सफलता दिलाई। लंबे समय बाद प्लेइंग इलेवन में वापसी करने वाले मार्कस स्टोइनिस (18) शिवम मावी की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। नजरें जमा चुके शिखर धवन (36) की विकेट भी चक्रवर्ती के खाते में आई। कप्तान पंत (6) की विकेट लॉकी फर्ग्यूस ने चटकाई, जबकि शिमरोन हेटमायर (17) रन आउट हुए। दिल्ली ने 20 ओवर के खेल पांच विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। दिल्ली की पारी के 17वें ओवर के दौरान वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर शिमरोन हेटमायर कैच आउट हुए। हेटमायर को आउट देने के बाद अंपायर ने नो-बॉल चेक करने के लिए रिव्यू लिया और उसमें चक्रवर्ती का पैर लाइन के बाहर होने के चलते शिमरोन हेटमायर (3) के स्कोर पर बड़ा जीवनदान मिला। इस मैच की विजेता टीम 15 अक्टूबर को होने वाले फाइनल मुकाबले में चेन्नई से भिड़ेगी।

# नारायण को विंडीज टीम में नहीं लिया जाएगा: पोलार्ड

**एजेंसी।** शारजाह



**वेस्टइंडीज** के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद स्पिनर सुनील नारायण को टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई टीम में नहीं लिया जाएगा। 33 वर्षीय नारायण ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ चार विकेट लेने के अलावा बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाया। यूएई चरण में उन्होंने आठ मैचों में 11 विकेट लिए हैं, लेकिन उन्होंने अगस्त 2019 से अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज ने उन्हें विश्वकप के लिए टीम में नहीं रखा। टीम में बदलाव करने की आईसीसी की समयसीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही है।

पोलार्ड ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, अगर मैं टीम में उसको शामिल नहीं करने के कारणों पर बात करता हूं तो इसे तोड़ मरोड़कर पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा, बेहतर है कि हम उन 15 खिलाड़ियों पर ध्यान दें, जो अभी हमारे पास है। यह हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। हमें इस पर काम करना होगा कि क्या हम इन खिलाड़ियों के साथ अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं। पोलार्ड ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। इस पर काफी कुछ कहा जा चुका है। मुझे लगता है कि उसको टीम में शामिल नहीं करने के कारण तभी बता दिए गए थे। व्यक्तिगत तौर पर मैं सुनील नारायण को एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर से पहले अच्छा दोस्त मानता हूं। हम साथ में खेलते हुए बड़े हुए। वह विश्वस्तरीय क्रिकेटर है। पोलार्ड हालांकि आंद्रे रसेल को अपनी टीम में चाहते हैं जो चोटिल होने के कारण 26 सितंबर से आईपीएल का कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने कहा, हमें उसे देखने का मौका नहीं मिला है। हमें रिपोर्ट मिली है कि वह क्या कर रहा है। मैं अभी यह नहीं कह सकता कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। वह हमारी टीम का महत्वपूर्ण सदस्य है और हम उसे शत प्रतिशत फिट देखना चाहते हैं, लेकिन हमारे सामने जैसी भी परिस्थितियां होगी हमें उनके अनुसार खेलना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एआईएफएफ ने अंडर-23 एएफसी क्वालीफायर के लिए 28 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अगले साल होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप के लिए राष्ट्रीय टीम के क्वालीफाईंग अभियान के मद्देनजर बुधवार को 28 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की जिसमें धीरज सिंग मोइरांगथेम और अनीकेत जाधव भी शामिल हैं। भारत को क्वालीफायर में ग्रुप ई में ओमान, किर्गिज गणराज्य और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है जिसमें मैच यूएई के फुजाइराज स्टेडियम में 25 से 31 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। एएफसी अंडर-23 एशियाई कप उज्बेकिस्तान में खेला जाएगा। भारतीय अंडर-23 खिलाड़ी 17 अक्टूबर को बेंगलुरू में एकत्रित होंगे और अपने मैचों के लिए 20 अक्टूबर को यूएई के लिए रवाना होंगे। गोलकीपर धीरज और फारवर्ड अनीकेत 2017 में घरेलू सरजमीं पर हुए अंडर-17 विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारतीय टीम 25 अक्टूबर को ओमान से, 28 अक्टूबर को यूएई से और 31 अक्टूबर को किर्गिज गणराज्य से भिड़ेगी।

**संभावित खिलाड़ी: गोलकीपर :** धीरज सिंह मोइरांगथेम, प्रभुसुखन सिंह गिल, प्रतीक कुमार सिंह और मोहम्मद नवाज। **डिफेंडर :** नरेंदर गहलोत, बिकाश युमनाम, एलेक्स साजी, होरमिपाम युइवाह, हालेन नोंगट्डू, आशीष राय, सुमित राठी, आकाश मिश्रा, साहिल पंवार। **मिडफील्डर :** एसके साहिल, सुरेश सिंह, अमरजीत सिंह, लालरेंगमाविया, जैकसन सिंह, दीपक टांगरी, राहुल केपी, कोमल थाटल, निखिल राज, ब्राइस मिरांडा, प्रिंसटन रेबेलो। **फारवर्ड :** विक्रम प्रताप सिंह, रहीम अली, रोहित दानू, अनीकेत जाधव।

### फर्राटा धाविका हिमा दास कोरोना संक्रमित



**नई दिल्ली।** चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली फर्राटा धाविका हिमा दास ने बुधवार को खुलासा किया कि कोविड-19 के लिए किया गया उनका परीक्षण पॉजिटिव आया है लेकिन वह अच्छी स्थिति में हैं। 21 वर्षीय हिमा हाल में पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में राष्ट्रीय शिविर से जुड़ी थी। हिमा ने ट्वीट किया, मैं सभी को सूचित करना चाहती हूं कि मुझे कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है। पृथकवास पर अभी मेरी स्थिति स्थिर है। मैं इस समय का उपयोग पूरी तरह से फिट होने पहले की तुलना में अधिक मजबूती से वापसी के लिए करना चाहती हूं। उन्होंने कहा, सभी को याद दिलाना चाहती हूं कि सुरक्षित रहें और मॉस्क पहनें। हिमा 200 मीटर में टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी।

### सेनेगल और मोरक्को विश्वकप प्लेऑफ में

**केपटाउन।** फामारा डीडियो की हैट्रिक से सेनेगल ने नामीबिया को 3-1 से हराकर अफ्रीका से विश्ववकप फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के अंतिम चरण में जगह बना ली है। इसके छह घंटे बाद मोरक्को भी अफ्रीका से प्लेऑफ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई। उसने गिनी को 4-1 से हराया। अयूब अल काबी ने मोरक्को की तरफ से पहला गोल किया जो उनका तीन मैचों में चौथा गोल है। दक्षिण अफ्रीका के ओरलैंडो स्टेडियम में सैडियो माने ने डीडियो को पहला और तीसरा गोल करने में मदद की। ए सेनेगल की चार मैचों में चौथी जीत है जिससे उसने ग्रुप एच में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। प्लेऑफ मार्च में खेले जाएंगे जिससे कतर में होने वाले विश्वकप में भाग लेने वाली पांच अफ्रीकी टीमों का निर्धारण होगा। जोहानिसबर्ग में खेले गए एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने इथोपिया को 1-0 से हराया। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप जी में घाना से एक अंक पीछे है जिसने जिम्बाब्वे को 1-0 से पराजित किया।

### इंडियन वेल्स में उलटफेर का दौर, स्वियातेक बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** इगा स्वियातेक सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ी मंगलवार को यहां उलटफेर का शिकार बनकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक को 24वें नंबर की एलेना ओस्टापेंको ने 6-4, 6-3 से हराया। इससे एक दिन पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा को बीट्रिज हद्दाद माइया ने 6-3, 7-5 से पराजित किया था। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पांचवीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-1 से पराजित करके पहली बार इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन की उप विजेता लीलाह फर्नांडिस को शेल्बी रोजर्स ने 2-6, 6-1, 7-6 से हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पांचवी वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी को 6-4, 6-3 से जबकि कारेन खाचनोव ने 12वें वरीय पाब्लो कारेना बस्टा को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त कास्पर रूड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद लॉयड हैरिस पर 6-7, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की जबकि यानिक सिनर को अमेरिका जॉन इसनर के हटने से वॉकओवर मिला।

# न्यूजीलैंड के स्पिनरों को गुर सिखा रहे हैं तेज गेंदबाज शेन बांड

**एजेंसी।** दुबई



**यह** सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लगे लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड को टी-20 विश्वकप के दौरान विशेष तौर पर राष्ट्रीय टीम के स्पिनरों के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है। बांड चौथे कोच के रूप में टीम के साथ रहेंगे। वह टीम के स्पिनरों के साथ काम करते हुए गेंदबाजी कोच शेन जर्गेनसेन की मदद करेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, वह विशेष तौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ काम कर रहे हैं। जब आप गेंदबाजों की बड़ी संख्या देखते हो तो यह अच्छा है। इससे शेन (जर्गेनसेन) को मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, वह विशेष रूप से स्पिनरों के साथ काम कर रहे हैं और रणनीति तय कर रहे हैं। मुंबई (इंडियंस) के (इंडियन प्रीमियर लीग से) बाहर होने के बाद बांड टीम से जुड़ गए हैं। बांड मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच भी हैं। स्टीड को विश्वास है कि उनकी टीम के मुख्य बल्लेबाज केन विलियमसन पाकिस्तान के खिलाफ 26 अक्टूबर को होने वाले टीम के पहले मैच से पूर्व फिट हो जाएंगे। पिछले सप्ताह आईपीएल मैच के दौरान विलियमसन की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। विलियमसन सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से आखिरी लीग मैच नहीं खेल पाए थे, लेकिन स्टीड ने कहा कि उनकी चोट चिंताजनक नहीं है। उन्होंने कहा, केन फिट है। उनकी मांसपेशियों में हल्का खिंचाव है, लेकिन अब वह अच्छा महसूस कर रहा है। उनकी टीम (सनराइजर्स हैदराबाद) भी प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी थी और मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि उनके नहीं खेलने का एक कारण यह भी रहा होगा। विलियमसन आईपीएल के बाद न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ गए हैं। आईपीएल से जो अन्य खिलाड़ी टीम से जुड़े हैं उनमें जेम्स नीशम और एडम मिल्ने भी शामिल हैं।

# टी-20 विश्वकप में नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन कर सकता है इंग्लैंड: जॉर्डन

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन ने कहा कि उनके साथी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्वकप के अपने शुरुआती मैच में एक घुटने के बल बैठकर नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि वह 23 अक्टूबर को होने वाले इस मैच में एक घुटने के बल पर बैठेगी जिसे नस्ल विरोधी अभियान के समर्थन का संकेत माना जाता है। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने आखिरी बार अगस्त 2020 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच के दौरान ऐसा किया था लेकिन आगे ऐसा नहीं करने के उनके फैसले का वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग ने आलोचना की थी।

जॉर्डन ने कहा कि वे इस महीने शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान फिर से एक घुटने के बल बैठने पर विचार कर रहे हैं। जॉर्डन ने द टेलीग्राफ से कहा, हम इस पर चर्चा करेंगे और अगर सभी इसके बारे में दृढ़ता से सोचते हैं, तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। दूसरी तरफ, अगर हम ऐसा नहीं सोचते हैं, तो हम नहीं करेंगे। वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान कीरोन पोलार्ड ने पुष्टि की कि उनकी टीम प्रत्येक मैच की शुरुआत में एक घुटने के बल पर बैठेगी।

# भारत 2010 के बाद पहली बार थामस कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी। आरहस (डेनमार्क)।**



**भारतीय** पुरुष बैडमिंटन टीम ने ताहिती को 5-0 से करारी शिकस्त देकर 2010 के बाद पहली बार थामस कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने दूसरे मुकाबले में 5-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले उसने रविवार को नीदरलैंड को इसी अंतर से हराया था। ताहिती पर जीत से भारत का ग्रुप सी में शीर्ष दो में स्थान पक्का हो गया। उसका अगला मुकाबला चीन से होगा।

बी साई प्रणीत ने शुरुआती एकल में लुइस ब्यूबोइस पर केवल 23 मिनट में 21-5, 21-6 से जीत दर्ज की। इसके बाद समीर वर्मा ने रेमी रॉसी 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। यह मैच 41 मिनट तक चला। किरण जॉर्ज ने तीसरे पुरुष एकल में इलायस मौब्लांक को केवल 15 मिनट में 21-4, 21-2 से करारी शिकस्त देकर भारत को अजेय बढ़त दिलाई। युगल मुकाबलों में कृष्ण प्रसाद और विष्णु वर्धन की जोड़ी ने 21 मिनट में 21-8, 21-7 से जीत हासिल की। जबकि दिन के अंतिम मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मौब्लांक और हीवा यवोनेट को 21-5, 21-3 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने इससे पहले 2010 में थामस कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसे इंडोनेशिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय महिला टीम भी मंगलवार को स्कॉटलैंड को 3-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई थी।

# जापान ने आत्मघाती गोल के दम पर आस्ट्रेलिया का विजेय अभियान रोका

**सियोल।** आस्ट्रेलिया का आत्मघाती गोल जापान के लिए संजीवनी बन गया जिसने अगले साल कतर में होने वाले विश्वकप फुटबॉल में सीधे प्रवेश करने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। आस्ट्रेलिया के डिफेंडर अजीज बेहिच ने मंगलवार को खेले गए मैच में 85वें मिनट में अपने गोल में गेंद मार दी, जिससे जापान 2-1 से जीत दर्ज करने में सफल रहा।

इससे आस्ट्रेलिया का एशियाई विश्वकप क्वालीफाईंग में लगातार 11 मैच जीतने का विजय अभियान भी थम गया। इस जीत के साथ जापान के चार मैचों में छह अंक हो गए हैं। वह ग्रुप बी में सऊदी अरब से छह और आस्ट्रेलिया से तीन अंक पीछे है। प्रत्येक ग्रुप से चोटी की दो टीमें ही विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। सैतामा स्टेडियम में खेले गए मैच में आओ तनाका ने जापान को शुरुआती बढ़त दिलाई। एडिन रस्टिक ने 70वें मिनट में आस्ट्रेलिया की तरफ से बराबरी का गोल किया। जापान लगातार 7वें विश्वकप में जगह बनाने की कवायद में है जबकि आस्ट्रेलिया 2006 से प्रत्येक विश्वकप में खेला है। सऊदी अरब ने जेद्दाह में 5वें स्थान की टीम चीन को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जिससे वह अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

# नई आईपीएल टीमों को खरीदने के लिए निविदा दस्तावेज खरीदने की समय सीमा बढ़ी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के लिए निविदा दस्तावेज खरीदने की समय सीमा 20 अक्टूबर तक 10 दिन के लिए बढ़ा दी है और विश्वस्त सूत्रों के अनुसार दो नई फ्रेंचाइजी में प्रत्येक की कीमत 3500 करोड़ रुपये से कम की नहीं होगी। आईपीएल की संचालन परिषद ने 31 अगस्त को 10 लाख रूपए के निविदा शुल्क (जिसे वापस नहीं किया जाएगा) के भुगतान पर निविदा आमत्रंण (आईटीटी) दस्तावेज जारी किया था। इसे पहले 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था।

बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार, विभिन्न इच्छुक कंपनियों के अनुरोध को देखते हुए आईटीटी दस्तावेज खरीदने की तारीख को और बढ़ाकर अब 20 अक्टूबर 2021 तक करने का फैसला किया गया है। बीसीसीआई की योजना 2022 आईपीएल चरण में दो और टीमों को जोड़ने की है और इनके अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे से होने की उम्मीद है। पता चला है कि बड़े व्यावसायिक घराने जैसे कोटक ग्रुप, ओरोबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मा, आरपी-संजीव गोयंका ग्रुप, बिड़ला ग्रुप और अडानी ग्रुप आईपीएल में टीम खरीदने के इच्छुक हैं, जो फिलहाल अभी आठ टीमों का टूर्नामेंट है। बीसीसीआई कम से कम 7000 करोड़ रुपये की कमाई करने की उम्मीद कर रहा है, हालांकि प्रत्येक टीम का आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपये रखा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तीन दल के समूह को बोली लगाने की अनुमति दी है।

### हंगरी और अल्बानिया के प्रशंसकों के व्यवहार का विश्लेषण कर रहा है फीफा

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने विश्वकप क्वालीफाईंग के दो अलग-अलग मैचों में हंगरी और अल्बानिया के दर्शकों के व्यवहार की निंदा की और कहा कि वह उचित कार्रवाई करने के लिए इन घटनाओं का विश्लेषण कर रहा है। लंदन में वेम्बले स्टेडियम में हंगरी के समर्थक मैच शुरू हाने पर पुलिस से भिड़ गए थे। पुलिस उस दर्शक को स्टेडियम से बाहर करने का प्रयास कर रही थी जिसने एक कर्मचारी के लिए नस्ली टिप्पणी की थी। हंगरी ने इंग्लैंड के खिलाफ यह मैच 1-1 से ड्रा खेला। पोलैंड और अल्बानिया के बीच तिराना में खेला गया मैच दर्शकों के हुड़दंग के कारण 20 मिनट तक रुका रहा। कारोल स्विडेरस्की ने 77वें मिनट में पोलैंड की तरफ से गोल किया जिसके बाद उन पर अल्बानिया के दर्शकों ने बोतल फेंकी।

# रोनाल्डो की हैट्रिक, डेनमार्क ने विश्वकप में बनाई जगह

**एजेंसी।** पेरिस

**पुर्तगाल** के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और हैट्रिक जमाकर अपनी टीम को विश्वकप फुटबॉल क्वालीफायर्स में आसान जीत दिलाई, जबकि डेनमार्क ने एक और जीत से कतर में अगले साल होने वाले टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। यूरोपीय क्वालीफायर्स के मैचों में इंग्लैंड और हंगरी के बीच खेले गए मैच में दर्शकों ने व्यवधान डाला, लेकिन फैरो में खेले गए मैच में रोनाल्डो की चली जिन्होंने क्लब और अपने देश की तरफ से कॅरियर की कुल 58वीं हैट्रिक जमाई। इससे रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या का रिकार्ड 115 पर पहुंच गया है। पुर्तगाल ने उनके करिश्माई प्रदर्शन से इस मैच में लक्समबर्ग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। अपना 182वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोनाल्डो की यह पुर्तगाल की तरफ से 10वीं हैट्रिक है।

रोनाल्डो ने आठवें और 13वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किए और 87वें मिनट में हैट्रिक पूरी की। पुर्तगाल की तरफ से अन्य दो गोल ब्रूनो फर्नांडिस और जोओ पालिन्हा ने किए। इस जीत के बावजूद पुर्तगाल ग्रुप ए में सर्बिया से अंक पीछे है, लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में अजरबेजान को 3-1 से हराया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे स्थान की टीम प्लेऑफ में खेलेगी। इस बीच डेनमार्क यूरोपीय देशों में विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने वाला दूसरा देश बन गया है। उसने कोपेनहेगेन में खेले गए मैच में जोकिम मेहले के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से आस्ट्रिया को 1-0 से हराया।

## इंग्लैंड को हंगरी ने ड्रा पर रोका

डेनमार्क की यह लगातार आठवीं जीत है जिससे उसने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। जर्मनी यूरोप से क्वालीफाई करने वाला पहला देश था। डेनमार्क ने दूसरे नंबर की टीम स्कॉटलैंड पर सात अंक की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। स्कॉटलैंड ने फैरो आइलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहने का अपना दावा मजबूत किया। वह तीसरे स्थान की टीम इजराइल से चार अंक आगे है जिसने मोलदोवा को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के पास भी क्वालीफाई करने का मौका था लेकिन वेम्ब्ले स्टेडियम में खेले गए मैच में हंगरी ने उसे 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। इस मैच के शुरू में पुलिसकर्मियों और हंगरी के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। हंगरी के प्रशंसक नस्लीय टिप्पणियां कर रहे थे। इंग्लैंड ग्रुप आई में शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान की टीम पोलैंड से तीन अंक आगे है। पोलैंड ने एक अन्य मैच में अल्बानिया को 1-0 से पराजित किया। स्वीडन ग्रुप बी में यूनान पर 2-0 की जीत से स्पेन से आगे शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि ग्रुप सी में स्विट्जरलैंड ने लिथुवानिया पर 4-0 की जीत से अपने अंकों की संख्या इटली के बराबर पहुंचा दी है। इटली गोल अंतर में हालांकि आगे है।

